जबलपुर
सोमवार 23 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -5
वर्ष : 20, अंक : 321
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

शहीद दिवस आज



## पंचम:स्कंध माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन सत्र-2 के शेड्यूल में बदलाव



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन सत्र-2 की परीक्षा तारीखों में बदलाव कर दिया है। साथ ही, परीक्षा के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप भी जारी कर दी गई है। अब सत्र-2 की परीक्षाएं 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित होंगी।

### नगर निगम का बजट आज टैक्स में राहत की उम्मीद



**भोपाल।** शहर सरकार का बजट सोमवार को आईएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय में पेश किया जाएगा। महापौर मालती राय वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट परिषद बैठक में प्रस्तुत करेंगी।

## सीएम डॉ. यादव का सख्त एक्शन: इन तीनों की मिली थीं गंभीर शिकायतें

# सीधी कलेक्टर व गुना एसपी नपे और सहकारिता जीएम निलंबित

सीएम ने कहा- मैदानी पोस्टिंग में शिकायतें मिलीं तो अफसरों को वल्लभ भवन बैठा देंगे

*मुख्यमंत्री ने मौके की समीक्षा और फीडबैक के आधार पर यह स्पष्ट कर दिया कि गरीबों के अधिकारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी*



हितिका वसल



विकास मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कुछ नौकरशाहों की बड़े पैमाने पर लापरवाही, सीधे कानून को हाथ में लेने, प्रशासनिक गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बड़ा और सख्त एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीधी जिले के कलेक्टर, गुना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को हटा दिया गया, जबकि सहकारिता जीएम को निलंबित कर दिया गया है। तीनों के मामले अलग- अलग जिलों से जुड़े हैं। इन सभी मामलों में मुख्यमंत्री ने खासी नाराजगी जताई है। सीधी जिले के कलेक्टर स्वरोचित सोमवंशी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई रविवार को अचानक मुख्यमंत्री के सीधी दौरे के दौरान मिली शिकायतों, गंभीर किस्म की लापरवाही और प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा के बाद की गई।

### क्यों हटाए गए?

1. **स्वरोचित सोमवंशी, सीधी कलेक्टर :** पीएम आवास की जमीन पर डीजे परिसर के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की, एक गरीब परिवार का मकान बुलडोजर से ढहाया
2. **अंकित सोनी, एसपी गुना:** गुना में हवाला की रकम का मामला
3. **पीएस धनवाल, महाप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक:** 110 करोड़ के घोटाले का मामला

### इनकी जगह कौन?

- ▶▶ अब सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा
- ▶▶ अब गुना एसपी हितिका वसल



सीएम डॉ. यादव सीधी में आम लोगों से फीडबैक लेते हुए

### खरगोन की तरह गुना में गड़बड़ी

इसके अलावा, सहकारिता विभाग में भी कार्रवाई करते हुए जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक पीएस धनवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कदम वित्तीय अनियमितताओं और शिकायतों के मद्देनजर उठाया गया है।

### अचानक पहुंचे थे सीधी सीएम

मुख्यमंत्री ने मौके की समीक्षा और फीडबैक के आधार पर यह स्पष्ट कर दिया कि गरीबों के अधिकारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। दरअसल, सीधी आने का सीएम का कोई कार्यक्रम नहीं था, वे रीवा से होते हुए मिर्जापुर किसी कार्यक्रम में गए हुए थे, वहां से लौटने के बाद लेकिन स्थानीय लोगों व विधायक, सांसद ने उक्त मामले को लेकर सीएम से गुहार लगाई थी। जिसके बाद सीएम सीधी में सुनवाई करने के लिए अचानक पहुंचे। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

### पुलिस अधीक्षक सोनी की भूमिका भी संदिग्ध

गुना जिले में हवाला से जुड़े एक गंभीर मामले में भी एसपी पर कार्रवाई की गई है। करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए की नकद राशि जब्त किए जाने के बाद कथित रूप से गुजरात के व्यापारी को लौटा दी गई थी। इस पूरे मामले में पहले ही संबंधित थाना प्रभारी और 3 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी थी। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई। इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। जबकि नियम है कि 10 लाख से ऊपर की राशि जब्त करने पर इनकम टैक्स को सूचना होती है।

## ईरान ने युद्ध समाप्ति के लिए नई शर्तों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा

# ईरान भी दो कदम पीछे आया युद्ध समाप्ति के लिए रखी शर्त गारंटी दें कि हमले नहीं होंगे



डोनाल्ड ट्रंप

*अब युद्ध तेल ठिकानों के बाद परमाणु ठिकानों पर हमले में बदल गया है। हालांकि, ईरान-इजराइल के मिसाइल अटैक किसी भी परमाणु केंद्र पर नहीं हुए, उनसे कुछ किमी दूर हुए हैं पर आशंका गहरा गई है कि यदि परमाणु ठिकानों पर मिसाइल पहुंचती है तो रेडिएशन से दुनिया कराह उठेगी*

- ▶▶ डोनाल्ड ट्रंप ने भी संकेत दिया था कि युद्ध पर हो सकती है बातचीत
- ▶▶ ट्रंप ने तेहरान को होर्मुज पूरी तरह से खोलने के लिए 48 घंटे की समय सीमा दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने पश्चिम एशिया में बिना किसी विदेशी दखल के शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के देशों को मिलाकर एक सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही उन्होंने चल रहे युद्ध को खत्म करने की शर्तें दोहराईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोन कॉल में यह बात कही, जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों के साथ-साथ ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हुए नए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेश्कियन ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए ईरान की पहली शर्त अमेरिका और इजराइल के हमलों को तुरंत रोकना और यह गारंटी देना है कि भविष्य में ऐसे हमले दोबारा नहीं होंगे।

- **ट्रंप ने दावा किया था कि युद्ध का मकसद ईरान को न्यूक्लियर हथियार बनाने से रोकना है**
- **ईरान ने कहा कि पूर्व नेता खामेनेई परमाणु हथियार बनाने के सख्त खिलाफ थे**

### अमेरिका से एलपीजी सिलेंडर और रूस से पेट्रोल डीजल लेकर पहुंचा जहाज

रूस से कच्चे तेल से लदा 'एक्वा टाइटन' और अमेरिका से एलपीजी लेकर निकला जहाज 'पिक्सिस पायोनियर' रविवार सुबह कर्नाटक के मंगलुरु बंदरगाह पहुंच गया। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी।

## पीएम मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बने, चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ा

यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

देखा जाए तो यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी है। पीएम मोदी अब तक कुल 8931 दिन सरकार के मुखिया (हेड ऑफ गवर्नमेंट) के रूप में काम कर चुके हैं। चामलिंग 8930 दिन तक सिक्किम में सरकार के प्रमुख रहे थे। पीएम मोदी के लिए यह पूरी उपलब्धि सिर्फ किसी एक सरकार का नेतृत्व करते हुए नहीं आई है। बल्कि उनकी इस उपलब्धि में 15 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड और अब लगातार करीब 12 साल से प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड शामिल है।

### चामलिंग के नाम सबसे लंबे वक्त तक सीएम रहने का रिकॉर्ड

- पवन कुमार चामलिंग (सिक्किम, 24 वर्ष 165 दिन)
- नवीन पटनायक (ओडिशा, 24 वर्ष 99 दिन)
- मोदी (गुजरात, 12 वर्ष, 227 दिन)

### 3 लाख कर्मचारियों को टाइम पर मिलेगा मानदेय

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में दो बड़े फैसले लिए हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं (सीएसएस) के कर्मचारियों के वेतन संकट को दूर करने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। जबकि रिटायर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों से होने वाली अवैध रिकवरी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत कार्यरत 3 लाख से अधिक मानदेय कर्मियों और संविदा कर्मचारियों को अब वेतन के लिए महीनों इंतजार नहीं करना होगा। राज्य सरकार ने विशेष परिस्थितियों में राष्ट्रीयकृत बैंकों में दोबारा होल्डिंग खाते खोलने की अनुमति दे दी है।

## मंडला में बिना बैरिकेडिंग पुलिया पर हादसा

# जर्जर पुल से नीचे गिरी बाइक, एक नाबालिग समेत चार की दर्दनाक मौत

सीमेंट पाइप से टकराने से तोड़ा दम, लापरवाही का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में चार बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। हादसा भैंसवाही और टिकराटोला के बीच एक जर्जर पुलिया से गिरने के कारण हुआ। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को लहूलुहान अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह पुलिया पिछली बरसात में टूट गई थी।



दुर्घटना स्थल पर पुलिस जांच करती हुई

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बोलेरो को मारी टक्कर, प्रधान आरक्षक गंभीर घायल

**मुरैना।** यहां रेत माफिया ने एक बार फिर पुलिस पर हमला बोला है। दिमनी क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन रोकने पहुंची पुलिस टीम पर माफिया ने सीधा हमला बोल दिया। बरेथा के चक्रपान का पुरा के पास घेराबंदी देख ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाने के बजाए स्पीडबढ़ाई और पुलिस की बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी।

## अगले तीन से चार दिन तीखी पसीने वाली गर्मी से राहत

# धूप और नमी में कमी से एक दिन में 4 डिग्री तक उछला पारा.. हवाओं से तीखी गर्मी नहीं

भोपाल में अधिकतम तापमान 3.6 डिग्री बढ़कर 33 डिग्री रहा यह नॉर्मल से 2.5 डिग्री कम

**भोपाल।** प्रदेशभर में रविवार को सूर्यदेव के तेवर तीखे रहने और तापमान में तेजी से बढ़त के बाद भी तीखी गर्मी का अहसास नहीं रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर में हुई बर्फबारी से प्रदेश में अभी गर्मी का अहसास कम रहेगा। शाम की हवाओं में नमी की कमी से धूप खिलने के साथ पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ा, इसके बावजूद तीखी गर्मी नहीं रही है। दिन और रात का पारा अभी सामान्य से औसतन 3 से 4 डिग्री तक कम होने से अभी गर्मी असर करेगी। साथ ही अगले तीन से चार दिन में भी पारा धीरे-धीरे बढ़ेगा, जिससे भीषण गर्मी से राहत रहेगी।



**खंडवा में बादल-हवाओं से 4 डिग्री की गिरावट के साथ सामान्य से 6.6 डिग्री कम**

### शहर में गर्मी का रिकॉर्ड अभी दूर

इस महीने की गर्मी के 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च वर्ष 2016 से 2025 के बीच सबसे अधिक दिन का तापमान 41.0 डिग्री 30 मार्च 2021 को रहा है। यह आंकड़ा अभी काफी दूर है। इस महीने पहले तीन सप्ताह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक भी नहीं पहुंचा है। इससे पूरी उम्मीद है कि इस मार्च में दिन में गर्मी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाएगी।



# सीमा पार से बुना गया बाबा चंद्रशेखर की मौत का ताना-बाना, उठे सवाल

## मथुरा में बाबा की हत्या पर आक्रोश बढ़ा

एजेंसी ▶▶ मथुरा

ईद पर तड़के गो तस्करों की तलाश में निकले गो भक्त बाबा की मौत के बाद बवाल नहीं होता, लेकिन राजनीति और सीमा पार से आए कुछ लोगों ने बवाल को बढ़ाने में हवा दी। जांच में सामने आया है कि हरियाणा और अलवर के कुछ लोग घटनास्थल पर लोगों को उकसाया। अधिकारियों के समझाने पर लोग समर्थक जाम खोलने पर सहमत हो गए थे, लेकिन चंद स्थानीय लोगों ने राजनीति चमकाने के लिए लोगों को उकसा कर जाम नहीं खुलने दिया। जांच में सामने आया है कि इसी दरमियान अलवर और हरियाणा से कथित गोसेवक वहां पहुंच गए थे।

### सख्त कार्रवाई करेगी पुलिस

उन्होंने पुलिस को लाठियां फटकराने का आदेश दिया तब पुलिसकर्मियों ने हंगामा करने वालों को खदेड़ा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का कहना है कि कोसी में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। हादसा खराब मौसम और कोहरे के कारण हुआ। कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जांच के बाद ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जांच में खुलासा: मामले को हवा देने में लगे थे बाहरी



### हाईवे किनारे लावारिस मिलीं कई बाइकें

बाबा की मृत्यु के बाद उपजे जनाक्रोश ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प और पथराव के बाद पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें हाईवे किनारे लावारिस हालत में मिलीं बाइकों को जब्त कर लिया। वाहनों को छाता कोतवाली परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस अब इन वाहनों के नंबरों के आधार पर उनके मालिकों की पहचान कर रही है।

### दो प्राथमिकी होंगी दर्ज शिनाख्त शुरू

बवाल के मामले में देर रात तक पुलिस उन प्रदर्शनकारियों को चिह्नित किया, जिन्होंने पुलिस पर पथराव किया। बाबा की सड़क हादसे में मौत की प्राथमिकी ट्रक चालक के विरुद्ध दर्ज की जाएगी। दूसरी प्राथमिकी हाईवे पर बवाल करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से दर्ज करेगी। इसके लिए पुलिस हंगामे के दौरान पथराव व गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वालों को चिह्नित कर रही है।

### 24 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

हंगामे और पथराव के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपना लिया है। घेराबंदी के आधार पर पत्थरबाजी में शामिल कई लोगों को चिह्नित कर हिरासत में ले लिया है। गोसेवक दक्ष चौधरी समेत 24लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरकारी कार्य में बाधा डालने और अफवाह फैलाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सभी को थाने लेकर पहुंचे। एसएसपी श्लोक कुमार ने लोगों ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाली पोस्ट शेयर न करें।

## फरसा वाले बाबा के हत्यारों को बीच चौराहे फांसी दी जाए: बागेश्वर बाबा

**छतरपुर।** फरसा वाले बाबा उर्फ चंद्रशेखर की कुचलकर हत्या के मामले ने अब सियासी और धार्मिक मोड़ ले लिया है।



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दोषियों को फांसी देने की मांग की है। महाराज ने मंच से स्पष्ट किया कि सनातन के लिए आवाज उठाने वालों को दबाने की कोशिश हो रही है।

### प्रशासन सो रहा..., सनातन को खत्म किया जा रहा: देवकीनंदन



प्रखर आध्यात्मिक गुरू और कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने इस वारदात पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे 'साजिश' करार दिया। प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं। सनातन को खत्म किया जा रहा। पुलिस और खुफिया तंत्र को इस तरह की खबर क्यों नहीं मिलती।

## खबर संक्षेप

### 19 राज्यों में आंधी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में आने वाले दिनों में गरज-चमक के साथ



बारिश, बिजली गिरने, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए व्यापक अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ और कई चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है। मणिपुर, मिजोरम त्रिपुरा में व्यापक बारिश की संभावना है।

### पहली बार एक मेज पर आए सरकार और कुकी

**इंफाल।** मणिपुर से एक बड़ी खबर है। करीब 3 वर्ष से जारी जातीय संघर्ष के बीच सीएम युमनाम



खेमचंद सिंह ने शनिवार शाम गुवाहाटी में कुकी-जो काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ घंटों तक बैठक की। बंद कमरे में चली बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पौने दो घंटे तक चली इस बातचीत ने अशांति की जमी हुई बर्फ को पिघलाने का काम किया है।

### मौत को छूकर लौटे कांग्रेस विधायक

**चित्रकोंडा।** ओडिशा के चित्रकोंडा से कांग्रेस विधायक मंगू खिल्ल एक बड़े हादसे का शिकार होने से



बाल-बाल बच गए। शनिवार को भुवनेश्वर से मलकानगिरी जा रही एक निजी बस का पिछला टायर आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के पास अचानक फट गया, जिससे वाहन में भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त बस में विधायक समेत 37 यात्री नींद में थे।

### रायपुर में सफाई के लिए गए 3 की मौत

**रायपुर।** रायपुर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के अंदर सेप्टिक टैंक की सफाई होनी थी। इसके लिए 10



लोगों के एक ग्रुप ने 7 हजार में ठीका लिया था। इस काम के लिए सेप्टिक टैंक में गए तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में प्रशांत कुमार, गोविंद सेंद्रे और 32 वर्षीय अनमोल माचखंड शामिल थे। ये सभी नगर पालिका के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारी थे।

### अंतिम मतदाता सूची से पहले बंगाल में अलर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने



के लिए खास निर्देश दिए हैं। 23 मार्च को राज्य में पूरक मतदात सूची जारी होनी है। इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सावधानी बरतने को कहा गया है। गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग ने यह आदेश जारी किया है।

## बिहार दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकार को लिखा पत्र

# बिहार ने आध्यात्मिकता के साथ नैतिक मूल्यों से समाज को समृद्ध- सुखी किया

### देश की पहचान में दिया अमूल्य योगदान

बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम ने कहा बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली पटना

बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सीएम नीतीश को लिखे पत्र में पीएम ने कहा कि बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है। यह भारत की सशक्त पहचान में बिहार के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर भी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती ने प्राचीन काल से ही ज्ञान, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के माध्यम से समाज को समृद्ध किया है। इस धरा पर दिए गए गौतम बुद्ध के विचार आज भी वैश्विक चेतना का हिस्सा हैं और मानवता को मार्ग दिखा रहे हैं। इस भूमि ने चाणक्य जैसे महान कूटनीतिज्ञ का प्रभाव देखा, जिन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर एक सशक्त और संगठित भारत की नींव रखी। यह विरासत आज भी भारत की सोच और दिशा को प्रेरित करती है।

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। मखाना जैसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय को बिहार की ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए कहा कि इसे नई पहचान देने का प्रयास किया गया है।

### नीतीश ने आभार जताया,राज्य के विकास व सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया

#### बिहारियों की वैश्विक पहचान

पीएम ने कहा कि बिहारवासियों ने देश और दुनियाभर में अपनी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। समाज सेवा, उद्योग, शिक्षा, कला और संगीतहर क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने करीब से देखा है कि बिहार के लोग गुजरात की प्रगति में योगदान दे रहे थे।



#### स्वतंत्रता संग्राम और लोकतांत्रिक योगदान की चर्चा

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार कई महान विभूतियों की जन्मभूमि और कर्मभूमि रहा है, जिन्होंने भारत की लोकतांत्रिक और बौद्धिक परंपराओं को आकार दिया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिहार ने देश को नई दिशा दी। सत्याग्रह का उल्लेख भी किया।

#### विकास योजनाओं और उपलब्धियों का किया उल्लेख

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार का फोकस बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और समावेशी विकास पर रहा है। राज्य ने कई काम किए।

#### किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

पीएम ने कहा कि किसान इस बदलाव के केंद्र में हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत बिहार के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में दी गई है। उन्होंने बिहार की नारी शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं और 31 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

#### कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में रेल और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पटना हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का निर्माण, दरभंगा की बेहतर हवाई कनेक्टिविटी और पूर्णिया में नए टर्मिनल भवन का निर्माण महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने औंटा-सिमरिया पुल परियोजना के उद्घाटन के दौरान लोगों के उत्साह को भी याद किया और कहा कि आने वाले समय में बिहार के विकास की गति और तेज होगी।

#### नीतीश के नेतृत्व की सराहना की

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सुशासन और सभी वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता ने राज्य में विश्वास, स्थिरता और प्रगति की नई धारा शुरू की है। बिहार अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है।

#### सीएम नीतीश ने जताया अभार

नीतीश ने एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री को बिहार दिवस के



अवसर पर राज्य के प्रति स्नेहपूर्ण संदेश के लिए बिहारवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं। हमें गर्व है आपने बिहार की समृद्ध विरासत, संस्कृति और प्रगति के प्रयासों की सराहना की है।

## सरकार ने कंपनियों को निर्देश दिया

# होटल, रेस्तरां और प्रतिष्ठानों को पीएनजी लेने में प्राथमिकता दें

### एलपीजी पर भी व्यापक कदम उठाए जा रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत में गैस संकट की आशंका गहराने लगी थी। लेकिन अब केंद्र सरकार ने हालात संभालने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार का कहना है कि देश में ईंधन की सप्लाई को स्थिर रखने और आम लोगों पर असर कम करने के लिए व्यापक रणनीति लागू की जा रही है। सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे होटल, रेस्तरां और कैंटीन जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी कनेक्शन देने को प्राथमिकता दें। इसका मकसद कमर्शियल एलपीजी पर दबाव कम करना है, ताकि गैस की उपलब्धता बनी रहे और बाजार में संतुलन कायम रहे।सरकार ने गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सभी लंबित कामों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को मंजूरी प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है।

#### एलपीजी सप्लाई में बड़ा इजाफा

कमर्शियल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एलपीजी सिलिंडर का आवंटन बढ़ा दिया है। राज्यों को अतिरिक्त 20 प्रतिशत एलपीजी दिया गया है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस अतिरिक्त गैस को होटल, ढाबा, इंडस्ट्रियल कैंटीन और सामुदायिक रसोई जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता से दिया जाएगा।

#### कालाबाजारी पर सख्ती और निगरानी बढ़ाई

सरकार ने गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। कई राज्यों में 3500 से ज्यादा छापेमारी की गई है और करीब 1400 सिलिंडर जब्त किए गए हैं। इससे साफ है कि सरकार सप्लाई चेन को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहती।

#### पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता

सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि वे घबराकर खरीदारी न करें।

# भाजपा का समर्थन करेंगे मुसलमान टीएमसी का नहीं, हम समान न्याय के लिए लड़ रहे

### पश्चिम बंगाल में दोनों दलों में टकराव चरम पर जा पहुंचा

## बंगाल चुनाव से पहले सुवेंदु अधिकारी ने किया बड़ा दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे राज्य के विपक्ष के नेता और भावानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी का कहना है, मुसलमान भाजपा का समर्थन करेंगे, टीएमसी का नहीं।

सुवेंदु ने कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बचाना जरूरी है। तृणमूल पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सभी के लिए समान न्याय की बात करती है।



#### चुनावी के बीच भिड़े भाजपा- टीएमसी

बंगाल में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच उत्तरी 24 परगना में भाजपा-टीएमसी के समर्थकों के बीच झड़प की खबर है। बारानगर में घटना के बाद हालात पर काबू पाने सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। झड़प पर बारानगर के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस सिद्धार्थ सिंह डांगी ने बताया, हालात सामान्य हैं।

#### पुडुचेरी में एआईएडीएम को 2 सीटें

एनडीए के घटक दल- एआईएडीएमके ने आगामी विधानसभा चुनावों में 2सीटों पर ताल ठोकने की घोषणा की है। एआईएडीएमके सचिव अनबझगन ने बताया कि पार्टी उप्पलम और ओरलियनपेट से लड़ेगी। एनडीए पुडुचेरी में सत्ता बरकरार रखेगा।

#### असम विधानसभा चुनाव: भाजपा प्रवक्ताओं को कमर कसने के निर्देश

भाजपा ने असम में चुनाव प्रचार को गति देने के लिए पार्टी के प्रवक्ताओं को निर्देश दिए हैं। केंद्र के साथ-साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुए काम का प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने असम के पार्टी प्रवक्ताओं को जरूरी निर्देश दिए।

## केंद्रीय मंत्री जयंत की मौजूदगी में हो गए शामिल

# त्यागी ने राष्ट्रीय लोक दल का दामन थामा, दोनों पार्टियों में कोई अंतर नहीं

### इस दौरान 'चौधरी' की प्रशंसा भी की

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के पूर्व वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी ) का दामन थाम लिया है। सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू छोड़ने के बाद केसी त्यागी रविवार सुबह आरएलडी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की मौजूदगी में उनकी पार्टी में शामिल हुए। इसके बाद केसी त्यागी ने कहा, अब से ठीक 52 साल पहले 9 अगस्त 1974 को चौधरी चरण सिंह लोकदल बना रहे थे। मैं उस मंच पर विराजमान था। मैं चौधरी चरण सिंह की बदौलत दोनों सदनों का सदस्य रहा हूं। मैं अब विधायक और सांसद बनने के लिए नहीं, बल्कि जयंत चौधरी को चौधरी चरण सिंह की तरह देखने के लिए आया हूं।

#### जयंत को चरण सिंह जैसा देखने को आया



#### त्यागी के आने से ऊर्जा मिलेगी: जयंत

रालोद अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि एक ही इच्छा त्यागी जी ने प्रकट किया है कि हमें चौधरी चरण सिंह जैसा बनना है। हम चौ. चरण सिंह नहीं बन सकते हैं, वह हमारे आदर्श हैं। हमारे दल में नई ऊर्जा और नई ताकत देने वाले केसी त्यागी जी, अशोक यादव जी और सुरेंद्र त्यागी जी बहुत सारे और लोग शामिल हुए हैं।

## भारत खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता में उठा रहा बड़ा कदम

# आज से शुरू होगा 19 ब्लॉकों की नीलामी का 7वां चरण

## भारत सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को दिया न्योता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपनी खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। केंद्र सोमवार को देश के खनिजों की नीलामी का 7



वां चरण लॉन्च करने के को तैयार है। इस बार 19 खनिज ब्लॉक्स की बोली लगाई जाएगी। ये ब्लॉक्स अलग-अलग राज्यों में हैं। सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को न्योता दे दिया है। नीलामी के साथ सरकार समावेशी विकास पर भी जोर दे रही है। मंत्रालय सोमवार और मंगलवार को 'नेशनल डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन समिट ' का आयोजन भी कर रहा है।

#### 46 ब्लॉक्स पर दांव

खनन मंत्रालय के अनुसार सरकार अब तक खनिजों की नीलामी के छह सफल दौर पूरे कर चुकी है। इन चरणों में अब तक कुल 46 क्रिटिकल खनिज ब्लॉक बेचे जा चुके हैं। रफ्तार को बरकरार रखते हुए 7वें चरण में 19 ब्लॉक्स को माइनिंग लीज पर देने की तैयारी है।

खनन मंत्रालय का मेगा प्लान



#### नीलामी की कमान दिग्गजों के हाथ होगी

नीलामी के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मौजूद रहेंगे। मंत्रालय का मानना है कि इन खनिजों की उपलब्धता भारत को न केवल तकनीक के क्षेत्र में आगे ले जाएगी,बल्कि रणनीतिक क्षेत्रों में भी देश को मजबूत करेगी।

#### दुनिया क्लीन एनर्जी,एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही

पूरी दुनिया अब क्लीन एनर्जी और एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही है। वैश्विक सप्लाई में उथल-पुथल को देखते हुए भारत ने कमर कस ली है। नीलामी का मुख्य उद्देश्य लिथियम, ग्रेफाइट, दुर्लभ पृथ्वी तत्व, टंगस्टन, वैनेडियम और टाइटेनियम जैसे खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करना है। ये स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में 'बैकबोन' का काम करते हैं।

## केंद्रीय मंत्री खट्टर ने किया ऐलान

# 4 माह में भारत शुरू करेगा घरेलू कार्बन ट्रेडिंग का कार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अगले चार महीनों में घरेलू कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग



शुरू करेगा। यह घोषणा शनिवार को केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने की। यह कदम देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु संबंधी कार्यों के लिए आर्थिक ढांचा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। भारत बिजली शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान मंत्री ने कहा कि अगले चार महीने में देश में कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पक्षों को पहले पंजीकरण कराना होगा। कार्बन बाजार उत्सर्जन को संतुलित करने का एक तंत्र होगा। जिन कंपनियों के पास कार्बन प्रमाणपत्र होंगे वो उन्हें बेच सकेंगे। जिनके पास नहीं होंगे वो खरीद सकेंगे, ताकि वे अपने दायित्वों को पूरा कर सकें। मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को देखते हुए जलवायु परिवर्तन पर तत्काल कदम उठाना आवश्यक है।



# ट्रंप बोले- 48 घंटे के भीतर होर्मुज मार्ग खोले ईरान, नहीं तो मचा देंगे तबाही, तेहरान ने कहा- दुश्मनों को छोड़कर सभी के लिए खुला

इजराइल पर जहां मिसाइलें गिरीं हैं वहीं थोड़ी ही दूरी पर परमाणु प्लांट है



ट्रंप की धमकी के बाद ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइलें दागीं, 300 लोग घायल

एआई इमेज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की नाक में दम करने वाला ईरान किसी भी सूरत में झुकने को तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी देते हुए कहा कि 48 घंटे के भीतर होर्मुज मार्ग को ईरान खोल दे, वरना तबाही मचा देंगे। ट्रंप का इतना कहना ही था कि ईरान ने सीधे तौर पर कहा कि यह मार्ग दुश्मनों को छोड़कर सभी के लिए खुला। धमकी के बदले ईरान के जवाब को चार घंटे भी नहीं हुए और रविवार को 4 मिसाइलें इजराइल पर दाग दीं, इस हमले में 300 लोग घायल हो गए। इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था। यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है। ईरान की ओर से यह हमले ट्रंप की धमकी के बाद बढ़े हैं। दरअसल, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा- अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचों पर हमला करेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने को लेकर ईरान के एक अधिकारी ने उपरोक्त बातें संयुक्त राष्ट्र की समुद्री संस्था से कही।

## ब्रिटेन ने परमाणु सबमरीन को किया तैनात

ब्रिटिश मीडिया ने सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया कि एक न्यूक्लियर पावर वाली रॉयल नेवी सबमरीन अरब सागर में पहुंच गई है, जो ईरान पर क्रूज मिसाइल से हमला करने में सक्षम है। सबमरीन, एचएमएस एनसन में टॉमहॉक ब्लॉक लैंड-अटैक मिसाइलें और स्पीयरफिश हेवीवेट टॉरपीडो लगे हैं, और माना जा रहा है कि यह उत्तरी अरब सागर के गहरे पानी में है। इसका मतलब है कि अगर लड़ाई बढ़ती है तो ब्रिटिश सेना के पास ईरान पर हमला करने की क्षमता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अगर प्रधानमंत्री से इजाजत मिलती है, तो एचएमएस एनसन को फायर करने का आदेश दिया जाएगा और यह सतह के करीब जाकर चार मिसाइलें दागेगा। डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान के मुताबिक, शुक्रवार को ब्रिटेन ने अमेरिका को ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर सहमति जताई थी, ताकि ईरान की ओर से होर्मुज स्टेट में जहाजों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की जा रही मिसाइल साइट्स और क्षमताओं को नष्ट किया जा सके। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को सुरक्षित रखने के लिए योजना बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम कर रहा है। इस कदम के बावजूद बयान में जोर दिया गया कि ब्रिटेन बड़े झगड़े में नहीं पड़ना चाहता है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अपने ब्रिटिश समकक्ष यवेट कूपर को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई भी मदद न करने की चेतावनी दी और कहा कि इस तरह की मदद से तनाव और बढ़ेगा।

## ईरान युद्ध में अमेरिका के लड़ाकू विमान गिरे, खुली पोल



खुद को दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य रणनीतिकार बताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय गहरे सदमे में हैं। साल 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय विमानों के गिराये जाने पर बड़े-बड़े दावे करने वाले डोनाल्ड ट्रंप अब अपने ही विमानों के गिरने पर खामोश हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान-इजराइल युद्ध के शुरुआती 21 दिनों में ही अमेरिका ने कुल 16 मिलिट्री एयरक्राफ्ट खो दिए हैं, जिनमें एफ-35 सहित 4 लड़ाकू विमान और 12 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन शामिल हैं। खास बात यह है कि अमेरिका ने इन मिलिट्री एयरक्राफ्ट में ही तकरीबन 5000 करोड़ रुपए का नुकसान अबी तक उठाया है। इस रकम में ईरान द्वारा मिडिल-ईस्ट के देशों में अमेरिकी बेस पर हुए हमले का नुकसान का जिक्र नहीं है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे की पोल खुल गई है, जो उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साल 2025 में किया था। हैरानी की बात यह है कि एक तरफ अमेरिका कह रहा है कि ईरान की मिसाइल ताकत खत्म हो रही है, वहीं दूसरी ओर उसे अब तक 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक फटका लग चुका है। एक केसी-135 टैंकर की कीमत 800 करोड़ और एक एफ-15 की कीमत 900 करोड़ रुपये है. अमेरिका इन नुकसानों को 'हादसा' बताकर छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि ईरान ने कतर से लेकर यूएई तक फैले अमेरिकी रडार नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है।

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बिछी बारूदी

## जहाजों के लिए मौत की घंटी, जापान ने ईरान के सामने रखा सुरंगें हटाने का प्रस्ताव

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के केंद्र में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज आ गया है। ये वो रास्ता है, जहां से दुनियाभर में तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो गई है। ईरान ने इस जलमार्ग में बारूदी सुरंग बनाई हुई है, जिससे जहाजों पर हमला करके उन्हें पूरी तरह तबाह किया जा सकता है। ईरान की बनाई इस बारूदी सुरंग से दुनिया के सभी देशों को खतरा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग है। इसके बाधित होने से दुनिया में तेल की सप्लाई पर प्रभाव पड़ा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20-25 फीसद हिस्सा संभालता है। यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम है और ईरान ने अब इस जलमार्ग को बंद करके दुनिया के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस जलमार्ग में बिछी बारूदी सुरंग से यहां से आने-जाने वाले जहाजों पर हर वक्त बम विस्फोट का खतरा बना रहता है, क्योंकि इस सुरंग का रिमोट कंट्रोल ईरान के हाथ में है। मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे इस युद्ध का आज 23वां दिन है। जापान ने इस होर्मुज जलडमरूमध्य की बारूदी सुरंग को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रस्ताव रखा है। इस जंग के बीच आज रविवार को जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने प्रस्ताव रखा कि अगर मिडिल ईस्ट में सीजफायर हो जाता है तो जापान माइनस्वीपर जहाजों के जरिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बिछे बारूद के जाल को हटा सकता है।

**वैश्विक तेल आपूर्ति का 20-25% हिस्सा प्रभावित**

### माइंस को निष्क्रिय करते हैं माइनस्वीपर जहाज

जापान के पास ऐसे विशेष माइनस्वीपर जहाज हैं, जो समुद्र में बिछी संभावित माइंस को निष्क्रिय करने की ताकत रखते हैं और जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग देते हैं। जापान के पास समुद्र में बिछी मांइस का खात्मा करने वाला सबसे सक्षम संगठन मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स है, जो कि आधुनिक तकनीकों से लैस है। जापान के पास मौजूद माइनस्वीपर जहाजों में 'आवाजी क्लास' जैसी आधुनिक तकनीक है। इसमें खास बात यह है कि इन जहाजों को फाइबर-रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक से बनाया जाता है, जिसे इन जहाजों पर माइंस का चुंबकीय असर नहीं होता और ये जहाज माइंस के खतरे से बच जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सऊदी ने ईरान के सैन्य अटैची को हटाया



**दुबई।** सऊदी अरब ने अपने क्षेत्र पर बार-बार होने वाले हमलों का हवाला देते हुए ईरानी सैन्य अधिकारियों और दूतावास के कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया। कतर ने तेहरान पर आक्रामकता और अपनी संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए ईरानी अधिकारियों को निष्कासित कर दिया था। सऊदी अरब ने ईरान के सैन्य अटैची, उनके सहायकों को देश छोड़ने का कहा है।

### इजराइलियों ने वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों की कारें तोड़ी



**तेलअवीव।** इजराइली बस्तियों में रहने वाले लोगों ने शनिवार की रात और रविवार की सुबह तक फलस्तीनी गांवों में जमकर उत्पात मचाया, गाड़ियां तोड़ीं, आगजनी की और कई लोगों को घायल कर दिया। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा की यह एक नई घटना है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कम से कम छह बस्तियों में हुए हमलों की सूचना दी।

### युद्ध में ईरान में मृतक संख्या 1,500 के पार पहुंची




**तेहरान।** अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद से ईरान में युद्ध के दौरान 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। सरकारी प्रसारणकर्ता ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने कहा कि रमजान समाप्त होने के दौरान ईरान की राजधानी में भारी हवाई हमले हुए।

### अमेरिका अपनी समृद्धि बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार

## अमेरिका विश्व ऊर्जा बाजार पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है: रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

**यूरोपीय नेता रूसी ऊर्जा संसाधन ठुकरा रहे हैं**

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूसी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका ग्लोबल एनर्जी मार्केट में अपना दबदबा बनाने की नीति अपना रहा है। विदेश मंत्री लावरोव ने शनिवार को कहा, अमेरिका को सिर्फ अपने हितों की फिक्र है। वह अपनी समृद्धि बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहता है, चाहे वह तख्तापलट हो, अपहरण हो या उन देशों के नेताओं को निशाना बनाना हो जिनके पास वाशिंगटन के लिए अहम प्राकृतिक संसाधन हैं। यह पूरा मुद्दा तेल से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने आगे कहा कि अमेरिका इस उसूल को मानता है कि उसके फायदे हमेशा अंतरराष्ट्रीय समझौतों से पहले आते हैं। अमेरिका ने पहले भी यूरोपीय एनर्जी बाजार में रूस को अलग-थलग किए जाने का स्वागत किया और करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ सहयोग करने के लिए अमेरिका को पहले रूस के पक्ष की इज्जत करनी होगी। इससे पहले शुक्रवार को रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि यूरोपीय नेता रूसी ऊर्जा संसाधनों को लगातार ठुकराकर जानबूझकर अपने देशों को संकट और ऊर्जा की कमी की स्थिति में धकेल रहे हैं। मारिया जखारोवा ने अपने एक पोस्ट में कहा, यह कोई तकनीकी आपदा या कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है जो यूरोपीय यूनियन में वैश्विक संकट पैदा कर रही है, बल्कि यह उसके अपने नेताओं के फैसले हैं, जो बस हालात बदल रहे हैं। यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ईयू के निश्चित रुख की पुष्टि की। यह मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, यूरोप में गंभीर एनर्जी संकट की स्थिति में भी सदस्य देशों को रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने से साफ तौर पर रोकता है। हालांकि ईयू के इस रुख का कुछ सदस्य देशों ने विरोध किया था, जो रूस की एनर्जी सप्लाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इस महीने की शुरुआत में ईयू से रूसी एनर्जी पर लगे बैन को रोकने की अपील की थी और चेतावनी दी कि तेल की बढ़ती कीमतें और सप्लाई में रुकावटें इलाके की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।

**अपने हितों के लिए तख्ता पलट अपहरण जैसे काम भी कर रहा है**




एआई इमेज

### ईयू के रुख का कई सदस्य देशों ने किया विरोध

*यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ईयू के निश्चित रुख की पुष्टि की। यह मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, यूरोप में गंभीर एनर्जी संकट की स्थिति में भी सदस्य देशों को रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने से साफ तौर पर रोकता है। हालांकि ईयू के इस रुख का कुछ सदस्य देशों ने विरोध किया था, जो रूस की एनर्जी सप्लाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इस महीने की शुरुआत में ईयू से रूसी एनर्जी पर लगे बैन को रोकने की अपील की थी और चेतावनी दी कि तेल की बढ़ती कीमतें और सप्लाई में रुकावटें इलाके की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।*

### चेतावनी के बाद छोड़े गए

## कोस्ट गार्ड मुख्यालय के पास उड़ा रहे थे ड्रोन, 2 अमेरिकी पर्यटकों पर केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ कोच्चि



केरल के कोच्चि में दो अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों अमेरिकी नागरिकों पर प्रतिबंधित इलाके में ड्रोन उड़ाकर वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप है। उन पर एयरक्राफ्ट एक्ट और ड्रोन नियमों के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया है। केरल के कोच्चि से एक अहम मामला सामने आया है, जहां सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर दो अमेरिकी पर्यटकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल, फोर्ट कोच्चि इलाके में स्थित कोस्ट गार्ड मुख्यालय के पास ड्रोन उड़ाना सख्त मना है, क्योंकि यह इलाका 'रेड जोन में आता है और यहां नौसेना व तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण गतिविधियां होती हैं। पुलिस के मुताबिक, अमेरिका के कैलिफोर्निया से आए दो पर्यटक, केटी मिशेल फेल्प्स और क्रिस्टोफर रॉस हार्वे, शनिवार सुबह इस प्रतिबंधित इलाके में ड्रोन उड़ाकर वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद टूरिज्म पुलिस की नजर उन पर पड़ी और दोनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। जांच में सामने आया कि दोनों पर्यटक के तौर पर घूमने आए थे और संभवतः उन्हें इस इलाके में ड्रोन उड़ाने पर लगे प्रतिबंध की जानकारी नहीं थी। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाता है। पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, एयरक्राफ्ट एक्ट और ड्रोन नियमों के तहत मामला दर्ज किया है।

### अमेरिकी सांसदों ने एकजुटता के साथ प्रस्ताव पास किया, कहा

## बंगाली हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान के अत्याचारों को नरसंहार घोषित किया जाए

**विदेश मामलों की समिति को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

**अभियान में नेताओं, बुद्धिजीवियों पेशेवरों और छात्रों को मारा गया**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसद ग्रेग लैंड्समैन ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें मांग की गई है कि पाकिस्तानी सेना और उसके सहयोगी संगठन जमात-ए-इस्लामी द्वारा 25 मार्च 1971 को बंगाली हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को युद्ध अपराध और नरसंहार माना जाए। ओहायो से डेमोक्रेट सांसद लैंड्समैन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे अब विदेश मामलों की समिति को भेज दिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि 25 मार्च 1971 की रात पाकिस्तान सरकार ने शेख मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया और उसकी सेना ने जमात-ए-इस्लामी की विचारधारा से प्रेरित उग्र इस्लामी समूहों के साथ मिलकर पूर्वी पाकिस्तान में ऑपरेशन सर्चलाइट नाम से एक व्यापक दमन अभियान शुरू किया, जिसमें नागरिकों का बड़े पैमाने पर नरसंहार किया गया। इसमें यह भी कहा गया है कि 28 मार्च 1971 को ढाका में अमेरिका के महावाणिज्य दूत आर्चर ब्लड ने वाशिंगटन को चुनिंदा नरसंहार शीर्षक से एक टेलीग्राम भेजा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, पाकिस्तानी सेना के समर्थन से गैर-बंगाली मुसलमान गरीब बस्तियों पर संगठित हमले कर रहे हैं और बंगालियों तथा हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं।लैंड्समैन ने बताया कि छह अप्रैल 1971 को आर्चर ब्लड ने अमेरिकी सरकार की चुप्पी पर आपत्ति जताते हुए एक संदेश भेजा था, जिस पर ढाका वाणिज्य दूतावास के 20 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसे बाद में ब्लड टेलीग्राम के नाम से जाना गया। उस टेलीग्राम में कहा गया था, लेकिन हमने इस आधार पर हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है कि अवामी संघर्ष, जिसमें दुर्भाग्यवश नरसंहार शब्द लागू होता है, एक संप्रभु देश का आंतरिक मामला है। लैंड्समैन द्वारा लाए गए प्रस्ताव में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से आग्रह किया गया है कि वह 25 मार्च 1971 को बांग्लादेश के लोगों के खिलाफ पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अत्याचारों की निंदा करे। प्रस्ताव में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना और उसके इस्लामी सहयोगियों ने धर्म और लिंग की परवाह किए बिना जातीय बंगालियों की हत्या की, उनके नेताओं, बुद्धिजीवियों, पेशेवरों और छात्रों को मार डाला और हजारों महिलाओं को यौन दासता के लिए मजबूर किया। इसमें यह भी कहा गया है कि उन्होंने विशेष रूप से धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया, जिनके खिलाफ सामूहिक हत्याएं, सामूहिक बलात्कार, जबरन धर्मांतरण और जबरन निष्कासन जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया।



फाइल फोटो

### कतर में हेलिकॉप्टर हादसा

## समुद्र में गिरा हेलिकॉप्टर, 6 की मौत, एक लापता, तलाश जारी

एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर के समुद्री क्षेत्र में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है और बचाव दल लगातार सातवें व्यक्ति की तलाश में जुटे हुए हैं। रविवार को सामने आई जानकारी के मुताबिक, ये हेलिकॉप्टर एक नियमित ऑपरेशन पर था, तभी अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बताया जा रहा है कि इसी खराबी के चलते हेलिकॉप्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह कतर के समुद्री इलाके में गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसमें सवार ज्यादातर लोगों को बचाया नहीं जा सका।



विश्व जल दिवस

# प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियां हुईं आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण और जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों की ओर से जल स्त्रोतों को संरक्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से गांव-गांव में तालाब, कुएं, चेकडेम और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य आरंभ हो गए है। शासन के 18 विभाग की अभियान में सहभागिता हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अभियान' को नोडल तथा नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के सह-नोडल विभाग बनाया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों के माध्यम से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। भूजल संवर्धन, जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत तथा नवीनीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं के अतिक्रमण हटाने के कार्य अभियान में किए जाएंगे।

## शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुए जल संचय के कार्य



### जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई

स्कूलों में पेयजल गुणवत्ता परीक्षण, आंगनवाड़ियों तथा औद्योगिक इकाईयों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य भी किए जाएंगे। जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई की जाएगी। राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने और मानसून सत्र में किए जाने वाले पौधारोपण के लिए आवश्यक तैयारियों के कार्य किए जाएंगे।

### तालाबों की मरम्मत के साथ नहरों की सफ़ाई

जल संसाधन विभाग एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग ने लघु सिंचाई योजनाओं के तालाबों की मरम्मत के साथ नहरों की सफ़ाई और स्टॉप डैम तथा बैराज की मरम्मत तथा नहर प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। उद्यानिकी विभाग सूक्ष्म सिंचाई क्षेत्र का विस्तार कार्य करेगा एवं विकासखंडों में पानी चौपाल का आयोजन कर लगभग 55 हज़ार हेक्टेयर में पौधरोपण का कार्य करेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राजस्व विभाग, पूर्व में बनाई गई ऐसी जल संरचनाएं जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, उन्हें राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का कार्य करेगा। राजस्व विभाग ने समस्त विभागों के पूर्व में बनाए गए तालाबों, चेकडेम और स्टॉपडेम एवं अन्य जल संरचनाओं के साथ ही जल संसाधन विभाग की नहरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाएगा।

### जनसहयोग से सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करना

नगरीय विकास विभाग की ओर से निकायों में अमृत 2.0 अंतर्गत जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्वार, नदियों में मिलने नालों के शोधन की कार्य योजना बनाई गई है। तालाब, नदी, बावड़ी के संवर्धन एवं अतिक्रमण मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कराने के साथ हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। जल संरक्षण में युवाओं की भागीदारी के लिए अमृत मित्र बनाकर 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकरण किये जायेंगे। नगरीय निकायों के प्रमुख स्थलों पर गर्मियों में पेय जल सुविधा के लिए जनसहयोग से सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करना जैसे कार्य भी किए जाएंगे।

### अठारह विभागों की है सहभागिता

जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं आवास, वन, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, संस्कृति, जन अभियान परिषद और जनसंपर्क विभाग शामिल हैं।

### कॉलेजों में होंगी जागरुकता संबंधी गतिविधियां

अभियान में वन विभाग की ओर से जलग्रहण क्षेत्र उपचार योजना के तहत लगभग सवा लाख हेक्टेयर में भूजल संवर्धन के कार्य, कृषि विभाग की ओर से बलराम तालाब और लाइन फ़ार्म पोंड का निर्माण और पर्यावरण विभाग ने विशेष तौर पर बेतवा, क्षिप्रा, कान्ह और गंभीर नदियों के उद्गम से अंतिम सीमा तक सर्वेक्षण कर दूषित जल के मिलने के स्थानों का चिन्हांकन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ सभी स्कूलों में पेयजल स्त्रोतों के जल की गुणवत्ता का परीक्षण करेगा। उच्च शिक्षा विभाग अपनी गतिविधियों के माध्यम से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता आधारित गतिविधियां आयोजित करेगा।

### भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा

पूरे प्रदेश गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की समस्या धीरे धीरे बढ़ रही है। भोपाल में भूजल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट के कारण जिला प्रशासन ने हाल ही में नए बोरवेल की खुदाई पर रोक लगा दी है। शहर को जल-अभाव क्षेत्र घोषित किए बगैर अब बिना अनुमति बोरिंग करने पर सजा और जुर्माना लगाने का प्राब्धान है। लगातार बढ़ते शहरीकरण, अत्यधिक दोहन और जल संरक्षण के अपर्याप्त इंतजाम के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है, जो तमाम उपाए करने के बावजूद कंट्रोल में नहीं आ पा रही है।

### रिपोर्ट में सामने आई गंभीर स्थिति

सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड और राज्य की डायनामिक ग्राउंड वॉटर रिसोर्सेस की रिपोर्ट के अनुसार भोपाल में भूजल दोहन का स्तर करीब 79 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्र करीब 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर से अधिक है। इसमें 2 लाख 64 हजार हेक्टेयर के करीब क्षेत्र में भूजल रिचार्ज की आवश्यकता बताई जा रही है। जिले में वार्षिक निकासी योग्य भूजल संसाधन इस क्षेत्र के हिसाब से काफी कम हैं। इससे साफ होता है कि जिले में भूजल दोहन की औसत दर करीब 79 प्रतिशत तक पहुंच रही है।

## बावड़ियों, कुओं, तालाबों और नदियों की सफाई कर जल बचाने का संकल्प

**हरिभूमि न्यूज भोपाल।** 22 मार्च को मनाए गए विश्व जल दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश में जल संरक्षण, पेयजल उपलब्धता और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रदेश के कई जिलों में बावड़ियों (स्टेपवेल), कुओं, तालाबों और नदियों की सफाई के साथ-साथ जल बचाने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भोपाल सहित इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और ग्रामीण इलाकों में प्रशासन, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बावड़ियों की सफाई और पुनर्जीवन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्षों से उपेक्षित पड़ी इन ऐतिहासिक बावड़ियों को अब फिर से जल स्त्रोत के रूप में विकसित करने की कोशिश की जा रही है। कई स्थानों पर गाद निकालने, दीवारों की मरम्मत और जल संचयन की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे बारिश का पानी संरक्षित हो सके। विश्व जल दिवस के अवसर पर यह संदेश दिया जा रहा है कि 'जल है तो कल है' केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन की सच्चाई है।


फाइल फोटो।

### 'जल जीवन मिशन' और 'कैच द रेन'

*जल जीवन मिशन' और 'कैच द रेन' जैसे अभियानों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने, नए हैंडपंप स्थापित करने और पुराने जल स्रोतों को सुधारने से लाखों लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए जल स्रोतों को सुरक्षित रखने पर जोर दिया जा रहा है। भोपाल का बड़ा तालाब और इंदौर की खान नदी विशेष सफाई अभियान नदी और तालाबों की सफाई भी इस अभियान का अहम हिस्सा है। बड़ा तालाब, इंदौर की खान नदी और उज्जैन की क्षिप्रा नदी सहित कई जलाशयों में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा हटाया जा रहा है।*

## मप्र में निवेश संभावनाओं और एमपी टूरिज्म पर केंद्रित लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन

### निवेशकों को दी मप्र की विशेषताओं और डेवलपमेंट फोकस एरिया की जानकारी

# राजस्थान और मध्यप्रदेश हर मामले में हैं एक-दूजे के स्वाभाविक साझेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र और राजस्थान जुड़वा भाइयों की तरह हैं। दोनों राज्य मिलकर विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश की एक नई क्रांति आ रही है। उद्योगों की स्थापना एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए हमने 6,104 करोड़ रुपए और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। मप्र का 'सिंगल विंडो सिस्टम-इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल' देश के श्रेष्ठ डिजिटल निवेश प्लेटफॉर्म में गिना जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी 2025 अंतर्गत टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र को शामिल कर निवेशकों को आकर्षक इंसेंटिव प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जयपुर में आयोजित 'इन्टरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मप्र' में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मप्र' सत्र में विभिन्न उद्योगपतियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने राज्य के सभी निवासियों को हाल ही में मनाए गए राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस (19 मार्च) और अखंड सौभाग्य के लोक-पर्व गणगौर पूजन की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यों के बीच प्राकृतिक संसाधनों के बंटवारे मधुरता से पूरे हो रहे हैं।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने किया राजस्थान के निवेशकों से संवाद
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में की प्रगति


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

### मप्र में है औद्योगिक प्रगति और निवेश की अनंत संभावनाएं

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने निवेशकों को बताया कि मप्रभारत के हृदय में स्थित राज्य है। जहां हर सेक्टर में औद्योगिक प्रगति और निवेश की अनंत संभावनाएं विद्यान हैं। मप्र ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में 8 एयरपोर्ट और औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए एक लाख एकड़ भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग' पर ध्यान देते हुए नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। निवेशकों को 40 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दी जा रही है। कृषि, डेयरी और फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं।

**देश-दुनिया के निवेशक मप्र में तेजी से निवेश कर रहे हैं-**

राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट डॉ. केएल जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को तेजी से गति मिल रही है। राज्य ने लंबी उड़ान भरी है। इन्सुलेशन एनर्जीस के चेयरमेन मनीष गुप्ता ने बताया कि उन्होंने नर्मदापुरम जिले के बाबई-मोहासा औद्योगिक प्रक्षेत्र में करीब 1650 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिससे 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां 45 एकड़ में औद्योगिक इकाई स्थापित करने में कोई बाधा नहीं आई।

### मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना की

*इन्वेस्टमेंट 'अपॉर्च्युनिटीज इन मप्र' सेशन में सीआईआई की राजस्थान इकाई के चेयरमैन रजनीश भंडारी ने मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना की। राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से पदाधिकारी एनके जैन सत्र में शामिल हुए सभी निवेशकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह शेखावत, ओंकार बागेरिया, एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला सहित प्रमुख उद्योगपति विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय संस्था लघु उद्योग भारती की राजस्थान इकाई के सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया।*

### मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से की भेंट



भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर प्रवास के दौरान शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने अंग वस्त्रम से लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया। इस अवसर पर बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उद्योग निवेश संवर्धन कार्यक्रम में जयपुर पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने पत्रिका समूह के स्व. कर्पूर चंद कुलिश के जन्म शताब्दी समापन समारोह में हिस्सा लेने के लिए मप्र से मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के जयपुर आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका भी स्वागत किया।

### राजस्थान के सीएम से मिले सीएम डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से सौजन्य भेंट की। राजस्थान के मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया।

### सुशासन एवं विकास को नई गति देगा स्टेट एआई मिशन

## एआई आधारित तकनीक से नागरिक सेवाओं को मिलेगी अधिक गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सुशासन एवं विकास को नई गति देने और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्टेट एआई मिशन प्रारंभ किया जाएगा। यह मिशन सेवाओं के संचालन और आर्थिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्टेट एआई मिशन राज्य के एआई विजन एंड एक्शन फ्रेमवर्क पर आधारित होगा, जिसके माध्यम से व्यवस्था को प्रेडिक्टिव, प्रोएक्टिव एवं डेटा-ड्रिवन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई तकनीकों का उपयोग मानवीय निगरानी (ह्यूमन-इन-द-लूप) के साथ किया जाएगा, जिससे सुरक्षा, पारदर्शिता एवं नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित किया जा सकेगा। एआई मिशन के क्रियान्वयन से नागरिकों, विशेषकर किसानों, ग्रामीण समुदायों, युवाओं एवं वंचित वर्गों को तेज, स्मार्ट और व्यक्तिगत सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

### प्रेडिक्टिव गवर्नेंस को मिलेगा बढ़ावा

स्टेट एआई मिशन में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान संभव हो सकेगी। सभी एआई प्रणालियों में पारदर्शिता, ऑडिटेबिलिटी और प्राइवेसी संरक्षण सुनिश्चित करते हुए रिस्पॉन्सिबल एआई के सिद्धांतों को अपनाया जाएगा। प्रशासनिक कार्यों को अधिक दक्ष बनाने के लिए अधिकारियों को ड्राफ्टिंग, विश्लेषण, डिसीजन सपोर्ट एवं डेटा मैनेजमेंट से संबंधित एआई टूल्स उपलब्ध कराए जाएंगे। एआई का उपयोग केवल पायलट परियोजनाओं तक सीमित न रहकर राज्य की प्रमुख योजनाओं में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा।

### एआई में कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

राज्य में स्टार्टअप, शैक्षणिक संस्थानों एवं इंडस्ट्री के साथ साझेदारी विकसित कर मजबूत एआई इको सिस्टम तैयार किया जाएगा। युवाओं एवं शासकीय अधिकारियों के लिए एआई स्किलिंग कार्यक्रम संचालित कर भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन तैयार किए जाएंगे। 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के सिद्धांत पर आधारित एआई दृष्टिकोण नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता को नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

### पुलिस टीम ने मारा छापा, बंजारी मंदिर के पास की घटना

## सिलेंडर की जमाखोरी का पर्दाफाश, पुलिस ने बरामद किए 16 सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अवैध रूप से गैस सिलिंडर जमा कर रखने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खमतराई थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 घरेलू गैस सिलिंडर बरामद किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बंजारी मंदिर के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलिंडर अवैध रूप से जमा कर रखा हुआ है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी से सिलिंडरों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।



### जब्त माल की कीमत करीब 64 हजार

इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 इंडियन घरेलू गैस सिलिंडर जब्त कर लिए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 64 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय साव (30) के रूप में हुई है, जो ट्रांसपोर्ट नगर इलाके का निवासी है। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी खाद्य विभाग को भी दे दी है, ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि अवैध रूप से गैस सिलिंडर का भंडारण और उपयोग सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा बन सकता है, इसलिए इस तरह के मामलों में सख्ती बरती जा रही है।

# आवारा कुत्तों के हमले में 15 हिरण एवं कोटरा की मौत, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिला के अंबिकापुर में स्थित संजय पार्क में वन्यजीव सुरक्षा में गंभीर लापरवाही का मामला उजागर हुआ है।



बाड़े की सुरक्षा व्यवस्था में चूक के चलते आवारा कुत्तों के हमले में 15 हिरण एवं कोटरा की मौत हो गई।

इस घटना के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) अभिषेक जोगावत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कुल 15 वन्यजीवों की मौत हुई है। प्रारंभिक तौर पर इसे लापरवाही का मामला मानते हुए जांच के निर्देश दिए गए हैं। एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच दल को दो दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार, संजय पार्क में बनाए गए बाड़े में हिरण, कोटरा एवं बारहसिंगा रखे गए थे। शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे बाड़े का गेट खुला रह जाने से 4-5 आवारा कुत्ते अंदर घुस गए और जानवरों पर हमला कर दिया। इस हमले में 14 हिरणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हिरण ने उपचार के दौरान रविवार सुबह दम तोड़ दिया।

**अंबिकापुर में स्थित संजय पार्क में वन्यजीव सुरक्षा में गंभीर लापरवाही का मामला उजागर**

घटना के बाद शवों के निस्तारण को लेकर भी सवाल खड़े हुए। हालांकि डीएफओ ने स्पष्ट किया कि संजय पार्क जू नहीं, बल्कि रेस्क्यू सेंटर है, जहां उपचार के बाद वन्यजीवों को पुनः जंगल में छोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि सभी मृत वन्यजीवों का पोस्टमार्टम कर वन्यजीव चिकित्सक की उपस्थिति में विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और एहतियातन पार्क को दो-तीन दिनों के लिए आमजन के प्रवेश हेतु बंद कर दिया गया है। डिप्टी रेंजर सहित 4 कर्मचारी निलंबित, रेंजर को नोटिस संजय पार्क में हिरणों की मौत के मामले में वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त, अंबिकापुर द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए चार अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, जबकि संबंधित रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में डिप्टी रेंजर अशोक कुमार सिन्हा, वनपाल ममता पोर्ते, वनपाल प्रतिमा लकड़ा एवं बीट गार्ड फुलमनी सिंह को निलंबित किया गया है। वहीं रेंजर अक्षपलक ऋषि को नोटिस जारी कर पांच दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं

### रोपवे में सवार थे 17 श्रद्धालु, 6 अन्य घायल, सीएम ने दिए सख्त जांच के निर्देश

# खल्लारी माता मंदिर में दर्दनाक हादसा, रोपवे टूटने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल खल्लारी माता मंदिर में रविवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का रोपवे टूट गया। इस हादसे में रायपुर निवासी एक महिला की मौत हो गई है, जबकि 6 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना के समय दोनों ओर के रोपवे में कुल 17 लोग सवार थे। 200 से 300 फीट की ऊंचाई से गिरा ट्राली प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 4 हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता के मंदिर से दर्शन कर श्रद्धालु नीचे लौट रहे थे।

जमीन से करीब 200 से 300 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद अचानक रोपवे का तार टूट गया, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में रायपुर की आयुषी सातकर (28 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय लौटने वाले रोपवे में 7 लोग सवार थे,



जबकि ऊपर जा रहे दूसरे रोपवे में 10 श्रद्धालु मौजूद थे। घायलों में 4 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना में आयुषी सातकर (रायपुर) की मौत हो गई जबकि रायपुर निवासी ऋषभ धावरे (रायपुर), छायांश धावरे (रायपुर), महासमुंद निवासी गोविंद स्वामी, नमिता स्वामी, कुश्मिता स्वामी, मांशवी गोडारिया इस घटना में घायल हुए हैं।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: सीएम साय

खल्लारी माता मंदिर के पहाड़ी पर हुए रोपवे हादसा मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि, यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। दोषियों को बख्सा नहीं जाएगा। जो भी मामले में दोषी पाए जाएंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने रोपवे के मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस रोपवे का संचालन डिजर्ट प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन अब इस बात की जांच कर रहा है कि क्या समय पर सुरक्षा ऑडिट और मशीनी जांच की गई थी। हादसे की जानकारी मिलते ही खल्लारी पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। वर्तमान में नीति आयोग की बैठक के लिए दिल्ली प्रवास पर मौजूद महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली से ही अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करना है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। मेंटेनेंस में जिस किसी की भी लापरवाही सामने आएगी, उस पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आयुक्त ने अधिकारियों को फील्ड पर उतरने के दिए निर्देश

# कठोर कदम, बड़े बकायादारों पर कुर्की और नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में राजस्व वसूली को लेकर अपनी रणनीति बेहद आक्रामक कर दी है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में पूरे शहर में एक साथ कुर्की और नल कनेक्शन विच्छेदन का अभियान चलाया गया है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य उन बड़े बकायादारों को कड़ा संदेश देना है जो लंबे समय से कर अदायगी में कोताही बरत रहे हैं।

### अधिभार से बचने का आखिरी मौका, 9 दिन शेष



करदाताओं को अनुरोध करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि बिना किसी अतिरिक्त बोझ के टैक्स जमा करने के लिए अब मात्र 9 दिन शेष हैं। 1 अप्रैल से नए नियम लागू होते ही बकाया राशि पर डबल अधिभार देना होगा। निगमायुक्त की अपील है कि करदाता इस भारी वित्तीय दंड से बचें और समय रहते अपने करों का भुगतान कर शहर की स्वच्छता और विकास में अपना योगदान दें।

### अपर आयुक्तों को सौंपी कमान, रोजाना होगी समीक्षा

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए कार्यविभाजन की नई रूपरेखा तैयार की है।

### फील्ड पर तैनात होंगे अफसर

निगमायुक्त के द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक आज से सभी अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, वी एन बाजपेई, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती सिंह आदि ने आज से ही सभी अपर आयुक्त अपने आवंटित जोनों में सक्रिय रहेंगे। उनका एकमात्र लक्ष्य राजस्व वसूली में वृद्धि करना होगा। प्रत्येक जोन की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन आयुक्त स्वयं करेंगे।

### वन-टू-वन एक्शन

निगमायुक्त ने बताया कि बड़े बकायादारों की पहचान कर उनसे सीधा संवाद किया जा रहा है, और सहयोग न मिलने पर तत्काल कुर्की की कार्यवाही के साथ नल कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं।

## 30 मार्च से सजेगा 'महापौर आज़ाद कप' का रोमांचक मंच

**जबलपुर।** शहर के खेल गलियारों में एक बार फिर उत्साह की लहर दौड़ने वाली है। आज़ाद संगठन समिति द्वारा आगामी 30 मार्च 2026 से बहुप्रतीक्षित 'महापौर आज़ाद कप 2026' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। टेनिस बॉल क्रिकेट की यह प्रतियोगिता इस बार अपने 10वें संस्करण के पड़ाव पर पहुँच चुकी है, जो इसकी लोकप्रियता और सफलता का प्रमाण है।

### रानीताल मैदान में डे-नाइट मुकाबलों का रोमांच

इस बार भी टूर्नामेंट के रोमांच को दोगुना करने के लिए डे-नाइट मैचों का आयोजन किया गया है। शहर के प्रतिष्ठित रानीताल वेलोड्रम मैदान में दूधिया रोशनी के बीच जब चौके-छक्कों की बरसात होगी, तो नजारा देखने लायक होगा। यह आयोजन महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं आज़ाद ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। समिति ने सभी खेल प्रेमियों और स्थानीय टीमों को इस महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

## जीएसटी पर मंथन आजः विशेषज्ञ देंगे नए नियमों और तकनीक पर मार्गदर्शन

**जबलपुर।** सीए एसोसिएशन एवं टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के सहयोग से, मध्यभारत के अग्रणी टैली पार्टनर पीसी प्लेनेट एवं टैली सॉल्यूशन्स प्रा. लि. के संयुक्त तत्वावधान में "जीएसटी पर परिचर्चा" का आयोजन सोमवार, 23 मार्च 2026 को शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन होटल कृष्णा, भंवरताल गार्डन के सामने, जबलपुर में होगा। इस विशेष परिचर्चा में Tally Prime 7.0 के नवीन फीचर्स, स्मार्ट बिज़नेस ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स तथा अकाउंटिंग एवं टैक्सेशन क्षेत्र में हो रहे आधुनिक तकनीकी नवाचारों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, जीएसटी एवं इनकम टैक्स के नवीनतम नियमों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीए अखिलेश जैन (स्वतंत्र निदेशक, गेल इंडिया), सीए चांदनी आहूजा (अध्यक्ष, सीए एसोसिएशन, जबलपुर), एडवोकेट शिविर नेमा (अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर) एवं वरिष्ठ सीए मनोज जैन सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर अधिवक्ता, उद्योगपति एवं व्यवसायिक क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए पीसी प्लेनेट के निदेशक नितिन जैन द्वारा बताया गया कि बदलते जीएसटी नियमों के अनुरूप व्यवसाय को प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सक्षम कैसे बनाया जा सकता है। टैली सॉल्यूशन्स, बेंगलुरु के वरिष्ठ प्रतिनिधि द्वारा व्यावहारिक समाधान एवं लाइव डेमो के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। यह परिचर्चा संस्कारधानी के चार्टर्ड अकाउंटेंट, टैक्स प्रैक्टिशनर, अकाउंटेंट एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है, जहाँ उन्हें नवीन तकनीकों एवं कर प्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त होंगी।




## ननि सम्पत्ति कर से उत्पन्न समस्या पर बैठक आज

**जबलपुर।** शासकीय औद्योगिक क्षेत्र रिछाई एवं आधारताल में कार्यरत अधिभोगी उद्योगों पर अवैधानिक एवं असंगत संपत्तिकर वसूली प्रक्रिया तथा संपत्तिकर जमा करने के बनाये जा रहे अनुचित दबाव से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा हेतु समस्त उद्योगपतियों की सम्मिलित बैठक 23 मार्च को शाम 06 बजे से महाकोशल चेम्बर सभागार में आयोजित है। सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली ने की है।

## कालीधाम में 501 अखंड ज्योति कलश के दर्शन आज से प्रारंभ



**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर में कालीधाम के संस्थापक एवं संचालक पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज एवं महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज के द्वारा कालीधाम शिष्य परिवार की ओर से 501 अखंड मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है, इस शुभ अवसर पर आचार्य पुरोहित द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ, माँ भगवती काली का पूजन अर्चन, श्रृंगार तथा षोडोपचार विधि से पूजन किया जा रहा है। अनिल उसरेटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अखंड ज्योति कलश के दर्शन पंचमी तिथि से प्रारंभ होते हैं सभी श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ की अपील की है।

## आप के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**जबलपुर।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त जबलपुर जिला उपाध्यक्ष सरदार बलराज सिंह के धनवंतरी नगर में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों की तादात में क्षेत्र के नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री एड. रामकिशोर शिवहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नवनियुक्त प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. अरुण मिश्रा का भी स्वागत किया गया। विक्रम गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुए स्वागत समारोह में मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड समिति के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव आदेश दुबे द्वारा किया गया।

## नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह मरावी का किया भव्य स्वागत



**जबलपुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह मरावी का स्वागत आज तिलहरी स्थित मुद्रा टॉवर में हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर संघ के महेन्द्र प्रताप सिंह, उद्यमी महेन्द्र सिंह राठौर, भाजपा युवा मोर्चा आईटी प्रभारी विवेक सिंह, राजेंद्र सिंह, बबलू कुशवाहा, एड. अमित कुमार, दीपक सिंह, अमित सिंह, आरएस परिहार, आरजी पिल्ले एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजनों ने सम्मिलित होकर शुभकामनाएं दीं।

## संजय यादव भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र में जबलपुर से श्री संजय यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व श्री संजय यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जबलपुर महानगर जिला अध्यक्ष के दायित्व में कार्य कर रहे थे। संजय यादव को पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जयंती मनाई



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व वित्त मंत्री और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे प्रतिमा स्थल रानी दुर्गावती वि.वि. प्रांगण स्थल पर शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवियों एवं राजनीतिक नेताओं की उपस्थिति में पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पं. कुंजीलाल दुबे के पौत्र दामाद सुमित कालिया ने कहा कि कक्का जी का आदर्श जीवन सुचिता और निराभिमान व्यक्तित्व के धनी थे। उनके जीवन प्रसंग आदर्श व्यक्तित्व, सदाचार, ईमानदारी, निष्कलंक, निश्छल और उच्च विचार श्रृंखला तो जैसे आज काल्पनिक लगने लगे हैं, जीवन मूल्यों को संरक्षित करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली का सफलतापूर्वक संचालन करना उनके स्वभाव का सहज प्रभाव बन गया था। प्रदेश और देश में पं. कुंजीलाल दुबे इन्हीं सद्गुणों के कारण सदैव याद किए जाते रहे हैं। आज के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन पं. सुमित कालिया, रादुविवि के कुलपति राजेश वर्मा, शेखर दुबे, शशि दुबे, गोलू दुबे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र कांग्रेस कमेटी के विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, ठा. दीपक सिंह राजपूत, रूपलाल यादव, मुकेश राठौर, प्रवीण पाठक, लक्ष्मी बेन, विजय रजक, भगतराम सिंह, महेश पसीने, देवेन्द्र सरीन, तजिन्दर सिंह, डिम्पी बिन्द्रा, मोनू अग्रवाल, आनंद साहू, सुजीत अवस्थी, राहुल सरीन सहित अनेक गणमान्य नागरिक और फिनिक्स परिवार तथा दुबे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### अब परलोक से आ रहे स्वर्गीय डॉक्टर हेमलता के मैसेज

## आईएमए अध्यक्ष सहित अन्य डॉक्टरों को आए आपत्तिजनक वाट्सअप मैसेज

**जबलपुर।** स्वर्गीय डॉ. हेमलता श्रीवास्तव से जुड़ा मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। क्या अब परलोक से स्वर्गीय डॉक्टर हेमलता का मोबाईल संचालित हो रहा है. उनका मोबाईल कहां और किनके पास है, यह भी जांच का विषय बन गया है. जानकारी के अनुसार उनके मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप के जरिए आईएमए अध्यक्ष और नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अधीक्षका डॉ. रिचा शर्मा सहित कई डॉक्टरों को आपत्तिजनक संदेश भेजे गए हैं। इन संदेशों में कुछ डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

बताया जा रहा है कि संदेशों की भाषा आरोपात्मक और आपत्तिजनक है। डॉ. रिचा शर्मा को भी इसी नंबर से मैसेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें कुछ डॉक्टरों के नाम लेते हुए उन पर दुर्व्यवहार और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही उपचार प्रक्रिया और पोस्टमार्टम को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।



हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. रिचा शर्मा ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उक्त मोबाइल नंबर से संदेश किसने और किन परिस्थितियों में भेजे। मोबाइल की तकनीकी जांच और संबंधित डिटेल्स खंगाली जा रही हैं।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले को संवेदनशील मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

### भेड़ाघाट नगर परिसर में नर्मदा जल परियोजना की समीक्षा

## बोरवेल से पानी की सप्लाई बंद की जाए

**जबलपुर।** भेड़ाघाट नगर परिषद के सभागार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा एडीबी से वित्त पोषित भेड़ाघाट समूह नर्मदा जल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भेड़ाघाट, पाटन, कटंगी, मंझौली, सिहोरा, पनागर एवं तेंदूखेड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा सभी नगर पालिकाओं को निर्देशित किया गया कि वे जल शोधन संयंत्र के बिजली बिल भेड़ाघाट नगर परिषद के एस्क्रो खाते में 31मार्च के पूर्व जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर परिषद द्वारा बोरवेल से पानी की सप्लाई बंद की जाए, क्योंकि दोनों स्त्रोतों से जल आपूर्ति होने के कारण नगर परिषद पर बिजली बिल का दोहरा भार पड़ रहा है। बैठक में संयुक्त संचालक जबलपुर नगरीय विकास एवं आवासविभाग परमेश जलोटे, परियोजना प्रबंधक जबलपुर इकाई गोपाल गुप्ता, सहित सभी संबंधित उपस्थित रहे।

### पुस्तक मेला में इस बार लगेगा बुक बैंक का स्टॉल

## विद्यार्थियों से पिछले वर्ष की किताबें दान करने का आग्रह

**जबलपुर।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, कापियां एवं गणवेश उपलब्ध कराने इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला में इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले बुक बैंक के स्टॉल के लिये विद्यार्थियों से पूर्व वर्ष की किताबों का संग्रह प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पुरानी पाठ्य पुस्तकें दान स्वरूप बुक बैंक स्टॉल में देना चाहते हैं, वे अपनी पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जबलपुर तथा जिला शिक्षा केंद्र में जमा कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से भी अपेक्षा की है कि उनके विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्य पुस्तकों अथवा विद्यार्थियों के पास उपलब्ध उपयोगी पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने नागरिकों, अभिभावकों एवं से भी इस अनूठी पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पुरानी पाठ्यपुस्तकों का दान कर विद्यार्थियों के हित में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष लगाए गये पुस्तक मेला में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को नाममात्र शुल्क पर पुरानी पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई थीं। इस पहल से कई छात्रों को लाभ प्राप्त हुआ तथा आमजनों द्वारा भी इसकी व्यापक सराहना की गई।

### भाजपा नेत्री के दावे के बाद विवाद गहराया

## अक्षय शर्मा हत्याकांडः गिरफ्तारी या सरेंडर

**जबलपुर।** इंदौर में हुए अक्षय शर्मा हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर नया विवाद सामने आया है। भाजपा नेत्री शिखा शर्मा ने दावा किया है कि उनके दामाद सहित सभी आरोपियों ने स्वयं सरेंडर किया है, जबकि पुलिस का कहना है कि आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में फरार आरोपियों को जबलपुर पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा नेत्री शिखा शर्मा का दामाद शशिकांत शर्मा भी शामिल है। जबलपुर के राइट टाउन स्थित उनके निवास से गिरफ्तारी के बाद पुलिस सभी आरोपियों को इंदौर ले गई। इस घटनाक्रम के बीच शिखा शर्मा ने कहा कि पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की, बल्कि उन्होंने स्वयं आरोपियों को थाने ले जाकर सरेंडर कराया। उनका कहना है कि शशिकांत शर्मा और उसके भाई पहले से उनके संपर्क में थे। उन्होंने तीनों को बुलाकर लार्डगंज थाने पहुंचाया, लेकिन पुलिस सरेंडर को गिरफ्तारी बता रही है। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जबलपुर और इंदौर पुलिस की टीम एक बिल्डिंग से शशिकांत शर्मा को पकड़कर ले जाती दिखाई दे रही है। पुलिस अधिकारियों ने भाजपा नेत्री के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इंदौर पुलिस की टीम सूचना के आधार पर जबलपुर पहुंची थी। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी के ससुराल में दबिश दी गई, जहां शशिकांत शर्मा मौके पर मिला और उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों की जानकारी दी।

### मार्च में मई-जून जैसी गर्मी, कृषि विभाग ने दी जल्द कटाई की सलाह

# 20 दिन पहले पकी गेंहू की फसल, किसानों ने शुरु की कटाई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र के कई क्षेत्रों में मार्च के पहले ही मई जून जैसे गर्मी पडने लगी है। जिसको लेकर किसान भी चिंता में दिखाई दे रहे हैं। इस बार फसल अच्छी हुई है लेकिन अधिक गर्मी होने से गेहूं की फसल 20 दिन पहले ही पक गयी है। जिस कारण किसानों को मजबूरी में खेतों में गेंहू की कटाई शुरू करनी पड़ गई है। मटर, चना काटकर किसानों ने रख लिए हैं लेकिन किसान अब सोना काट रहे हैं जिसे गेंहू कहा जाता है। वहीं, कृषि विभाग ने भी अलर्ट कर दिया है कि किसान जल्द अपनी फसल की कटाई करें।

मौसम में आए बदलाव के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान फसलों की कटाई कर थ्रेसिंग कराने में चौबीस घंटा जुटे हुए हैं। साथ ही गेहूं की फसल में हार्वेस्टर चलवा रहे हैं, जिससे फसल सुरक्षित घर लाई जा सके। वहीं, कृषि विभाग ने भी जल्द से जल्द फसल की कटाई करने की सलाह किसानों को दी है। प्रदेश के कई जिलों में इस बार किसानों की अच्छी फसल हुई है, लेकिन गेंहू में पानी पडने से कुछ कमजोर पड़ गई है। किसान इस बार की फसल से खुश भी दिखाई दे रहे हैं। किसानों की रबी फसल तैयार हो चुकी है।



### किसानों को कटी फसल के नुकसान का डर

कुछ फसलें जैसे चना, मटर काटकर खेतों में रखवा चुका है और गेंहू की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। लेकिन किसानों को मौसम में बदलाव के साथ अचानक बारिश या बूंदा बांदी की आशंका भी बनी हुई है। जिससे किसानों को उनकी खड़ी और कटी फसल के नुकसान होने का डर भी सता रहा है। वहीं, कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि जल्द फसल काट कर सुरक्षित रखें क्योंकि आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

### इस बार बंपर हुई गेंहू की फसल

इस साल हुई लगातार बारिश के कारण किसानों की कुछ फसल खराब हो गई थी। लेकिन रबी के सीजन की फसलें अच्छी हुई हैं। चना, मटर, मसूर और सरसों किसानों का कट चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार गेंहू की फसल अच्छी हुई है। कुछ जगह के किसानों ने बताया कि मटर, चना काट चुके हैं। गेंहू की कटाई चल रही है। इस बार पैदावार अच्छी हुई है,लेकिन पानी लगने से कुछ कमजोर हो गई है।

# 1 अप्रैल से बदल जाएंगे 'पैन कार्ड' के नियम, अब नहीं होगा 'आधार' से काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में जल्द ही कुछ अहम बदलाव लागू होने वाले हैं। जिसका सीधा असर नए पैन कार्ड बनवाने वाले आवेदकों पर पड़ने वाला है। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।

- पहले आधार से हो जाता था काम, अब ज्यादा डाक्यूमेंट देने पड़ेगे

इसलिए अगर आप आने वाले समय में पैन कार्ड के लिए आवेदन करने की सोच रहे हैं, तो पहले इन बदलावों की जानकारी लेना जरूरी है। ताकि आगे परेशानी नहीं उठाने पड़े।

## अप्रैल से पैन कार्ड बनाना पहले से अधिक कठिन होगा

### आधार के साथ इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

नए नियम लागू होने के बाद पैन कार्ड के लिए आवेदन करते समय केवल आधार कार्ड पर्याप्त नहीं रहने वाला है। आवेदकों को पहचान व जन्म से जुड़े अतिरिक्त दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, 10वीं का सर्टिफिकेट या अन्य सरकारी दस्तावेज शामिल हो सकते हैं। जिससे पैन कार्ड पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित हो जाएगा।



### आधार से मेल खानी चाहिए सारी जानकारी

नए नियमों के तहत पैन कार्ड में दर्ज जानकारी आधार से पूरी तरह मेल खानी चाहिए। इसलिए आवेदन करने से पहले आधार में नाम, जन्म तिथि और अन्य डिटेल्स सही और अपडेट होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही सरकार नए आवेदन फॉर्म भी लागू करने जा रही है, जो 1 अप्रैल 2026 के बाद अनिवार्य होंगे। पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे, इसलिए पैन से जुड़ा कोई भी काम अब नए फॉर्म के माध्यम से ही किया जा सकेगा।

अभी तक 31 मार्च 2026 तक पैन कार्ड के लिए आवेदन करना काफी आसान है, जहां केवल आधार कार्ड के जरिए भी काम हो जाता है। ज्यादा डॉक्यूमेंट देने की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से यह प्रक्रिया थोड़ी सख्त होने जा रही है।

### प्रक्रिया पहले के मुकाबले लंबी होगी

नए नियम लागू होने के बाद सिर्फ आधार के बेसिस पर पैन कार्ड बनवाना संभव नहीं होगा। बल्कि आवेदकों को अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने होंगे और पूरी प्रक्रिया पहले के मुकाबले ज्याद लंबी हो सकती है। जिससे पैन कार्ड बनवाना पहले से ज्यादा कठिन हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रुपए में गिरावट से सभी तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के माहौल के कारण बढ़ती आपूर्ति चिंताओं तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के साथ-साथ आवक घटने से देश के तेल-तिलहन की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

### सेबी की निपटान नियमों में ढील के लिए आज बैठक



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल सोमवार को एक व्यापक एजेंडा पर चर्चा करने के लिए बैठक करने वाला है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, इसमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए कोष निपटान नियमों को आसान बनाने और बाजार मध्यस्थों के लिए नियामकीय ढांचे में बदलाव के प्रस्ताव शामिल हैं।

### विप्रो ने एआई-डेटा सेंटर समाधान किया पेश



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने उद्यम स्तर पर एआई को तेजी से अपनाने के लिए अपना एआई-डाटा सेंटर समाधान पेश करने की घोषणा की। यह समाधान मुख्य डाटा सेंटर ढांचे और ग्राहक अनुभव परिचालन को आधुनिक बनाने में भी मदद करेगा। एआई आधारित सेवाओं और बदलाव लाने वाले समाधानों का एकीकृत समूह उपलब्ध कराया जा सके।

### फ्लिपकार्ट कर्मचारियों को 105 फीसदी देगा बोनस



**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फ्लिपकार्ट ने कारोबार में आई मजबूती को देखते हुए अपने कर्मचारियों को वर्ष 2025 के लिए 105 प्रतिशत बोनस देने की घोषणा की है। मौजूद कंपनी के एक आंतरिक ईमेल के अनुसार, वरिष्ठ निदेशक और उससे नीचे के पदों पर कार्यरत पात्र कर्मचारियों को बोनस की यह राशि मार्च में ही दे दी जाएगी।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज व लोढा ने किया भूखंड़ों का अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड और लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड भारत में आवास की मांग को लेकर आशावादी हैं, क्योंकि दोनों रियल एस्टेट कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 25 से अधिक भूखंडों का अधिग्रहण किया है ताकि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की संयुक्त राजस्व क्षमता वाली आवासीय परियोजनाओं का विकास किया जा सके।

### नटराजन ने सेल के निदेशक का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में टी.एन. नटराजन ने निदेशक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने 19 मार्च 2026 को यह पदभार ग्रहण किया। सेल के अनुसार, नटराजन के पास उत्पादन, लॉजिस्टिक और बिक्री के क्षेत्र में 32 वर्ष से अधिक का नेतृत्व अनुभव है। वह 1993 में प्रबंधन ट्रेनी के रूप में कंपनी से जुड़े थे। विनिर्माण परिचालन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और रणनीतिक विपणन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

## अपरिहार्य स्थिति की घोषणा से आधी क्षमता पर परिचालन

# पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति बाधित आधी क्षमता पर चल रहे हैं भारत के यूरिया संयंत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच 'अपरिहार्य स्थिति' की घोषणा के चलते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बाधित होने की वजह से देश के यूरिया संयंत्र अपनी आधी क्षमता पर परिचालन कर रहे हैं। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि देश की सबसे बड़ा एलएनजी प्राप्त करने वाला टर्मिनल चलाने वाली पेट्रोनेट एलएनजी लि. ने अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की है। आपूर्तिकर्ताओं ने जलडमरूमध्य व्यवधान की वजह से कंपनी को अनुबंधित मात्रा में गैस की आपूर्ति करने में असमर्थता जताई है।

### कंपनियां उर्वरक इकाइयों को गैस आपूर्त करती है

इस कदम से सरकारी गैस वितरक कंपनियों गेल (इंडिया) लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने आपूर्ति में कटौती शुरू कर दी है। ये कंपनियां रासगैस अनुबंध के तहत उर्वरक इकाइयों को गैस की आपूर्ति करती हैं।

### भारत दुनिया का सबसे बड़ा यूरिया उपभोक्ता

विश्लेषकों का कहना है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े यूरिया उपभोक्ताओं में से एक है, और लगातार घरेलू कमी आने वाले खरीफ बुवाई सत्र से पहले उर्वरक की उपलब्धता पर असर डाल सकती है। 19 मार्च तक, भारत के पास कुल 61.14 लाख टन यूरिया का भंडार था, जो एक साल पहले इसी अवधि के 55.22 लाख टन से ज्यादा है।



- पेट्रोनेट एलएनजी ने भी अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की
- जलडमरूमध्य व्यवधान से कंपनियों को आपूर्ति में व्यवधान
- गेल, आईओसी और बीपीसीएल ने आपूर्ति में की कटौती

### परिचालन में समन्वय टूट गया

इन हालात में काम करने का मतलब है कि आप कम उर्वरक बनाने के लिए ज़्यादा ऊर्जा खर्च कर रहे हैं, और यह सीधे तौर पर वित्तीय नुकसान है। उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि परिचालन में समन्वय भी टूट गया है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। उद्योग के एक अन्य सूत्र ने कहा कि इस तरह के अचानक लोड में बदलाव बड़ी ट्रेन-आधारित अमोनिया-यूरिया संयंत्रों के लिए व्यावहारिक रूप से मुमकिन नहीं हैं।

### गैस की आपूर्ति घटाकर 60 से 65 फीसदी की

*उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, गैस आपूर्ति सामान्य स्तर से घटाकर 60-65 प्रतिशत तक कर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयों के लिए प्रभावी आपूर्ति 50 प्रतिशत से नीचे आ गई है। इस वजह से, जिन संयंत्रों पर असर पड़ा है, वहां यूरिया का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है।*

### ऊर्जा की खपत 40 फीसदी तक बढ़ी

*संयंत्र अधिकारियों के मुताबिक, वहीं इसके उलट इन जगहों पर ऊर्जा की खपत की खपत 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है, क्योंकि कम लोड पर चलने वाली बड़ी अमोनिया-यूरिया ट्रेन की तापीय दक्षता में भारी गिरावट आई है। एक संयंत्र के परिचालन प्रबंधक ने कहा, ''इस पैमाने के संयंत्र अपनी मर्जी से उत्पादन बढ़ाने या घटाने के लिए डिजाइन नहीं किए गए हैं।''*

# जेएसडब्ल्यू एमजी का ईवी विंडसर की बिक्री बढ़ाने गैर-महानगरों पर ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मॉडल विंडसर की बिक्री में 70 फीसदी योगदान
- एमजी विंडसर को अक्टूबर, 2024 में पेश किया गया था

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सबसे ज़्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल विंडसर की बिक्री में 70 प्रतिशत योगदान गैर-महानगरों का है। ऐसे में कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है इसी का लाभ उठाकर और जागरूकता बढ़ाकर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर अपनी बिक्री बढ़ाने का प्रयास कर ही है।

एमजी विंडसर को अक्टूबर, 2024 में पेश किया गया था। तब से अब तक इस मॉडल की कुल बिक्री लगभग 65,000 इकाई रही है। इस मॉडल की कुल बिक्री में से, चार महानगरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई का हिस्सा 30 प्रतिशत रहा है। शेष भारत ने इसमें 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। इस रुख पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विनय रैना ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री शुरू में महानगरों में ही थी, जिसका मुख्य कारण कम जागरूकता और ऐसे उत्पाद की कमी थी जो सच में आम लोगों को पसंद आते ।

रैना ने दावा किया, ''एमजी विंडसर के आने से यह माहौल बदल गया और यह मॉडल गैर-महानगर शहरों में ईवी की स्वीकार्यता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह सही समय पर पेश किया गया सही उत्पाद था।

### एमजी के पास कॉमेट और जेडएस ईवी मॉडल भारत में

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के पास कॉमेट और जेडएस ईवी जैसे अन्य इलेक्ट्रिक मॉडल हैं। अक्टूबर, 2024 से फरवरी, 2026 तक कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन की कुल एक लाख इकाइयां बेची हैं। वर्ष 2025 में कंपनी ने परंपरागत इंजन वाली गाड़ियों सहित कुल बिक्री में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की और उसकी बिक्री 70,554 इकाई रही।

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल



- पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से निवेशकों की धारणा प्रभावित
- रामनवमी पर गुरुवार को शेयर बाजार रहेगा बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि वैश्विक बाजारों के रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख और रुपये-डॉलर की चाल भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगी। 'राम नवमी' के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।'मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सप्ताह बाजार आंकड़ों के प्रति संवेदनशील रह सकता है। पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव प्रमुख बाहरी कारक बने रहेंगे और निकट अवधि में बाजार रुझान को तय करेंगे। मिश्रा ने आगे कहा, ''घरेलू मोर्चे पर निवेशक विनिर्माण, सेवाओं और कंपोजिट श्रेणियों के लिए एचएसबीसी के पीएमआई के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे, जो व्यावसायिक गतिविधियों के रुझानों का शुरुआती संकेत देगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का भारत की वृद्धि और कॉरपोरेट आय पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं के कारण, विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 88,180

### पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 31 अंक की गिरावट

कच्चे तेल की कीमतों में कमी या तनाव कम होने के किसी भी संकेत से तेजी आ सकती है, जबकि तनाव बढ़ने से बाजार पर और दबाव पड़ सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 30.96 अंक (0.04 प्रतिशत) और एनएसई निफ्टी में 36.6 अंक (0.15 प्रतिशत) की गिरावट दर्ज की गई थी।

## सरकार ने निर्यात ऋण के लिए किया संशोधन



**नई दिल्ली।** सरकार ने 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत खेप भेजने से पहले और खेप भेजने के बाद निर्यात ऋण के लिए ब्याज सहायता योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। इन बदलावों के अनुसार जिस तारीख से ऋण खाते को गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, उस तारीख से कोई सहायता लाभ नहीं दिया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक नोटिस में कहा कि ब्याज सहायता योजना केवल दो जनवरी या उसके बाद जारी किए गए निर्यात ऋण के संबंध में लागू होगी।

# सरकार आईडीबीआई में ओएफएस के माध्यम से हिस्सेदारी बेचेगी

- वर्तमान में आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी केवल 5.29 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से शेयर बेचने पर विचार कर सकती है। यह कदम उस कोशिश के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें एलआईसी-नियंत्रित बैंक में हिस्सेदारी बेचने का प्रयास असफल रहा। वर्तमान में आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी केवल 5.29 प्रतिशत है, जिससे बैंक का सही मूल्यांकन करना मुश्किल हो जाता है। बाकी के शेयर बीमा कंपनी एलआईसी के पास हैं, जिसके पास 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी और बैंक पर नियंत्रण है।

*शेयर का सही मूल्य तय करना मुश्किल : सूत्रों के अनुसार, आईडीबीआई बैंक में कम फ्री फ्लोट यानी सार्वजनिक हिस्सेदारी होने के कारण शेयर का सही मूल्य तय करना मुश्किल है। अगर इसे 10–15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए तो शेयर का मूल्य निर्धारण अधिक भरोसेमंद और पारदर्शी हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रणनीतिक बिक्री (ओएफएस) के एक या दो चरणों के बाद भी की जा सकती है।*

# आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया 31 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एचएसबीसी) पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बैंक पर निष्क्रिय खातों और बिना दावे वाली जमा राशि से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप है। आरबीआई ने बयान में कहा कि बैंक की निगरानी संबंधी जांच उसके 31 मार्च, 2025 तक के वित्तीय हालात के आधार पर की गई थी। जांच में आरबीआई के निर्देशों के पालन में कमी मिलने के आधार पर बैंक को नोटिस जारी किया गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नोटिस पर बैंक के जवाब, अतिरिक्त प्रस्तुतियां और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दी गई मौखिक दलीलों पर विचार करने के बाद यह पाया गया कि बैंक पर लगे आरोप सही हैं। इसी कारण उस पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया।

# भारत एक दीर्घकालिक निवेश बाजार : अमेजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेजन भारत को एक दीर्घकालिक निवेश बाजार के रूप में देखती है, जहां ई-कॉमर्स अभी भी अपने शुरुआती चरण में है। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार और सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के दम पर यहां वृद्धि की पर्याप्त गुंजाइश है।

- ई-कॉमर्स में वृद्धि की जबर्दस्त गुंजाइश

अमेजन के भारत और ऑस्ट्रेलिया के परिचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि कंपनी ने हाल में 12.5 करोड़ उत्पादों पर 'शून्य रेफरल शुल्क' का विस्तार किया है, जिस पर विक्रेताओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, ''विक्रेता न केवल शुल्क कटौती से उत्साहित हैं, बल्कि वे इन लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए भी उत्सुक हैं। इससे बाजार में बेहतर कीमतें मिल सकेंगी। साथ ही, वे अपना मार्जिन भी सुधार पा रहे हैं। सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत के लिए कंपनी का नजरिया बेहद मजबूत है।

*35 अरब डॉलर निवेश की घोषणा : अमेजन ने हाल ही में 2030 तक भारत में अपने व्यवसायों में 35 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की है, जो इस बाजार में पहले से निवेश किए गए करीब 40 अरब डॉलर के अतिरिक्त होगा। दिसंबरख 2025 की घोषणा के अनुसार, यह निवेश एआई-संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगा।*

## कंपनियों को शुरूआती गर्मी की मांग प्रभावित होने की आशंका

# बेमौसम बारिश से एसी बनाने वाली कंपनियां हुई सतर्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश के बाद एयर कंडीशनर (एसी) बनाने वाली कंपनियां सतर्क हो गई हैं। कंपनियों को आशंका है कि इससे गर्मी की शुरुआत में एसी की मांग प्रभावित हो सकती है, जबकि यही समय उनकी बिक्री के लिए सबसे अहम होता है। उद्योग जगत की चिंता सिर्फ मौसम तक सीमित नहीं है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे माल, खासकर प्लास्टिक की कीमतें बढ़ रही हैं। साथ ही एलपीजी गैस की आपूर्ति भी कम हो गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ रहा है। कंपनियों का कहना है कि प्लास्टिक महंगा होने से वॉशिंग मशीन और फ्रिज जैसे बड़े घरेलू उपकरणों की कीमतें 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं।

### मौसम के रुख से कंपनियां असमंजस में

आमतौर पर मार्च महीने में गर्मी बढ़ने लगती है और ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों की मांग तेज हो जाती है, लेकिन इस बार मौसम के बदले रुख से कंपनियां असमंजस में हैं। हालांकि,



- पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही

उन्हें उम्मीद है कि अप्रैल में तापमान बढ़ेगा और मांग भी सुधरेगी। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के उपकरण कारोबार के प्रमुख कमल नंदी ने कहा कि अगले हफ्ते के बाद दिल्ली और उत्तर भारत में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। नंदी ने कहा कि अभी बिक्री पर असर को लेकर कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

### अप्रैल में फिर से कीमतें बढ़ाई जा सकती है

नंदी ने कहा कि कंपनियां इस साल पहले ही कीमतें बढ़ा चुकी हैं, जब जनवरी से नए ऊर्जा लेबलिंग नियम लागू हुए। अब कच्चे माल और ढुलाई लागत बढ़ने के कारण अप्रैल में फिर से कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। गोडरेज ने एक अप्रैल से एसी की कीमतों में पांच से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का संकेत दिया है।

### उत्पादन में 20 से 30 फीसदी की कटौती

हायर इंडिया के अध्यक्ष एन. एस. सतीश ने बताया कि कारखानों को मिलने वाली एलपीजी गैस की आपूर्ति कम कर दी गई है। अगर यह स्थिति बनी रहती है तो गर्मी के व्यस्त सीजन से पहले उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत तक कटौती करनी पड़ सकती है।

### उद्योगों को एलपीजी की आपूर्ति घटी

सरकार ने घरेलू रसोई गैस को प्राथमिकता देने के लिए उद्योगों को मिलने वाली एलपीजी आपूर्ति को उनकी औसत खपत के 80 प्रतिशत से घटाकर 65 प्रतिशत कर दिया है। इससे एसी विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाली प्रक्रियाओं पर असर पड़ रहा है।

# स्कोडा ऑटो का 2026 में बिक्री में 12 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेक वाहन ब्रांड स्कोडा इस साल भारत में '10 उत्पादों में कुछ बदलाव' और देश में नेटवर्क के विस्तार के जरिये बिक्री में 12 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, ''कंपनी ने अपने मध्यम आकार के मॉडल एसयूवी कुशाक का नया संस्करण पेश किया है। कंपनी ने भविष्य में एक लाख इकाइयों की सालाना बिक्री का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, यह 2026 में नहीं होगा। कंपनी ने 2025 में करीब 72,000 वाहन बेचे थे।



वाहन डीलर संघों के महासंघ के अनुसार, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की मदद से, भारत में यात्रियों गाड़ियों की खुदरा बिक्री 2025 में 44,75,309 इकाई रही, 2024 में यह 40,79,532 इकाई थी, जो 9.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों के वृद्धि परिदृश्य के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, ''मुझे इस साल बाजार में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, और इतने ऊंचे आधार पर चार से पांच प्रतिशत एक बड़ी वृद्धि होगी।

## चिंतन

# एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं

तकनीक का हर नया दौर अपने साथ संभावनाओं का उजाला और आशंकाओं की छाया दोनों लेकर आता है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उससे हमारी उम्मीदें भी बहुत बड़ी हैं और सावधानियां भी उतनी ही जरूरी। हाल ही में जस्टिस सूर्यकांत ने जो बात कही, वह सिर्फ न्यायपालिका ही नहीं, पूरे समाज के लिए एक दिशा-सूचक सिद्धांत है यानी एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं। बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विवादों की रोकथाम और समाधान' विषय पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि एआई को न्यायिक प्रणाली में इस तरह शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वह व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसकी मूल आत्मा को कमजोर कर दे। यह कथन केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि भविष्य की न्याय व्यवस्था का खाका भी है। आज अदालतों में लंबित मामलों का अंबार है। वर्षों तक चलने वाली सुनवाई, दस्तावेजों का भारी बोझ और जटिल प्रक्रियाएं, ये सब न्याय की गति को धीमा कर देते हैं। ऐसे में एआई का उपयोग बड़े पैमाने पर डेटा संभालने, पैटर्न पहचानने और प्रक्रियागत देरी को कम करने में बेहद उपयोगी हो सकता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या एआई को फैसले सुनाने का अधिकार मिलना चाहिए? यहीं पर सीजेआई की बात सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। न्याय केवल तथ्यों का गणित नहीं है, यह मानवीय संवेदनाओं, नैतिकता और परिस्थितियों की गहराई से जुड़ा हुआ है। एक जज अपने अनुभव, विवेक और तर्कशक्ति के आधार पर निर्णय लेता है। एआई, चाहे कितना भी उन्नत क्यों न हो, इन मानवीय गुणों की बराबरी नहीं कर सकता। एआई के निर्णय पूरी तरह उसके प्रशिक्षण डेटा पर आधारित होते हैं। यदि उस डेटा में कोई पक्षपात या कमी है तो उसका असर फैसलों पर भी पड़ सकता है। इससे न्याय की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। यही कारण है कि एआई को केवल एक सहायक उपकरण के रूप में सीमित रखना ही बुद्धिमानी है। इसके अलावा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पारदर्शिता भी दांव पर लग सकती है। यदि फैसले एआई पर निर्भर होने लगें तो जवाबदेही किसकी होगी। मशीन की या उसे बनाने वाले प्रोग्रामर की? यह एक जटिल नैतिक और कानूनी प्रश्न है, जिसका अभी स्पष्ट उत्तर नहीं है। इसलिए जरूरी है कि अंतिम निर्णय का अधिकार हमेशा इंसानों के पास ही रहे। दरअसल, एआई का सही उपयोग वहीं है, जहां वह इंसानी क्षमता को बढ़ाए, न कि उसे प्रतिस्थापित करे। जैसे एक अच्छा सहायक अपने मालिक के काम को आसान बनाता है, वैसे ही एआई को भी न्यायाधीशों और वकीलों के लिए एक सहायक की भूमिका निभानी चाहिए। दिशा तय करने का अधिकार हमेशा इंसानी बुद्धि और विवेक के पास ही रहना चाहिए। आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है, तब यह संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। तकनीक को अपनाना समय की मांग है, लेकिन आंख मूंदकर उस पर निर्भर हो जाना खतरनाक हो सकता है। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्याय, अंततः इंसानों के लिए और इंसानों द्वारा ही किया जाने वाला कार्य है। यह कहना गलत नहीं होगा कि एआई एक शक्तिशाली साधन है, लेकिन उसकी शक्ति का सही उपयोग ही उसे वरदान या अभिशाप बनाता है। जस्टिस सूर्यकांत का यह संदेश हमें याद दिलाता है कि तकनीक को अपने नियंत्रण में रखना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ती दुश्वारियां



दृष्टिकोण
अखिलेश आर्येन्दु

हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया के अधिकांश देशों में तमाम तरह की समस्याएं और संकट बढ़ता जा रहा है। इसका असर आर्थिक क्षेत्र में पड़ ही रहा है, साथ ही होटल, पर्यटन उद्योग, चिकित्सा पर्यटन, पर्यावरण, जहाजरानी, एयरलाइंस (उड़ानों), ऊर्जा सुरक्षा, धर्मशाला पर्यटन, गैस संकट, उद्योग धंधों और शेयर बाजार पर गहराई से पड़ा है। अभी कहना मुश्किल है कि कब तक यह संघर्ष चलेगा और कितनी गंभीर समस्याएं और बढ़ेंगी। हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं।

संघर्ष के 20 दिन गुजर गए हैं। इन बीते दिनों में पश्चिम एशिया के देशों के संघर्ष के दौरान मिसाइलों, ड्रोन, बमों और दूसरे हथियारों के इस्तेमाल से सबसे ज्यादा विनाश हुआ है तो वह है पर्यावरण का। संघर्ष से महज वायु प्रदूषित नहीं हुई है बल्कि जल, भूमि और पारिस्थितिक तंत्र की अपूरणीय क्षति हुई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि संघर्ष की वजह से भारी तादाद में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन हो रहा है जिससे 33.2 से ज्यादा मिलियन मीट्रिक टन कार्बनडाइआक्साइड के बराबर जहरीली गैसों का उत्सर्जन हुआ है, जो जार्डन जैसे देश के कुल वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है। वहीं पर तेल रिफाइनरियों और गैस प्लांटों पर हमले से काली बारिश जैसे मंजर दिखाई देने लगे हैं। इससे इजराइल, ईरान, कुवैत, अरब अमीरात जैसे देशों में ही वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या पैदा हुई है, बल्कि पश्चिम एशिया के तमाम देशों तक इसका गंभीर असर दिखाई देने लगा है। बेतहाशा बमबारी की वजह से तमाम शहरों में मलबों का अंबार लग गया है और खतरनाक रसायन मिट्टी और भूजल में मिल रहे हैं। इससे समुद्र, नदी, पाताल सभी जगह का पानी जहरीला होता जा रहा है। तमाम इलाकों में पीने वाले पानी की ही किल्लत पैदा नहीं हुई है, बल्कि सिंचाई व घरेलू इस्तेमाल में आने वाले पानी की किल्लत हो गई है। बमबारी और मिसाइलों से तहस-नहस हुए इलाकों का डरावना मंजर देखकर युद्ध की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। समाचार एजेंसियों के मुताबिक मलबा इतना ज्यादा है कि युद्ध रुकने के बाद भी ऐसे इलाकों में रहना मुमकिन नहीं होगा, क्योंकि बमों से निकले जहरीले रसायनों और गैसों से महीनों तक वातावरण पूरी तरह जहरीला बना रहेगा। बहुत बड़ी तादाद में होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल के जहाज तैर ही नहीं रहे हैं, बल्कि समुद्र में बहुत बड़ी तादाद में तेल फैल रहा है। इससे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। इस नुकसान की भरपाई कर पाना नामुमकिन बताया जा रहा है। जाहिर तौर पर पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे खाड़ी क्षेत्र के देशों के लिए पानी की बढ़ती किल्लत से जल संकट बढ़ रहा है, जिससे हालात और भी ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। जितनी समस्याएं, संकट और दुश्वारियां बढ़ रही हैं, वे बढ़ते संघर्ष का नतीजा है। इसलिए युद्ध रुकवाना सबसे जरूरी है। संघर्ष रुकवाने की जितनी कोशिशें अभी तक



हुई हैं, वे नाकाम साबित हुई है। इसका असर लोगों में दहशत, पलायन और भुखमरी के रूप में सामने आया है। जानकारों के मुताबिक संघर्ष की वजह से 2026 में मध्य-पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की तादाद में 11 से 27 प्रतिशत तक की कमी आने की उम्मीद है। इससे पर्यटन क्षेत्र में 34 से 56 मिलियन डालर का नुकसान होने की उम्मीद है। भारत सहित कई देशों की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आए दिन रद्द हो रही हैं। इससे पर्यटकों की तादाद में भारी कमी देखी जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास संघर्ष की वजह से पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है। होटलों, धर्मशालाओं की बुकिंग में भारी कमी आई है। वहीं, उद्योग धंधों पर भी असर पड़ा है। पिछले 20 दिनों से जारी संघर्ष का असर भारत सहित एशिया के देशों पर पड़ा है। उद्योग जगत पर इसका सीधा असर देखा जा रहा है। गैस संकट की वजह से भारत में उन उद्योगों पर गहरा असर दिखाई दे रहा है, जहां गैस की खपत ज्यादा होती थी। सर्वेक्षण के मुताबिक भारतीय उद्योग धंधों में 30 प्रतिशत से अधिक की उत्पादन में कमी आई है। बड़ी विनिर्माण कंपनियों से लेकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों तक तमाम कंपनियां उत्पादन के मामले में बहुत अधिक संघर्ष कर रही हैं। कच्चा माल और पर्याप्त ईंधन न मिलने की वजह से भी उत्पादन में भारी गिरावट आई है। स्टील, पेंट, आयरन उत्पादन, बड़े उत्पादन क्षेत्रों में कार्यरत रसोई, मशीन निर्माण सहित तमाम क्षेत्रों पर गैस की कमी की बात कही जा रही है। भारतीय होटलों, ढाबों, रेस्तरांओं और कैंटीनों में भी गैस की समस्या की बात कही जा रही है। भारत में यह बड़े स्तर पर नहीं है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यदि संघर्ष का दौर आगे बढ़ता जाएगा तो समस्या आनी तय है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बमबारी और मिसाइलों के हमलों से निकल रही जहरीली गैसें उन देशों तक पहुंच सकती हैं जो देश इस संघर्ष में किसी भी तरह शामिल नहीं हैं। यही नहीं, संघर्ष पर नजदीक से नजर रखने वाले पर्यटक और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम के तमाम मुल्कों में युद्ध में विस्थापित लोगों के पुनर्वास की समस्या विकराल हो सकती है, जिससे देशों के सीमा से सटे देश में सुरक्षा की बहुत बड़ी समस्या पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। गौरतलब है पिछले दो सालों में रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान यूक्रेन से हजारों की तादाद में लोग को अपना पुश्तैनी निवास छोड़कर उन जगहों पर शरण लेनी पड़ी, जहां उनके योग-क्षेम की व्यवस्था बहुत कम थी। युद्ध विस्थापकों की समस्या दुनिया की तमाम विस्थापित समस्याओं में बहुत गंभीर देखी गई है। ईरान और दूसरे देशों से विस्थापित लोग उस तरफ रुख कर रहे हैं, जहां वे अपने लिए सुरक्षित समझ रहे हैं। इनकी मदद की अपील दुनिया के तमाम मानवाधिकार पर कार्य करने वाली संस्थाएं कर रही हैं, लेकिन अभी वैसी मदद इन्हें नहीं मिल रही है, जिसकी इन्हें जरूरत है। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुनिया में हाहाकार मचा था। जापान सहित दुनिया के तमाम देशों के हालात बेहद नाजुक हो गए थे। इस संघर्ष को लेकर भी कहा जाने लगा है कि यदि समझदारी और संवाद के जरिए युद्ध खत्म करने पर रजामंदी नहीं हुई तो, एक बार फिर दुनिया एक नए विश्व युद्ध के दायरे में आ सकती है। भारत अपनी कूटनीति और रणनीति के जरिए पूरी कोशिश में है कि जितनी जल्द हो सके, संघर्ष विराम के लिए तीनों देश रजामंदी कर लें। भारत कहता रहा है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इससे सभी देशों में संकट और समस्याएं बढ़ेंगी। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

डॉ. घनश्याम बादल



# स्वाधीनता की दहाड़ और इंकलाब की अनुगूंज

आज है 23 मार्च। एक ऐसी शख्सियत को उनकी पुण्यतिथि पर याद करने का दिन। 28 सितंबर 1907 को वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लायलपुर में जन्मे, अपनी जवानी को मातृभूमि पर चढ़ाने वाले उस जोशीले नौजवान का नाम था भगत सिंह, जिसे उसकी दादी 'भागोंवाला' कहा करती थी। शायद उसका जन्म ही आजादी दिलवाने के लिए हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विराट आख्यान में भगत सिंह का नाम केवल एक क्रांतिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और एक सतत प्रतिरोध की परंपरा रूप में दर्ज है। अंग्रेजी सत्ता के मन में उनका कितना भय था, यह इसी से पता चलता है कि उनकी फांसी की तारीख 24 मार्च तय हुई थी, लेकिन 23 मार्च को ही सुबह 7:30 बजे उन्हें राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, तब वे महज 23 वर्ष के थे, किंतु उनकी वैचारिक परिपक्वता, वैचारिक निर्भीकता और राजनीतिक स्पष्टता ने उन्हें अपने समय से कहीं आगे खड़ा कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करना केवल एक औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उस असहज प्रश्न से सामना करना भी है कि क्या हमने उस भारत का निर्माण किया, जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। भगत सिंह का जीवन एक साधारण देशभक्त युवक से एक प्रखर वैचारिक क्रांतिकारी बनने



की यात्रा है। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनके मन पर जो अमिट छाप छोड़ी, उसने उनके भीतर अंग्रेजी सत्ता के प्रति गहरा आक्रोश पैदा किया। किशोर अवस्था में ही उन्होंने खेतों में खून से सनी मिट्टी को बोतल में भरकर अपने साथ रखा। यह प्रतीक था उस प्रतिज्ञा का, जो उन्होंने अन्याय के विरुद्ध ली थी। आगे चलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़कर उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों को संगठित रूप दिया। कार्ल मार्क्स, लेनिन और अन्य समाजवादी चिंतकों के साहित्य ने उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाया।

उनकी प्रसिद्ध उक्ति "क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है" इस बात का प्रमाण है कि वे विचारों की शक्ति को सर्वोपरि मानते थे। उनकी शायरी और लेखन में भी यह वैचारिक ताप स्पष्ट दिखाई देता है-चाहे वह "सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है" जैसी पंक्तियों के प्रति उनका अनुराग हो या जेल में लिखे गए उनके लेख, जिनमें एक स्वतंत्र, समतामूलक और वैज्ञानिक दृष्टि वाले समाज की परिकल्पना झलकती है। सांडर्स हत्याकांड और केंद्रीय विधानसभा बम कांड में उनकी भूमिका ने ब्रिटिश सरकार को उन्हें एक ख़तरनाक क्रांतिकारी के रूप में स्थापित करने का अवसर दिया। किंतु यह भी उतना ही सच है कि असेंबली में फेंका गया बम जान लेने के लिए नहीं, बल्कि "बहरों को सुनाने" के लिए था। उन्होंने स्वयं गिरफ्तारी दी ताकि अदालत को अपने विचारों के प्रचार का मंच बना सकें। यह एक असाधारण राजनीतिक रणनीति थी, जिसने उन्हें एक सच्चा सरदार और जननायक बना दिया। जेल में उनके संस्मरण और लेखन उनकी वैचारिक ऊंचाई को और स्पष्ट करते हैं। "मैं नास्तिक क्यों हूं" जैसे लेख में उन्होंने धार्मिक आस्थाओं पर प्रश्न उठाते हुए तर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समर्थन किया। उनके द्वारा की गई लंबी भूख हड़ताल, जिसमें उन्होंने भारतीय कैदियों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई, उनके मानवीय और नैतिक पक्ष को उजागर करती है। आज के संदर्भ में भगत सिंह की प्रासंगिकता केवल एक क्रांतिकारी प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि एक वैचारिक मार्गदर्शक के रूप में अधिक महत्वपूर्ण है। उनकी शहादत हमें यह भी सिखाती है कि राष्ट्रभक्ति केवल भावनात्मक आवेग नहीं, बल्कि एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार प्रतिबद्धता है। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अध्ययन जारी रखा, विचार किया और अपने समय की राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया। यह बौद्धिक ईमानदारी ही उन्हें अन्य क्रांतिकारियों से अलग करती है। आज जब हम उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हैं तो यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल नारों और प्रतीकों तक सीमित न करके रह जाएं। भगत सिंह का असली सम्मान तभी होगा जब हम उनके विचारों-वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक न्याय और निर्भीक अभिव्यक्ति-को अपने जीवन और समाज में आत्मसात करें। उनकी शहादत एक ऐतिहासिक घटना भर नहीं, बल्कि एक सतत प्रेरणा है, जो हर पीढ़ी से यह प्रश्न पूछती है कि क्या हम उस आजादी के योग्य हैं, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## सटाका




## आज की पाती

### याद रखना हमेशा, वन हैं तो हम हैं

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर, 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। तब से हर वर्ष की 21 मार्च को यह दिवस मनाया जाता रहा है। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। वनों की रक्षा के लिए सरकार, नागरिकों तथा संस्थाओं को मिल कर काम करना होगा।

*– मीना मलिक, हिसार*

## ट्रेंड

### नए युग को आकार



मोदी जी की दशकों की सेवा ने एक नए युग को आकार दिया है। चाहे गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, विकास में नए मुकाम हासिल करना हो या वैश्विक मंचों पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### आयुष्मान भारत योजना



हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का निर्णय लिया ताकि जरूरतमंद परिवारों को 10 लाख तक के मुफ्त इलाज का सहारा मिल सके। आज 7 लाख से ज्यादा परिवारों के पास आयुष्मान भारत योजना का सुरक्षा कवच है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हवाई यात्रा का किराया



हवाई यात्रा का किराया मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। मोदी सरकार हवाई किराए पर लगी सीमा को हटा रही है, जिससे टिकटों की कीमतों में भारी मुद्रास्फीति हो सकती है। सरकार को हवाई किराए को अधिक प्रभावी ढंग से विनियमित करने पर काम करना चाहिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### चाटुकारिता की दुकानें



गैस ने 'चाट' की दुकाने बंद कर दी हैं और जनता का विरोध देखकर 'चाटुकारिता' की भी दुकानें जल्दी ही बंद हो जाएंगी... उनके शटर गिरना तो शुरू ही हो चुके हैं...बस ताला लगना बाक़ी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' जानलेवा : नया अध्ययन



'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' (जीवाणु जनित मस्तिष्क ज्वर) एक बार फिर दुनियाभर में सुर्खियों में है। इस बीमारी के हाल में सामने आए मामले न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय और इंग्लैंड के केंट विश्वविद्यालय से जुड़े हैं। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' को एक गंभीर और जानलेवा बीमारी माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि इससे संक्रमित लगभग हर छह में से एक व्यक्ति की मौत हो जाती है, भले ही उसे तुरंत चिकित्सकीय देखभाल और एंटीबायोटिक उपचार मिला हो। यह आंकड़ा भयावह है जिस पर अकसर बात होती है लेकिन इस बारे में अधिक बात नहीं की जाती कि इस अत्यधिक संक्रामक रोग से बच जाने वाले लोगों के साथ भविष्य में क्या होता है। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' संबंधी अधिकतर शोध का रुख लगभग एक जैसा रहा है और उनमें मुख्य रूप से उस गंभीर चरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है जब लोग अस्पताल में भर्ती होते हैं और उनका उपचार चल रहा होता है लेकिन इससे इस धारणा को भी बल मिलता है कि 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' एक अल्पकालिक बीमारी है जबकि ऐसा नहीं है। अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर मरीजों को इलाज के काफी बाद तक भी शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्तर पर इसके असर झेलने पड़ते है।

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जंगल में महुआ चुनने गए युवक को हिंसक बाघ ने बनाया शिकार: अचानक बाघ ने किया हमला, दर्दनाक मौत

बरघाट

वन विकास निगम बहरई के अंतरा बीट से सटे नाले में आज बाघ ने हमला कर एक व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया मची चीख पुकार ग्राम अँखिवाड़ा निवासी अशोक उईके पिता प्रेमलाल उईके उम्र 50 वर्ष कल दिनांक 20 मार्च को सुबह सात बजे अपने घर से महुआ चुनने जंगल की ओर गया था, निरंतर दूसरी घटना फिर भी वन विभाग का आदमखोर बाघ पर कोई अंकुश नहीं आखिर क्यों क्या यह लापरवाही या सक्रियता राकेश अगरवार विकासखंड बरघाट के बेहरई वन परिक्षेत्र में जंगली जानवरों की चहलकदमी निरंतर बढ़ती जा रही है जिससे यह हिंसक जानवर अब महुवा चुनने वाले लोगो पर अचानक हमला कर अपना शिकार बनाते जा रहे हैं। विगत दिवस शाम को जंगल की ओर गए युवक का पता नही चलने पर वह घर वापस नहीं आया तो परिवार के लोग कुछ ग्रामीणों के साथ उसे ढूंढने निकले,कुछ ही समय बाद मृतक का शव अंतरा बीट से सटे लामता प्रोजेक्ट के नाले में मिला जिसका अधिकतर हिस्सा बाघ के द्वारा खा लिया गया था।

### पहले मृतक का बनाया गया पंचनामा

घटना स्थल पर जिस समय पंचनामा कार्यवाही चल रही थी उसी समय घटना को देखने पहुंचे तो शब्बीर खान पर बाघ ने हमला करने का प्रयास किया सौभाग्य से आष्टा निवासी शब्बीर खान की जान बच गई अन्यथा बाघ इनपर हमला करने ही वाला था। घटना स्थल पर पंचनामा कार्यवाही करते समय विभागीय अधिकारियों सहित लगभग दो सौ ग्रामीण मौजूद थे इसके बवाजूद बाघ ने हमला करने की कोशिश की जिससे प्रतीत होता है कि यह बाघ आदमखोर बन गया है जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की ओर से समीप के सभी ग्रामवासियों को समझाइश दी गई है कि जंगल में अकेले ना जाए और किसी भी कारण से रात के समय जंगल में जाने से बचे,





### घात कर जंगल के अंदर भागा बाघ

वन विकास निगम बहरई के वन अमले सहित लामता प्रोजेक्ट के अधिकारी कर्मचारी बाघ की पहचान और लोकेशन को पता करने के लिए जंगल में कैमरा लगाने का काम कर रही हैं जिससे बाघ की गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मृतक का शव

घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई,रात में किसी भी प्रकार की कार्यवाही करना संभव नहीं था जिस कारण से प्रशासनिक अमला आज दिनांक 21 मार्च को घटना स्थल पर पहुंचा और विधिवत कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा भेजा गया।

### विभाग मौन आखिर क्यों

वन विकास निगम के वन परिक्षेत्र बहरइ अंतर्गत एक माह में ये दूसरी घटना है जिसमें बाघ के द्वारा इंसान पर हमला कर अपना शिकार बना लिया गया है अभी कुछ ही समय पहले ग्राम पांडरवानी में बाघ के द्वारा एक महिला को अपना शिकार बना लिया गया था और अब ये दूसरी घटना घटित हो गई वन विभाग ये जानने की कोशिश कर रहा कि कही ये दोनों घटनाओं के लिए एक ही बाघ तो जिम्मेदार नहीं है अगर ऐसा है तो आने वाले समय में इस तरह की घटना पुनः घटित होना संभावित है। क्या वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान आकर्षित कर बाघ पर अंकुश लगा पाएंगे या नहीं यह समझ के परे है।

## डुण्डासिवनी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को किया सकुशल दस्तयाब

**डुण्डासिवनी** एक आरोपी पुलिस गिरफ्त मे पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन में एवं ए.एस. पी. श्री दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेत्तृव मे कार्य करते हुए थाना डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। दिनांक 27/12/2025 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 17 वर्ष 09 माह कि नाबालिग बालिका घर से अपने मामा के घर ग्राम डुंगरिया घूमने गयी थी जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 584/25 धारा 137(2) वीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी।

## कुएं में तेंदुए का शव मिलने के बाद, वन विभाग ने खेत मालिक को बनाया आरोपी

छतरपुर।

जिले के खजुराहो वन परिक्षेत्र कार्यालय के अंतर्गत बंसिया बंसिया गांव में कालिया बाबा स्थान के निकट एक खेत पर बने बिना मुंडेर के कुएं में तेंदुए का शव मिलने के बाद वन विभाग ने जांच में पाया कि खेत मालिक द्वारा खेत की रखवाली के लिए 11 केवी के लगाए गए नंगे तारों की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हुई है। वन विभाग ने विद्युत के नंगे तार और खूंटी बरामद करने के बाद खेत मालिक अग्निहोत्री को आरोपी बनाया है। वन विभाग की टीम ने आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई। वन अपराध प्रकरण क्रमांक 643/20 दिनांक 20 मार्च 2026 पंजीबद्व किया गया और इस मामले में खेत मालिक को गिरफ्तार किया गया है जानकारी के अनुसार 20 मार्च 2026 को वन मण्डल छतरपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र लवकुशनगर (खजुराहो) की बीट हर्रई से लगे राजस्व ग्राम बंसिया अंतर्गत कुएं में एक मृत वन्य प्राणी तेदुआ का शव पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और जांच उपरांत घटना स्थल का घेराव किया गया। घटना स्थल के निरीक्षण के लिए पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना के डॉग स्कॉड को बुलाया गया प्रकरण में दिनांक 21 मार्च 2026 को डॉग स्कॉड के द्वारा गहन छानबीन की गई। जिसमें प्रथम दृष्टया पाया गया कि तेंदुआ को करंट लगाकर मारा गया और उसे कुएं में फेंक दिया गया। जिसके चलते वन विभाग ने खेत मालिक को आरोपी बनाकर न्यायालय में पेश किया, जहां जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

## नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म, शिक्षक व होटल मैनेजर गिरफ्तार

**रीवा। जिले की बैकुण्ठपुर पुलिस ने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिक्षक व होटल मैनेजर को 24 घण्टे में गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 मार्च को मझिगवां शासकीय स्कूल में पीटीआई टीचर सुखदेव सिंह अपने विद्यालय में पढने वाली नाबालिक छात्रा को रीवा में खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल होने की झूठी जानकारी देकर अपने साथ रीवा ले गया व वहां होटल के कमरे में ले जाकर नाबालिक छात्रा के साथ छेडछाड करने लगा।**

नाबालिक छात्रा होटल के कमरे से भागकर होटल के मैनेजर को घटना बताई होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी ने पैसे के लालच में आकर कमरा दिया था और पीडिता द्वारा घटना बताने पर पीडिता को डरा धमका कर घर भेज दिया। पीडिता अपने घर आकर अपनी माँ को घटना बताई व पापा के घर आने पर दिनांक 20 मार्च को थाना जाकर रिपोर्ट की थी। पुलिस नें घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपी सुखदेव सिंह व होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बिना रेरा पंजीयन के नहीं होगी कॉलोनियों के जमीनों की रजिस्ट्री

**रीवा।** प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। अब प्रदेश में किसी भी बिल्डर या डेवलपर को फ्लैट या मकान बेचने से पहले सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करना होगा कि उसके प्रोजेक्ट का भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में पंजीयन है या नहीं। नई व्यवस्था के तहत अब बिक्रय अनुबंध में रेरा पंजीयन नंबर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से अवैध कॉलोनियों की बसाहट एवं धोखाधड़ी पर लगाम लगेगी। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए इस नियम को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। यदि किसी संपत्ति के विक्रय अनुबंध में रेरा पंजीयन नंबर का उल्लेख नहीं होगा, तो उप रजिस्ट्रार उस संपत्ति की रजिस्ट्री करने से मना कर सकेगा। इस कदम से उन बिल्डरों पर रोक लगेगी जो अब तक उपभोक्ताओं को धोखे में रखकर बिना पंजीयन के ही मकान या फ्लैट बेच देते थे। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में कई बिल्डर रेरा नियमों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। बिना पंजीयन के बेचे गए इन मकानों के कारण बाद में उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाओं और मालिकाना हक के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि, नियमों के उल्लंघन पर रेरा द्वारा भारी जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद कई बड़े प्रोजेक्ट बिना पंजीयन के ही पूरे कर लिए जाते हैं।

## सोना दोगुना करने के चक्कर मे गवां बैठी सोने के जेवरात व नकदी




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस नगर के समीपी क्षेत्र में सोना डबल करने के लालच में एक महिला लगभग 8-10 तोला सोने के जेवर और नकदी गंवा बैठी। मामला शहर के छिंदवाड़ा बायपास क्षेत्र का है। घटनाक्रम बीते 14 मार्च का बताया जा रहा है जिसमें पुलिस को महिला की ओर से शिकायती आवेदन 16 मार्च को मिलना बताया गया है। जानकारी के अनुसार रजनी विश्वकर्मा 50 वर्ष अपनी मां के साथ बांसकुंवारी रोड हाइवे के पास रहती हैं। परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं। रजनी का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले अजय मेहरा उर्फ अज्जू ने उन्हें एक तथाकथित बाबा का मोबाइल नंबर दिया और उनसे संपर्क करवाया। बताया जा रहा है कि बाबा से संपर्क करने पर उस व्यक्ति ने खुद को मुल्ला अजमेर बताया और तंत्र-मंत्र के जरिए सोना दोगुना करने का झांसा दिया। फोन पर उसे झांसे में लेकर उसके सोने के आभूषण, चेन, झुमकी, अंगूठियां, चूडियां, हार, पायलों समेत लगभग 8-10 तोला सोना, 60 हजार रुपए नकद और मोबाइल को लाल कपड़े में बांधकर घर के पास खाली प्लॉट में रखने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि पीछे मुडकर न देखें और एक घंटे बाद लौटने पर सामान दोगुना मिलेगा। महिला ने बाबा के निर्देशों का पालन किया। लेकिन जब वह वापस मौके पर पहुंचीं तो पूरी गठरी गायब थी। इसके बाद पीडिघ्ता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और स्टेशन गंज थाने में की। इस मामले में स्टेशनगंज थाना प्रभारी सौरभ पटेल के अनुसार मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से कहा है कि इस प्रकार के किसी भी प्रलोभन या अंधविश्वास में न पड़ें।

## कोल इंडिया के कर्मचारी टाटा मेमोरियल में करा सकेंगे कैंसर का इलाज

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

कोल इंडिया में कार्य करने वाले कर्मचारियों व पेंशनधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में लिये गये फैसले के अनुसार मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल तथा- नेशनल कैंसर सेंटर में कैंसर उपचार पर होने वाला पूरा खर्च अब वास्तविक-आधार पर प्रतिपूर्ति (रिम्बर्समेंट) किया-जायेगा। इससे संबंधित अधिसूचना कोल इंडिया की ओर से जारी कर दी गयी है। इस सुविधा में कैंसर इलाज के सभी मानक घटक शामिल होंगे। इसमें परामर्श, जांच, इमेजिंग, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और सर्जरी जैसे उपचार शामिल हैं। हालांकि, प्रतिपूर्ति के लिए यह जरूरी होगा कि इलाज टाटा मेमोरियल अस्पताल द्वारा प्रमाणित हो और स्वीकृत ऑन्कोलॉजी प्रोटोकॉल के तहत किया गया हो। यह सुविधा सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों पर भी लागू होगी।

## अनूपपुर में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन, महिला समिति की अगुवाई विशेष आकर्षण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय जन नाट्य संघ इकाई अनूपपुर द्वारा तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 3, 4 और 5 अप्रैल को अमरकंटक रोड स्थित बेथेल मिशन हायर सेकेंड्री स्कूल में संपन्न होगा। समारोह की सबसे खास बात यह है कि इस बार आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं की आयोजन समिति ने संभाली है, जो न केवल अनूपपुर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। समारोह के पहले दिन 3 अप्रैल को अशोकनगर की जनसंगीत की प्रस्तुति के साथ इलाहाबाद से आए कलाकारों द्वारा 'असमंजस बाबू' नाटक का मंचन किया जाएगा।



दूसरे दिन 4 अप्रैल को प्रसिद्ध फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता राजेंद्र गुप्ता की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें वे चर्चित कवि धूमिल की कविता-पटकथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेंगे। दूसरे दिन के मुख्य आकर्षण के रूप में राजेंद्र गुप्ता की प्रस्तुति विशेष महत्व रखती है। वे भारतीय रंगमंच, टेलीविजन और सिनेमा के एक वरिष्ठ एवं बहुमुखी अभिनेता हैं, जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय से दशकों तक दर्शकों के बीच गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और बाद में टीवी तथा फिल्मों में भी उल्लेखनीय पहचान बनाई। टेलीविजन की दुनिया में राजेंद्र गुप्ता ने कई लोकप्रिय धारावाहिकों में काम किया है, जिनमें चंद्रकांता, ये उन दिनों की बात है और बालिका वधू जैसे चर्चित शो शामिल हैं, जहाँ उन्होंने अपनी प्रभावशाली संवाद अदायगी और सहज अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। फिल्मों में भी उन्होंने कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, जिनमें उनके किरदार हमेशा यथार्थ के करीब और यादगार रहे। रंगमंच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी उतनी ही मजबूत है, और वे लगातार नाटकों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मंच पर जीवंत करते रहे हैं। इस समारोह में वे चर्चित कवि धूमिल की कविता-पटकथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेंगे, जो अपने तीखे सामाजिक व्यंग्य और यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। उनकी प्रस्तुति निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक विचारोत्तेजक और यादगार अनुभव साबित होगी। तीसरे दिन 5 अप्रैल को जबलपुर से आए 'विवेचना' समूह द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित नाटक 'बहत्तर मील' का मंचन किया जाएगा। इस आयोजन समिति की अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पल्लविका पटेल हैं, जबकि महासचिव के रूप में श्रीमती लक्ष्मी खेडिया जिम्मेदारी निभा रही हैं। कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. श्रद्धा सोनी अपनी भूमिका अदा कर रही हैं। इसके अलावा महिला समिति में अनु शर्मा, बिंदू सिंह, तृप्ति ठाकुर, पूनम रात्रे, डॉक्टर करुणा सोनी, निरुपमा पटेल सहित शहर की अनेक महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। सभी महिलाएं मिलकर इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाने में जुटी हुई हैं। इस नाट्य समारोह का मुख्य उद्देश्य कला और संस्कृति को संरक्षित करना तथा समाज को रंगमंच से जोड़ना है। आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है। यह आयोजन न केवल अनूपपुर के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।



### मैहर मां शारदा मंदिर में भक्तों के खतरनाक रास्ते से जाने का वीडियो हुआ वायरल

## अत्याधिक भीड़ के कारण दर्शनार्थी उठा रहे यह कदम







**मैहर।** चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ के कारण सीढ़ी मार्ग और रोपवे पर लंबी कतारें लगने से कुछ श्रद्धालु जोखिम भरे पहाड़ी रास्तों का सहारा ले रहे हैं। इस दौरान कुछ भक्तों को सुरक्षा जाली लांघकर मंदिर की ओर बढ़ते देखा गया,जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में श्रद्धालु लगभग 7 से 8 फीट ऊंची सुरक्षा जाली को पार कर पहाड़ी रास्ते से ऊपर चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसको किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया था। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सीढ़ी मार्ग,रोपवे सहित अन्य निर्धारित व्यवस्थाएं की हैं। हालांकि,अत्यधिक भीड़ और जल्दबाजी के कारण कुछ लोग इन नियमों को नजर अंदाज कर जोखिम भरे मार्गों का उपयोग कर रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से केवल सुरक्षित और निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करने की अपील की है ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

### मैहर में एक लाख से अधिक भक्तों ने किए मां शारदा देवी के दर्शन

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मैहर के मां शारदा देवी मंदिर में भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी जा रही है। प्रशासन की चौक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्त-श्रद्धालु उत्साहपूर्वक आस्था के साथ मां शारदा देवी के सुगमता से दर्शन कर रहे है। चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को देश के कोने-कोने से आये 1 लाख 4 हजार 784 दर्शनार्थियों ने मैहर पहुंचकर सुगमता से शारदा माता के दर्शन किये। इनमें 1 लाख 723 श्रद्धालु पैदल मार्ग से,1 हजार 561 वैन मार्ग तथा 2 हजार 500 श्रद्धालु रोपवे मार्ग से मंदिर माता के दरबार में पहुंचे। नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है। प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं,जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें।

### रोपवे प्रबंधन की मनमानी से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

चैत्र नवरात्रि के दौरान मां शारदा मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ के बीच रोपवे प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े होने लगे हैं। दर्शन के लिए पहुंचे कई श्रद्धालुओं ने रोपवे व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की है और प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि रोपवे के लिए करीब डेढ़ सौ रुपये का टिकट लेने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। लंबी कतारों में एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ता है,लेकिन इस दौरान न तो पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था है और न ही छाया या बैठने की उचित सुविधा। तेज धूप और भीड़ के बीच यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दर्शनार्थियों ने आरोप लगाया कि रोपवे प्रबंधन की इस लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि वृद्ध,महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान होते है। लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहे। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि रोपवे क्षेत्र में तत्काल पेयजल,छाया और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि नवरात्रि में आने वाले लाखों भक्तों को राहत मिल सके।

## मां शारदा मंदिर में फिसलकर घायल हुआ श्रद्धालु, प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के दौरान मैहर मां शारदा मंदिर में दर्शन करने पहुंचे एक श्रद्धालु के फिसलकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार विकास चौबे (45 वर्ष), निवासी दमोह अपने परिजनों के साथ मां शारदा के दर्शन के लिए मैहर आए थे। बताया गया कि रोपवे प्वाइंट पर स्थित बाथरूम में पैर फिसल जाने से वे गिर पड़े,जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई और काफी खून बहने लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजन और श्रद्धालुओं में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रोपवे प्वाइंट पर तैनात स्वास्थ्य टीम ने तत्काल पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया। बीएमओ डॉ पीयूष पांडेय,सीएचओ नेहाली सनोडिया,हेमंत सोनी और संबल यूके ने मौके पर ही घाव की ड्रेसिंग की। चोट गंभीर होने और अधिक रक्तस्राव को देखते हुए तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायल को सिविल अस्पताल मैहर रेफर किया गया।अस्पताल में इलाज के बाद श्रद्धालु की हालत सामान्य बताई गई और उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि के चलते इन दिनों मां शारदा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# बंगाल चुनावः किसी ने आंखों पर बांधी पट्टी, कोई बना 'नाई', उम्मीदवारों का अनोखा प्रचार शुरु

*कोलकाता। श्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में इस बार प्रचार के अलग-अलग और अनोखे रंग देखने को मिल रहे हैं. बीरभूम जिले के दुबराजपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच कुछ ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिन्होंने लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। यहां राजनीतिक दल पारंपरिक रैलियों और भाषणों से अलग हटकर नए तरीके अपनाते नजर आ रहे हैं। इस अनोखे प्रचार तरीके को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है और लोगों के बीच इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।*

## टीएमसी उम्मीदवार ने हांडी फोड़ खेला

दरअसल, ईद के मौके पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार नरेश चंद्र बाउरी एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आंखों पर कपड़ा बांधकर हाथ में डंडा लेकर पारंपरिक 'हांडी फोड़' खेल में हिस्सा लिया। हालांकि वे हांडी तोड़ने में सफल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इसे प्रतीकात्मक बताते हुए दावा किया कि इसी तरह भाजपा को भी चुनाव में हराया जाएगा।



### भाजपा उम्मीदवार साहा बने नाई

दूसरी ओर, भाजपा उम्मीदवार अनुप कुमार साहा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे गांव के एक व्यक्ति की दाढ़ी बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वे नाई की भूमिका निभाते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे भाजपा के अलग प्रचार अंदाज के रूप में देख रहे हैं।

### भाजपा की प्रतिक्रिया और सियासी बयान

तृणमूल उम्मीदवार के इस अंदाज पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा विधायक अनुप कुमार साहा ने कहा कि आंख बंद करके भाजपा को हराया नहीं जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है।

### टीएमसी नेता का बयान बना सियासी तूफान

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच बोलपुर में एक बयान को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। पूर्व मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने चुनाव प्रचार के दौरान भगवान रामचंद्र को लेकर विवादित टिप्पणी की। सभा में बोलते हुए चंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि बीजेपी उत्तर भारत की पार्टी है और रामचंद्र उत्तर भारत के देवता हैं। चंद्रनाथ सिन्हा ने एक चुनावी सभा में बोलते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आकर इस बार 'जय श्रीराम' नहीं कहा, उन्होंने 'जय मां काली' कहा।

### ममता के गढ़ भवानीपुर में पोस्टर फाड़े जाने पर बवाल

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र व राज्य की सबसे हाईप्रोफाइल सीट भवानीपुर में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच पोस्टर वार शुरू हो गया है। पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तृणमूल और भाजपा दोनों ने कालीघाट पुलिस स्टेशन में एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई हैं। भवानीपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तनाव का माहौल छा गया। सत्ताधारी पार्टी ने इस घटना के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया है।

### बंगाल चुनाव में भाजपा ने साधु-संत और पुजारियों को दिए टिकट

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए कई संन्यासियों, महंतों और पुजारियों को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी का लक्ष्य अपने उम्मीदवारों के आध्यात्मिक प्रभाव का लाभ उठाकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनावी संभावनाओं को मजबूत करना है।

### प्रमुख उम्मीदवार और उनके चुनावी क्षेत्र

कालीगंज (उत्पल महाराज): भाजपा ने यहां से 42 वर्षीय सन्यासी उत्पल महाराज को टिकट दिया है। उन्होंने मौजूदा विधायक सौमेन रॉय की जगह ली है। वह टीएमसी के निताई बैश्य के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उलुबेरिया दक्षिण स्वामी मंगलानंद पुरी। उनका मुकाबला टीएमसी के मौजूदा विधायक पुलक रॉय से है। नवद्वीप से श्रुति शेखर गोस्वामी प्रतिष्ठित श्री श्री राधा सुदर्शन लाल जीयू मंदिर के पुजारी हैं। गोस्वामी का मुकाबला पांच बार के विधायक पुंडरीकाक्ष साहा से है। बेहाला पूर्व से शिव सोंग सेवा संघ के सन्यासी सुनील महाराज को इस सीट से उतारा गया है।

## असम

# कांग्रेस से आए सांसद को टिकट देने पर नाराज भाजपा विधायकों को मना रही पार्टी



एजेंसी ▸▸ कोच्चि

असम विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के भीतर नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है। पार्टी टिकट से वंचित कई मौजूदा विधायक और दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ने की धमकी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस स्थिति को संभालने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया खुद आगे आकर नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है दोनों नेता उनकी बात मान गए हैं। हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं प्रद्युत बोरदोलोई और भूपेन बोरा के बीजेपी में शामिल होने के बाद बोरदोलोई को दिसपुर सीट से बोरा को बिहपुरिया सीट से पार्टी टिकट दिए गया है। इस फैसले से पार्टी के कई पुराने दावेदारों में नाराजगी बढ़ गई है। दिसपुर सीट पर सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला यहां वरिष्ठ नेता जयंत दास को टिकट मिलने की संभावना थी, लेकिन अंतिम समय में बोरदोलोई को उम्मीदवार बनाए जाने से असंतोष बढ़ गया।

### हमारी क्षमता 160 तक सीटें जीतने की
**सीएम सरमा**

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- हमारी क्षमता 160 तक सीटें जीतने की है। अभी चुनाव प्रचार शुरू नहीं हुआ है। 26 मार्च से मेरी रैली शुरू होंगी तब सीटों का अंदाज लग पाएगा। किसी की भी टिकट कट सकती है। कभी कभी टिकट कटने के बाद भाग्य खुल जाता है और उससे भी बड़ी चीज मिल जाती है। सभी को पार्टी के लिए खुश होकर काम करना चाहिए।पहली सूची में घोषित पार्टी उम्मीदवारों में उदंगश्री नरजारी (कोकराझार), मोमिनुर इस्लाम (बिलासीपारा), कौशिक रंजन दास (अभयपुरी), कल्याणी कलिता (बजाली), राजन चौहान (गोरेश्वर), हरे कृष्ण डेका (मंगलदाई), फजीउर रहमान लस्कर (काटीगोरा) और शाहजहां लस्कर (सोनाई) शामिल हैं।

## केरल

### असंतुष्ट नेताओं से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा : माकपा

एलडीएफ का 110 सीट का लक्ष्य माकपा

कन्नूर (केरल)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के केरल इकाई के सचिव एम वी गोविंदन ने रविवार को कहा कि पार्टी के असंतुष्ट नेताओं से सत्तारूढ़ वाम मोर्चे की आगामी विधानसभा चुनाव में संभावनाओं पर असर नहीं पड़ेगा और दलबदल करने वालों की संख्या ''नगण्य'' है।गोविंदन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) का आगामी चुनाव में 110 सीट हासिल करने का लक्ष्य है। ज्ञात हो कि जी. सुधाकरन सहित चार वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी है और वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गोविंदन ने कहा, ''केरल में हमारे 5.5 लाख सदस्य और करीब 2.5 लाख समर्थक हैं।



## पुडुचेरी

### पुडुचेरी के पूर्व मंत्री ने भाजपा से इस्तीफा दिया

पार्टी उम्मीदवार के रूप में टिकट नहीं मिलने से थे नाराज

पुडुचेरी। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और ऑल इंडिया एन. आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में पूर्व मंत्री रहे ए.के. साई जे. सरवन कुमार ने विधानसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार के रूप में टिकट नहीं मिलने के कुछ दिनों बाद राष्ट्रीय पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कुमार को ऊसुडु निर्वाचन क्षेत्र से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनाया गया और भाजपा ने मनोनीत विधायक ई थीप्पैनथन को चुनावी मैदान में उतारा है। सरवन कुमार ने कहा कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया तथा उन्होंने इसके लिए पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। कुमार ने बताया कि उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित अन्य लोगों को अपना त्यागपत्र भेज दिया है।



## तमिलनाडु

### द्रमुक के सहयोगी दल ने गठबंधन से समर्थन वापस लिया

अपनी पार्टी की 'उपेक्षा' से नाखुश

चेन्नई। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सहयोगी पार्टी तमिलगा वझवुरिमाई काची ने सत्तारूढ़ पार्टी के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी के संस्थापक व पनरुति (कुड्डालोर जिला) विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक वेलमुरुगन ने कहा कि अपनी पार्टी की 'उपेक्षा' और द्रमुक के ''धौंस जमाने वाले रवैये'' से नाखुश होकर यह फैसला लिया गया। वेलमुरुगन ने यहां पत्रकारों से कहा मैं सरकार से बार-बार कुछ मांगें पूरी करने का आग्रह करता रहा हूं। लेकिन द्रमुक इसे नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल नहीं होगा।



## राशिद अल्वी ने कहा-सीपीएम भाजपा की भाषा बोल रही

केरल विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा- सीपीएम भाजपा की भाषा में बात कर रही है, और यही कारण है कि केरल और दिल्ली दोनों जगह यह धारणा बनी हुई है कि वे पर्दे के पीछे मिलकर काम कर रहे हैं, एक खेल खेल रहे हैं, और केरल में कांग्रेस को हराने का प्रयास कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### दो नाबालिगों से 4.54 लाख का गांजा बरामद

सूरत। गुजरात के सूरत में 17 वर्षीय दो लड़कों के पास से 4.54 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद करके उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस ने शनिवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर बिहार से आए दोनों आरोपियों को उधना भाथेना इलाके में एल एन पार्क सोसाइटी के पास उस समय रोका जब वे एम-4 बाजार की ओर जा रहे थे। दोनों के पास से 9.08 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया।



### बहराइच में हाथी के हमले में महिला की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र के भवानीपुर गांव में रविवार सुबह जंगल के किनारे हाथी के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 दिनों में हाथी के हमले में किसी व्यक्ति की मौत की यह तीसरी घटना है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि कतर्निया रेंज के भवानीपुर गांव की 80 वर्षीय कुवारिया देवी जंगल से सटे अपने खेत में बकरियां चरा रही थीं।

### पुलिया के नीचे गिरी बाइक चार युवकों की मौत

मंडला (मप्र)। मध्यप्रदेश के मंडला जिले में एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर जर्जर पुल से नीचे गिर गई जिस कारण वाहन पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात लगभग आठ बजे के करीब जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के भैंसवाही गांव के पास हुई जब एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार युवक पौड़ी गांव से भैसवाही गांव की ओर जा रहे थे। थाना प्रभारी अनीता कुड़ापे ने बताया कि पुल से गुजरने के दौरान सड़क के गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल नीचे गिर गई।

## रूस व अमेरिका से पहुंचे तेल और गैस के जहाज

राज्यों को मिलेगी 20% ज्यादा एलपीजी

### भारत में ऊर्जा संकट का समाधानः मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच भारत के लिए राहत!

### रूस और अमेरिका से कच्चे तेल व गैस के जहाज गुजरात और मंगलुरु पहुंचे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में जारी संघर्ष के बावजूद भारतीय टैंकरों ने अपनी सप्लाई चेन को बरकरार रखा है। रविवार को अमेरिका के टेक्सास से एलपीजी लेकर एक कार्गो शिप मंगलुरु पोर्ट पहुंचा, जबकि रूस से क्रूड ऑयल लेकर एक अन्य जहाज ने भारतीय तट पर दस्तक दी। देश में गैस की संभावित किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज 23 मार्च से राज्यों को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी।

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के मद्देनजर भारत ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए कई कदम उठा हैं, जिसके नतीजे अब जमीनी स्तर पर दिखने लगे हैं। अधिकारियों के अनुसार, जहाज से कच्चे तेल को सीधे रिफाइनरी तक पहुंचाने के लिए समुद्र के अंदर बिछी पाइपलाइनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिवहन के दौरान होने वाले जोखिम को भी कम किया जा सकेगा।

### अमेरिका से आई एलपीजी मंगलुरु पोर्ट पहुंची

मंगलुरु पहुंचे 'एक्वा टाइटन' के अलावा अमेरिका के टेक्सास से एलपीजी लेकर जहाज 'पिक्सिस पायोनियर' रविवार सुबह भारत पहुंच गया है। जहाज में मंगलुरु पोर्ट पर सफलतापूर्वक डॉक हो गया। रूस-अमेरिका से आई ये दोनों खेप ऐसे वक्त में आई हैं, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई चेन को लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। भारत के लिए रूस और अमेरिका दोनों से एक साथ ऊर्जा आपूर्ति मिलना एक बड़ी रणनीतिक जीत मानी जा रही है।

### रूस से आया क्रूड ऑयल

इसी क्रम में रूसी क्रूड ऑयल से लदा जहाज एक्वा टाइटन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को कर्नाटक के मंगलुरु पोर्ट पहुंच गया है, जहां वह समुद्र में लंगर डाले खड़ा है। यहां से पाइपलाइनों के जरिए कच्चा तेल रिफाइनरी तक पहुंचाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूस का ये जहाज मूल रूप से चीन जा रहा था, लेकिन बीते दिनों इस जहाज को दक्षिण चीन सागर में कोर्स बदलकर भारत की ओर मोड़ दिया गया था।

### एक सप्ताह में 5 जहाज पहुंचे भारत

पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य एलपीजी कैरियर एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे।

### आज से राज्यों को 20% ज्यादा सप्लाई

देश में गैस की संभावित किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज 23 मार्च से राज्यों को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी। सामुदायिक रसोई, अस्पतालों, होटलों और औद्योगिक कैंटीनों को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता मिलेगी। मजदूरों को 5 किलो वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराए जाएंगे।

## महंगा हो सकता है हवाई सफर सरकार ने किराए से प्रतिबंध हटाया

घरेलू उड़ानों पर लगा अस्थायी प्रतिबंध आज से समाप्त



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में घरेलू उड़ानों से सफर महंगा हो सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई किराए पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंधों को हटा दिया है। यानी अब एयरलाइंस घरेलू विमानों का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। ये आदेश 23 मार्च से लागू हो जाएगा।

सरकार ने दिसंबर, 2025 में इंडिगो संकट के बाद उड़ानों पर अधिकतम किराया निर्धारित किया था, जिसे अब हटाया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, मौजूदा युद्ध की स्थिति का एविएशन सेक्टर पर असर पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि किराए में बढ़ोतरी का बोझ यात्रियों पर न पड़े। तेल की कीमतों और एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों पर असर निश्चित रूप से पड़ेगा, लेकिन इसका असर संचालन और यात्रियों पर नहीं पड़ना चाहिए। हम देखेंगे कि यात्रियों के लिए हम सबसे बेहतर क्या कर सकते हैं।

### आज से लागू हो जाएगा आदेश

मंत्रालय ने आदेश में कहा कि 6 दिसंबर, 2025 को लागू की गई ये सीमाएं इंडिगो संकट के बाद टिकट की कीमतों में असामान्य वृद्धि को रोकने और यात्रियों के हितों की रक्षा करने और सीमित क्षमता की अवधि के दौरान वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई थीं। परिचालन सामान्य हो जाने और क्षमता बहाल हो जाने के बाद सरकार ने 23 मार्च, 2026 से किराया सीमा को हटाने का निर्णय लिया है।

### एयरलाइन जिम्मेदारी से लें फैसला : मंत्रालय

मंत्रालय ने एयरलाइनों को मूल्य निर्धारण में अनुशासन बनाए रखने और जिम्मेदारी से काम करने का निर्देश दिया है ताकि यात्रियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। सरकार ने यह भी चेतावनी दी कि किराए में किसी भी प्रकार की अत्यधिक या अनुचित वृद्धि खासतौर पर मांग बढ़ने, व्यवधानों या आपात स्थितियों के दौरान को गंभीरता से लिया जाएगा।

### क्या संकट जिस पर बना था नियम

दरअसल, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 1 नवंबर, 2025 से पायलटों और अन्य चालक दल सदस्यों के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसकी वजह से इंडिगो में कर्मचारियों की कमी हो गई और हजारों उड़ानें रद्द हुई थीं। इस दौरान अन्य एयरलाइंस ने घरेलू उड़ानों का किराया 50,000 रुपये तक बढ़ा दिया था। इसे रोकने के लिए सरकार ने दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया निर्धारित कर दिया था।

## आंध्र प्रदेश में हादसा

### मिलावटी दूध पीने से अब तक 16 की मौत, 3 की हालत गंभीर

एजेंसी ▸▸ पूर्वी गोदावरी

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से मरने वाले की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इसी तरह 3 अन्य लोगों का राजमहेन्द्रवरम के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह घटना फरवरी के मध्य की है, जब लालचेरुवु के कुछ हिस्सों में आपूर्ति किए गए मिलावटी दूध के कारण कथित तौर पर कई ग्राहक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे। इस घटना ने क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह मामला औपचारिक रूप से परसों सामने आया था। उस समय लालाचेरुवु के चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर क्षेत्रों के निवासियों ने स्थानीय रूप से आपूर्ति किए गए दूध का सेवन करने के बाद उल्टी, पेट दर्द, पेशाब करने में असमर्थता और तीव्र गुर्दे की खराबी सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायतें की थीं।

#### प्रयोगशाला जांच में क्या सामने आया?

स्वास्थ्य विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, प्रयोगशाला जांच के नतीजों से पता चला है कि 16 पीड़ितों की मौत एथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीले पदार्थ से दूषित दूध पीने के बाद किडनी फेल होने के कारण हुई। इसके चलते उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

## तिरुपति बालाजी दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल; पद्मनाभ मंदिर में सबसे ज्यादा खजाना

# देश के सबसे अमीर मंदिर, जिनके पास है सोना-चांदी हीरे व जवाहरात और बेशुमार दौलत का भंडार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर हर साल करोड़ों रुपये का चढ़ावा चढ़ता है। इसलिए इन मंदीरों के पास बेशुमार दौलत है। कई मंदिरों के बैंकों में हजारों करोड़ रुपये जमा है। साथ ही सोना-चांदी और हीरे-जवाहरात का बड़ा खजाना मंदिरों के पास है। भारत के टॉप 10 सबसे अमीर मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।



ग्लोबल वेल्थ इंडेक्स-2026 के मुताबिक तिरुपति बालाजी मंदिर 3.38 लाख करोड़ की चल-अचल संपत्ति के साथ दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल है।

**100 देशों की जीडीपी से ज्यादा तिरुपति की संपत्ति :** इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और वर्ल्ड बैंक के डेटा के मुताबिक तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति साइप्रस, आइसलैंड, एस्टोनिया जैसे 100 छोटे देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। यहां सामान्य और खास दिनों में औसतन 1 से 5 करोड़ तक का चढ़ावा आता है।

### वैष्णो देवी मंदिर, जम्मू काश्मीर

जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर, जो 5,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, को पिछले दो दशकों में 1,800 किलोग्राम से ज्यादा सोना और 4,700 किलोग्राम चांदी मिली है, साथ ही 2,000 करोड़ से ज्यादा का कैश चढ़ावा भी मिला है।

### शिर्डी साईं बाबा मंदिर, महाराष्ट्र

शिर्डी साईं बाबा मंदिर को सालाना 400 करोड़ से ज्यादा का दान मिलता है। यह लोकप्रिय मंदिर हजारों लोगों को मुफ्त खाना खिलाता है, जो धार्मिक महत्व को असरदार सामुदायिक सेवा के साथ मिलाता है।

### गोल्डन टेम्पल, अमृतसर

सिख धर्म में आध्यात्मिक महत्व के लिए मशहूर गोल्डन टेम्पल हर साल लगभग 500 करोड़ कमाता है और यह एकता, शांति और सामूहिक भक्ति का प्रतीक है।

### मीनाक्षी मंदिर, मदुरै

अपनी शानदार द्रविड़ वास्तुकला के लिए मशहूर मीनाक्षी मंदिर में रोज 20,000 से ज्यादा लोग आते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों, दान और मंदिर की गतिविधियों से हर साल लगभग 6 करोड़ की कमाई होती है।

### पद्मनाभस्वामी मंदिर, केरल



अपने छिपे हुए खजानों के लिए मशहूर, तिरुवनंतपुरम के इस मंदिर के पास 1.2 लाख करोड़ की संपत्ति है, जिसमें सोने के गहने, पन्ने, हीरे और गुप्त भूमिगत कमरों से मिली पुरानी चीजें शामिल हैं। इस मंदिर के खजाने में हीरे, सोने के गहने और सोने की मूर्तियां शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की 6 तिजोरियों में करीब 20 अरब डॉलर की संपत्ति रखी है। इतना ही नहीं, गर्भगृह में भगवान विष्णु की एक विशाल स्वर्ण मूर्ति स्थापित है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 500 करोड़ रुपये बताई जाती है।

केरल

# केरल में कांग्रेस ने सांसदों को नहीं दिया विधानसभा का टिकट

एजेंसी ▸▸ कोच्चि

केरल चुनावों के लिए 37 उम्मीदवारों की दूसरी और फाइनल लिस्ट जारी कर कांग्रेस ने ये साफ कर दिया कि इन चुनावों में किसी भी सांसद को टिकिट नहीं दिया जाएगा, सीटों के बंटवारे को लेकर हंगामे और सांसदों की मांगों के बीच कांग्रेस ने 37 उम्मीदवारों की सूची में लोकसभा के किसी सदस्यों को टिकट नहीं मिला है। कांग्रेस सांसद के सुधाकरण कन्नूर सीट से टिकट मांग रहे थे वहां टी ओ मोहनन को उतारा गया है जबकि कोन्नी से टिकिट मांगने वाले एमपी अडूर प्रकाश को भी निराशा हाथ लगी वहां पार्टी ने प्रोफेसर सतीश कोच्चरम्बील को जगह दी है।

## अधिकांश विधायकों को रखा बरकरार

कांग्रेस पार्टी ने अंबलपुझा, तलिपरम्बु, पय्यनूर और ओट्टापालम में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, जहां सीपीएम के विद्रोही नेता जी सुधाकरन, टी के गोविंदन, वी कुन्हीकृष्णन और पीके ससी मैदान में हैं। कांग्रेस ने त्रिपुनिथरा और पेरुंबावूर को छोड़कर अपने अधिकांश मौजूदा विधायकों को बरकरार रखा है। केरल विधानसभा के 140 सदस्यों में से पार्टी 92 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि तीन निर्वाचन क्षेत्रों में वह उन बागी नेताओं को समर्थन देगी जिन्होंने सीपीएम से बगावत की है।



## पूर्व भाजपा नेता को भी टिकट

कांग्रेस ने त्रिपुनिथरा में के बाबू के स्थान पर दीपक जाय को टिकट दिया गया है। कुट्टनाड से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की धमकी देने वाले साजी जोसेफ को पूंजार से टिकट दिया गया है। युवा कांग्रेस नेता अबिन वर्गी अरनमुला से भाजपा के कुम्मनम राजशेखरन के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। वहीं नेमम से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चन्द्रशेखर के सामने पार्टी ने अपने युवा चेहरे और अरुविकरा से पूर्व एमएलए केएस सबरीनाथन को मैदान में उतारा है। कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व भाजपा नेता संदीप वारियर को भी कासरगोड के त्रिकारिपुर से टिकट दिया गया है।

## केरल : भाजपा ने 11 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची शनिवार को जारी की। पार्टी ने तिरुवनंतपुरम से करमना जयन को उम्मीदवार बनाया है। सूची के अनुसार, पुथुपल्ली से रवीन्द्रनाथ वकत्थानम को, चवरा से के आर राजेश को, चदयामंगलम से आर एस अरुण राज को और पीरुमाडे सीट से वी रतीश चुनाव मैदान में उतरेंगे। विवेक गोपन को अरुविक्करा सीट, टी एन सुरेश को कोवलम और एस राजशेखरन नायर को नेय्याट्टिनकारा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने मावेलिक्करा सीट से अजिमोन, चिरायिनकीझु से बी एस अनूप और अदूर सीट से पंडालम प्रतापन को उम्मीदवार बनाया है।

पुड्डुचेरी

# एनडीए में सीट शेयरिंग का तय हुआ फार्मूला, 10 सीटों पर लड़ेगी भाजपा

**पुड्डुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुडिचेरी की 30 सीट के लिए एनडीए में सीट शेयरिंग का काम पूरा हो गया है। पुडुचेरी में एनडीए का नेतृत्व करने वाली एआईएनआरसी कांग्रेस 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि भारतीय जनता पार्टी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। एआईएडीएमके को 2 सीट और लक्ष्य जननायगा कक्षी को 2 सीट दी गई हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में प्रमुख दल ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस और भाजपा हैं। साथ ही एआईएडीएमके और लक्ष्य जननायगा कक्षी एक साथ मिलकर एनडीए के तहत चुनाव लड़ रही हैं।




एआईएनआरसी के नेता एन. रंगासामी मुख्यमंत्री हैं। एनडीए का मुख्य आधार एआईएनआरसी कांग्रेस है। जो कि गठबंधन का सबसे बड़ा दल है।

## पुड्डुचेरी में हैं 30 विधानसभा सीट

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा में कुल 30 निर्वाचित सीटें हैं। इनमें से 5 सीटें अनुसूचित जाति (SC) के लिए आरक्षित हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा 3 सदस्य नामांकित किए जाते हैं, जिससे विधानसभा की कुल ताकत 33 हो जाती है। विधानसभा में बहुमत के लिए कम से कम 16-17 सीटों की जरूरत पड़ती है।

तमिलनाडु

# चुनाव से पहले साथ आए शशिकला और रामदास सभी सीटों पर साथ लड़ने की तैयारी, फार्मूला तय



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले हलचल तेज हो गई है। एक नई राजनीतिक साझेदारी की चर्चा जोर पकड़ रही है, जिसने राज्य की सियासत को और दिलचस्प बना दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी सहयोगी वीके शशिकला ने हाल ही में अपनी नई पार्टी ऑल इंडिया पुराची थलाइवर मक्कल मुनेत्र कषगम बनाई है। शशिकला ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अन्य समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। वीके शशिकला की नई पार्टी और पीएमके संस्थापक एस रामदास की मुलाकात ने नए गठबंधन के संकेत दिए हैं। दोनों नेता साथ मिलकर 234 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इस संभावित गठबंधन से राज्य की सियासत में हलचल बढ़ गई है और माना जा रहा है कि यह आने वाले चुनाव में बड़ा असर डाल सकता है।

## पिता और बेटे के साथ राजनीतिक मतभेद

इस बीच, रामदास के बेटे अनबुमणि रामदास ने अलग राजनीतिक रास्ता अपनाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होकर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम के साथ समझौता किया है। इस वजह से पिता और बेटे के बीच राजनीतिक मतभेद की भी चर्चा हो रही है।

असम

# टीएमसी ने जारी की पहली लिस्ट



**असम।** विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल भी काफी तेज हो गई है। बता दें कि असम में टीएमसी का सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस से होगा। इस बीच अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इस लिस्ट में कुल 17 केंडिडेट्स के नाम हैं।

## टीएमसी के इन प्रत्याशियों के नाम का ऐलान

टीएमसी की ओर से जारी प्रत्याशियों की लिस्ट में बाओखुंगरी से दांगी नार्जरी, बिलासीपारा से मोमिनूर इस्लाम, जलेश्वर से आरिफ अख्तर अहमद, अभयपुरी से कौशिक रंजन दास, बजली से कल्याणी कलिता, चमरिया से दालू अहमद, बोको चायगांव से भोगलाल राभा, पालास्बरी से बिकास नाथ योगी, बरखेत्री से अमिरुल इस्लाम, गोरेश्वर से रंजन चौहान, मंगलादाई से हरे कृष्णा डेका, धेमाजी से नरेंद्र कुमार पॉ, दिग्बोई से जितेन नाग, माकुम से दिलीप मोरन, उधारबोंद से तापस दास, काटीगोरा से फजलूर रहमान लश्कर और सोनाई सीट से शाहजहां लश्कर का नाम है।

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की मिली सजा

# बड़ा एक्शन, बीजद ने अपने 6 विधायकों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भुवनेश्वर



ओडिशा की राजनीति में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। बीजू जनता दल (बीजद) ने 21 मार्च को अपने 6 विधायकों को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित कर दिया। इसका कारण राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग और अन्य दल-विरोधी गतिविधियां बताई जा रही है। पूर्व सीएम नवीन पटनायक की अध्यक्षतावाली पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति ने विधायकों को जारी कारण बताओ नोटिसों के जवाबों की जांच के बाद यह सख्त फैसला लिया। अनुशासन समिति की सिफारिश पर अमल करते हुए बीजेडी ने स्पष्ट संदेश दिया कि सामूहिक निर्णयों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा।

## 4 में से एक सीट ही जीत सकी थी बीजद

निलंबित विधायकों में चक्रमणि कन्हार (बालीगुड़ा), नबकिशोर मलिक (जयदेव), सौविक बिस्वाल सुभासिनी जेना (बस्ता), रामकांत भुईं (तिरतोल) और देवी रंजन त्रिपाठी (बांकी) शामिल हैं। ओडिशा में 16 मार्च को राज्यसभा की चार सीटों के लिए चुनाव हुए थे। भाजपा ने दो, बीजेडी ने एक सीट जीती थी। एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को मिली थी। बीजेडी के आठ विधायकों पर क्रॉस वोटिंग का संदेह जताया गया था, लेकिन छह पर कार्रवाई हुई है। बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक ने कहा, कि 'यह कदम पार्टी की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जरूरी था।'

एक्स्ट्रा-चार्ज ना लेने का विरोध

# एयरलाइंस बढ़ा सकती हैं किराया बोलीं- मजबूरन लेना पड़ेगा फैसला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइस जेट ने फ्लाइट्स की 60% सीटों पर एक्स्ट्रा चार्ज न वसूलने के सरकार के फैसले विरोध किया है। एयरलाइंस का कहना है कि इस कदम से उन्हें अपनी खोई हुई कमाई की भरपाई के लिए हवाई किराया बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा। तीनों एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाली फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से इस फैसले को वापस लेने का आग्रह किया है।

पंजाब में बड़ा सियासी भूचाल

# अफसर ने मंत्री का नाम लेकर किया सुसाइड, लिया गया इस्तीफा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब की राजनीति में बड़ा सियासी भूचाल आ गया है। एक अफसर ने परिवहन मंत्री के कथित दबाव से त्रस्त होकर सुसाइड कर लिया है। इस पर त्वरित एक्शन लेते हुए परिवहन मंत्री का इस्तीफा ले लिया गया है। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर का नाम लेकर सरकारी एजेंसी, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के अमृतसर में तैनात डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (डीएम) गगनदीप सिंह रंधावा ने हाल में जहर खाकर जान दे दी।

## ये है मामला

वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम मजीठिया और अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला ने कहा- फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) ने मंत्री भुल्लर के इलाके में अनाज की स्टोरेज के लिए वेयरहाउस बनाया था। वेयरहाउस कॉर्पोरेशन इसकी नोडल एजेंसी थी। मंत्री लालजीत भुल्लर ने अपने पिता सुखदेव सिंह भुल्लर के नाम पर टेंडर अप्लाई किया। आरोप है कि जब पॉलिसी के हिसाब से मंत्री के पिता को टेंडर नहीं मिला तो उन्होंने घर बुलाकर डीएम गगनदीप सिंह रंधावा से मारपीट की। नंगा करके उसकी वीडियो बनाई। पत्नी-बच्चों को गैंगस्टरों से मरवाने की धमकी दी।

राजनादंगांव में 6 मशीनें, तीन खराब, बिलासपुर में वही हाल

# रायपुर ही नहीं, बिलासपुर, भिलाई, जगदलपुर समेत पूरे छग में सीवर सफाई का सिस्टम खराब, आबादी के लिहाज से मशीनें कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर पंचायतों में ज्यादातर जगह मशीनें ही नहीं, कई जगह खराब

रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में सीवरेज की सफाई में तीन व्यक्तियों की मौत ने नई बहस छेड़ दी है। अधिकतर जिलों में आबादी के लिहाज से मशीनें नहीं हैं। रायपुर में करीब 15 लाख की आबादी में 13 सीवर सक्शन मशीन हैं। आवश्यकता होने पर कई दिन बाद उपलब्ध हो पाती हैं। ऐसा ही हाल बाकी जिलों में है। राजनांदगांव में छह मशीनें हैं जिनमें से तीन खराब हैं।

अलग खबर



## 600 करोड़ का प्रोजेक्ट अधूरा फिर भी तीन करोड़ की मशीन खरीद ली

बिलासपुर में सीवरेज का काम अधूरा होने के बावजूद नगर निगम ने सवा करोड़ रुपए की सक्शन मशीन खरीद ली है। अब यह मशीन नालियों की सफाई में काम आ रही है। इसके साथ ही अमृत मिशन योजना के बजट से नगर निगम को 4 सक्शन कम जेट मशीन मिली है। इसके जरिए पाइप में ब्लाकेज होने पर उसे हटाया जा रहा है। इसमें से दो मशीनें खराब हैं। इन मशीनों की लागत एक करोड़ 30 लाख रुपए है। हालांकि शहर की प्रमुख ज्वाली नाला और दूसरी बड़ी नालियों की सफाई में मजदूरों को भी उतार दिया जाता है। राहत की बात यह रही है कि अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना सामने नहीं आई है। निगम का दावा है कि सैप्टिक टैंक की सफाई भी मशीन से होती है।

## धमतरी के निकायों में संसाधनों की भारी कमी

धमतरी। जिले के नगरीय निकायों में संसाधनों की स्थिति चिंताजनक है। कुरूद नगर पालिका में एक फायर ब्रिगेड और एक सीवर सक्शन मशीन (वैक्यूम अपरेटस) उपलब्ध है, लेकिन बढ़ती आबादी को देखते हुए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता है। जबकि 4 लाख की आबादी और 40 वार्डों वाले धमतरी शहर में 4 सीवर सकर मशीनें हैं, जिन्हें निगम पर्याप्त बता रहा है। इसी तरह 4 फायर ब्रिगेड उपलब्ध हैं।

# नवरात्रि में ही खुलते हैं : 200 साल पुरानी मंदर माई मंदिर की अनोखी परंपरा

यशवंत साहू ▸▸ धमतरी

खास खबर

शहर के मराठापारा स्थित मंदर माई मंदिर अपनी अद्भुत और रहस्यमयी परंपरा के कारण श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां देवी-देवताओं के विग्रह पूरे वर्ष झांपी (टोकरी) में विश्राम करते हैं और केवल नवरात्र के नौ दिनों में ही दर्शन के लिए बाहर निकाले जाते हैं। यह अनोखी परंपरा करीब दो शताब्दियों से भी ज्यादा समय से सतत चली आ रही है, जो इसे जिले के अन्य मंदिरों से अलग पहचान दिलाती है। मंदिर में विराजित मंदर माई, मढ़िया देव और लंगूर देव के विग्रह की चैत्र नवरात्र की शुभ तिथि पर ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना प्रारंभ होती है।



## परंपरा में समाहित है आदिवासी आस्था

क्वांर नवरात्रि की पंचमी तिथि को चकमक पत्थर से जोत प्रज्वलित करने की परंपरा आज भी जीवंत है। विजयादशमी के बाद देव विग्रहों को पुनः विश्राम के लिए झांपी में रखा जाता है, जहां वे अगले नवरात्र तक विराजमान रहते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल दो बार ही भक्तों को दर्शन का अवसर मिलता है। मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव के अनुसार यह परंपरा लगभग 200 वर्षों से चली आ रही है और वर्तमान में चौथी पीढ़ी द्वारा विधिवत सेवा की जा रही है। यहां पूजा-पाठ, जप-तप, आरती, भोग, भंडारा और विसर्जन आदि सभी अनुष्ठान आदिवासी परंपराओं के अनुरूप संपन्न होते हैं।

## देशभर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

मंदर माई मंदिर में नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, मुंबई, ओडिशा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से भी भक्त यहां जोत जलाने और मनोकामना पूर्ण करने की आस्था लेकर आते हैं।



## इंडियन नेवी को मिलेगा माडर्न युद्धपोत तारागिरी



**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी 3 अप्रैल को नए स्टेल्थ फ्रिगेट तारागिरी को कमीशन करने जा रही है। यह समारोह विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। तारागिरी प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनने वाला चौथा उन्नत युद्धपोत है, यह 'मेक इन इंडिया' पहल और भारत के स्वदेशी शिपयार्ड की आधुनिक इंजीनियरिंग क्षमता का शानदार उदाहरण है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)

दिनांक: 16.03.2026

**ईओआई सूचना क्र.:** एनजीपी/एनएफआर/परामर्श/वाणिज्यिक स्थान/2026-01

**कार्य का दायरा:** वाणिज्यिक दोहन के लिए उपलब्ध नए स्थान की पहचान और मुद्रीकरण के लिए परामर्श सेवाओं की नियुक्ति (कियोस्क/स्टोर, स्टेशनों और प्लेटफॉर्म्स पर आरडीएन (डिजिटल/गैर-डिजिटल), मोबाइल परिसंपत्ति, भुगतान और उपयोग) और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के 15 एबीएसएस स्टेशनों पर गैर-किराया राजस्व में वृद्धि का समर्थन करने वाली कोई भी नई विचार पहल।

**परियोजना की अवधि:** 15 सप्ताह

**ईओआई बंद होने की तिथि तथा समय:** दिनाक 06.04.2026 के 15:00 बजे

**संचार के लिए पता:** किसी भी प्रश्न / विवरण और ईओआई दस्तावेज के लिए, एजेंसियां श्री अधिक यादव, मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक और श्री आर. अमित एंथोनी, ओएस / एनएफआर, नागपुर मंडल, मोबाइल नंबर 9561012768 / 9561214640 पर कार्यालय के काम ही के निर्धारित समय के दौरान संपर्क करें।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

FL/84-364

swacch bharat - keepindiaclean

आवश्यकता

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800 (रायपुर /25/मार्च 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद–विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

## शब्द पहेली - 6173



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य–5
4.प्रलय, वज्रपात–4
7.परिमाण, माप–2
8.प्लेट,तश्तरी–3
9.भीगा हुआ–2
10.वेश्या, गणिका–4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ–2
13.अपवित्र (उर्दू–3)
14.दान करने वाला–2
15.आंचल–3
17.पंख–2
19.चाहे जो भी हो –5
22.अनूठापन,विचित्रता–5
25.उम्मीद,आस–2
26.अनाशवान,अक्षय–3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म–2
29.बंदर, मर्कट–3
30.सम्मान, आदर–2
32.करामात,करिश्मा–4
34.नवीन,नव–2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म–3
37.शारीरिक ऊंचाई–2
38.भाग्य,लक–4
39.रावण,दशानन–5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या–2
2.कॉफी–3
3.तरफदारी करनेवाला–5
4.जन जाति, झुंड–3
5.वोट–2
6.बढ़ई,खाती–4
7.जो मुनासिब न हो–5
10.भाग्य (उर्दू–4)
12.प्रतिज्ञा,वचन–2
16.राजा,राजन–3
17.क्षण–2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम–2
20.रनिवास (उर्दू–3)
21.नुकसान,घाटा–2
22.रजनी, रात्रि–2
23.अनुपम,बेजोड़–4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो–5
25.आतंक फैलानेवाला–5
26.धरोहर,थाती–4
27.लक्ष्मी–2
31.निगाह,दृष्टि–3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष–3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर–2
37.टैक्स, हाथ–2

**शब्द पहेली- 6172 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| य | ह | ■ | ■ | म | ■ | य | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 6183

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# हमारी एजेंसी छोड़ने वालों के लिए अच्छा ही चाहूंगा : करण

**मुंबई।** करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई। हाल ही में एक बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।' करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है। करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा।

## लाइफ Style

# परवीर

## कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर 2 में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं।

परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधरः द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है। हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया।



## हॉलीवुड मसाला



# कैंसर के आगे नहीं मानी हार

**लॉस एंजिल्स।** अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं। 'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बताते हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला।



# वे ऑफ द ड्रैगन जैसी एक्शन फिल्मों में किया काम...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता चक नॉरिस का निधन हो गया। चक ने 86 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। चक नॉरिस ने द डेल्टा फोर्स, लोन वुल्फ मैकक्वेड, कोड ऑफ साइलेंस, ब्रूस ली के साथ 'वे ऑफ द ड्रैगन', चक की सेहत थी नाजुक जैसी कई एक्शन फिल्मों में अभिनय किया। चक नॉरिस के परिवार ने उनके निधन पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'बहुत दुख के साथ, हमारे परिवार ने प्यारे चक नॉरिस के अचानक निधन की खबर साझा की है। हम इस बात को निजी रखना चाहते हैं, लेकिन इतना जान लीजिए कि वे परिवार के साथ थे और शांति से चले गए।' 'दुनिया के लिए वे एक महान मार्शल आर्टिस्ट, अभिनेता और ताकत का प्रतीक थे। हमारे लिए वे एक बहुत अच्छे पति, प्यार करने वाले पिता और दादा, बेहतरीन भाई और हमारे परिवार का दिल थे।



# त्रिमुखी फल के बारे में बताई दिलचस्प बात

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बहुत सख्त फिटनेस रूटीन फॉलो करती हैं। वह कड़ी एक्सरसाइज और बैलेंस्ड डाइट लेती हैं। लेकिन, कभी-कभी वह अपना मनपसंद खाना खाकर मजा भी करती हैं। रविवार को अपने चीट डे पर शिल्पा ने एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। इसमें वह स्वादिष्ट समोसे खाती दिख रही हैं। इसके साथ ही अलग-अलग तरह की चटनी और जलेबी भी खाती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में मजाकिया आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें समोसे को 'त्रिमुखी फल' कहा जा रहा है। आवाज में कहा गया, 'यह फल पूरे साल मिलता है और दिन में कभी भी खाया जा सकता है। इसे खाने वाले को तीनों लोकों में सुख मिलता है।



# दिखाई वीर सावरकर की खास झलक

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' ने रविवार को रिलीज के पूरे 2 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रविवार को रणदीप ने इस फिल्म का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म ने उनकी सभी सीमाओं की परीक्षा ली। रणदीप की पत्नी लिन ने भी एक खास कमेंट कर अपनी राय पेश की है। यह वीडियो विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म के बारे में हैं। इसके साथ रणदीप ने कैप्शन में लिखा कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने अभिनय और निर्देशन दोनों किए थे। यह फिल्म उनकी हर सीमा को परखने वाली थी। उन्होंने लिखा, 'मैंने इसे जिया, इसका सामना किया और महसूस किया। यह सफर हमेशा याद रहेगा।'

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में अक्षय महानाग बन कर प्रियंका की करेंगे मदद

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में अब अक्षय कुमार नजर आएंगे। हाल ही उन्होंने एक खास सीक्वेंस शूट किया। वह 'नागिन 7' में महानाग का रोल प्ले करेंगे और नागरानी अनंता की मदद करेंगे। अक्षय 'भूत बंगला' प्रमोट करने के लिए 'नागिन 7' का हिस्सा बने हैं। एकता 'भूत बंगला' की भी प्रोड्यूसर हैं। अक्षय कुमार हाल ही 'नागिन 7' के सेट पर नजर आए, जहां साथ में राजपाल यादव, एकता कपूर, प्रियंका चाहर चौधरी और कनिका मान भी थीं। अक्षय और राजपाल यादव का 'नागिन 7' के सेट पर जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है और चर्चा में है। 'नागिन 7' और 'भूत बंगला' के इस क्रॉसओवर ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है और वो इस नए ट्रैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीवी सीरियल 'नागिन 7' में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि चंगिस्तान के लोग भारत देश को नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव साजिश रच रहे हैं। वो नागमणि के अलावा आर्यमन सूरी के उस सीक्रेट लॉकर को पाना चाहते हैं, जिसमें उसके महान वैज्ञानिक पिता ने देश की सुरक्षा से जुड़ी कुछ चीजें सहेजकर रखी थीं। आहना (नागरानी अनंता) को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है कि वह देश के दुश्मनों का मुकाबला कैसे करे और किस तरह आर्यमन को भी दुश्मनों से बचाए। वहीं, 'भूत बंगला' की बात करें, तो इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है।

## 'तारक मेहता' ने टॉप-5 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी टीआरपी की रिपोर्ट आ गई है और इस बार के शोज की लिस्ट में काफी उलट-फेर हुई है। स्टार प्लस के दो शोज तो हमेशा की तरह टॉप- 2 में बने हुए हैं। नंबर



1 पर एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और दूसरे पर राजन शाही का 'अनुपमा' बना हुआ है। हालांकि, इसके बाद के नंबर्स में बड़ी हलचल है। हालांकि, सबका चहेता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने सबको चौंकाते हुए टॉप-5 में अपनी जगह बनाई है। लंबे समय से लोकप्रिय इस सिटकॉम की दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और यह टॉप 5 में शामिल होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस अचानक हुई वृद्धि से हिंट मिलता है कि मौजूदा कहानी लोगों को पसंद आ रही है। इसकी टीआरपी 1.8 और पहुंच 2.9 है।



# तमन्ना-शनाया की रैंप वॉक का जलवा
## फैंस पर चलाया हुस्न का जादू

**मुंबई।** मुंबई में इन दिनों एक चर्चित फैशन वीक चल रहा है। कई बॉलीवुड एक्ट्रेस रैंप वॉक कर रही हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया और शनाया कपूर ने भी रैंप वॉक की। दोनों के लुक, ड्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया। तमन्ना भाटिया ने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है, वह इन दिनों बहुत फिट नजर आती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने डिजाइनर भूमिका शर्मा के लिए रैंप वॉक की। वहीं, शनाया कपूर डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के फैशन शो की शो स्टॉपर बनीं। दोनों एक्ट्रेस के लिए काफी चर्चा में रहे हैं। मुंबई के नामी फैशन वीक में तमन्ना भाटिया ने डिजाइनर भूमिका शर्मा की बनाई ड्रेस पहनकर रैंप वॉक की। उन्होंने एक गाउन पैटर्न ड्रेस पहनी थी। गहरे लाल रंग की इस ड्रेस पर सिल्वर कलर से फूलों और पत्तियों के डिजाइन बने थे, इस पर बारीक कढ़ाई भी की गई थी। इस ड्रेस के साथ उन्होंने ग्रीन कलर वाली ज्वेलरी को टीमअप किया था। इस फैशन वीक में शनाया कपूर ने भी शिरकत की है। वह डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के लिए शो स्टॉपर बनीं। शनाया कपूर ने कॉकटेल साड़ी पहनी थी। इस साड़ी पर खूबसूरत कारीगरी की गई थी। शनाया कपूर ने काफी कॉन्फिडेंस से रैंप वॉक की। तमन्ना भाटिया की जल्द ही एक फिल्म 'वन' रिलीज होगी। शनाया कपूर की बात करें तो पिछले दिनों वह एक फिल्म 'तू या मैं' नजर आईं। फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रेस्पॉन्स नहीं मिला है।

# दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए... धुरंधर 2 के सात दमदार डायलॉग, रटते ही समा जाएगी देशभक्ति

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्ट और डायलॉग्स तक की हर कोई बात कर रहा है। अब इन्हीं में से आपको सात दमदार डायलॉग बताते हैं जो हमेशा याद रहेंगे।

**बदला लेना आसान नहीं होता :** 'बदला लेना आसान नहीं होता, दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए होता है और वो ईंधन हर किसी के पास नहीं होता है।' खैर, यह डायलॉग बहुत ही जोरदार और उत्तेजक है।

**देश को संभाल लूंगा :** 'इस जन्म में फैमिली फर्स्ट यारा, अगले जन्म में देश को भी संभाल लूंगा।' यह डायलॉग एक व्यक्ति की अपने देश के प्रति मंशा और प्रेम को दिखाता है।



**हिंदुस्तानी काफिर का सर :** 'हिंदुस्तानी काफिर का सर कटकर मुशर्रफ के दस्तरख्वान पर रखा था मेजर इकबाल ने, खुदा कसम, अब एक और हिंदुस्तानी का सर कटकर मुरीदके के मीनार से लटकाऊंगा।' - यह डायलॉग निश्चित तौर पर हमें घुसपैठियों के खिलाफ चार्ज देगा।

**हम मर्द हैं जसकीरत :** 'हम मर्द हैं जसकीरत; पैदा होने से मरने तक हमारा फर्ज है लड़ना।' - यह डायलॉग हीरो को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

**इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है :** 'इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है; वफादार की थोड़ी ज्यादा।' - धुरंधर 2 का ये डायलॉग दुनिया की हकीकत बताता है।

**जिंदा रखके तड़पने में :** 'जिंदा रखके तड़पाने में जो मजा है वो मौत में कहां।' - यह डायलॉग दिखाता है कि जब एक एजेंट देश की रक्षा के लिए ड्यूटी पर होता है तो उसे दुश्मन के प्रति किस तरह क्रूर होना पड़ता है।

**अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल :** 'अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल हिंदुस्तान तय करेगा।' - यह डायलॉग दिखाता है कि खुफिया टीम की रणनीतियों की मदद से देश अब पड़ोसी राष्ट्र पर शासन करने के लिए तैयार है।

## श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का सुंदर संगम हैं ये बॉलीवुड सॉन्ग्स

# ओ शेरोंवाली... इन गानों के बिना अधूरी है नवरात्रि का उत्सव

*नई दिल्ली। नवरात्रि का समय आते ही बॉलीवुड के कई भक्ति गीत अपने आप याद आ जाते हैं। नवरात्रि के दौरान जब पूरे देश में माता रानी की भक्ति का माहौल बनता है, तब बॉलीवुड के कुछ खास भजन अपने आप हर पंडाल, मंदिर और जागरण में सुनाई देने लगते हैं। ये गाने सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का एक सुंदर संगम होते हैं।*

### ओ शेरोंवाली

फिल्म सुहाग का यह भजन नवरात्रि का खास गाना बन चुका है। इस गाने में माता रानी की शक्ति और उनके आशीर्वाद का गुणगान किया गया है। इसकी धुन इतनी जोशीली है कि यह भजन अक्सर जागरण और पंडालों में माहौल को भक्तिमय बना देता है।

### चलो बुलावा आया है

अवतार फिल्म का यह भजन माता के दरबार जाने की आस्था को बहुत खूबसूरती से दर्शाता है। 'बुलावा' शब्द ही इस गाने की जान है, जो यह भावना देता है कि जब माता रानी बुलाती हैं, तभी भक्त उनके दरबार तक पहुंचता है।



**मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया :** अक्षय कुमार, रवीना टंडन और रेखा की फिल्म 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी'का गाना 'मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया' काफी पॉपुलर है। नवरात्रि के टाइम पर किसी पंडाल में ये गाना ना चले, ऐसा हो ही नहीं सकता।

### तूने मुझे बुलाया शेरांवालिये

फिल्म आशा का यह भजन भक्त और माता के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। ये गाना नवरात्रि के टाइम पर काफी सुना जाता है।

### जय अम्बे जगदम्बे मां

फिल्म क्रांतिवीर से नाना पाटेकर और डिंपल कपाड़िया का 'जय अम्बे जगदम्बे मां' सबसे चर्चित गानों में से एक है। यह भी नवरात्रि में काफी सुना जाता है।

### दुर्गा है मेरी मां

फिल्म क्रांति का 'दुर्गा है मेरी मां' भजन लगभग सभी को याद होगा। इसके बिना नवरात्रि अधूरी सी लगती है।



## मियामी ओपन: यानिक ने दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया

# सिनर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| मियामी

यानिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले नें दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर मैच में अपनी डिलीवरी से सिर्फ आठ अंक पीछे रह गए। नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीत कर नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके पास 30वीं सीड कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था।

### 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले खिलाड़ी बनने की कोशिश

सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। सिनर के पास साउथ फ्लोरिडा में डिफेंड करने के लिए कोई एटीपी रैंकिंग पॉइंट नहीं है, जिससे उन्हें विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के साथ अपनी लड़ाई में और मोमेंटम बनाने का मौका मिल रहा है। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, इटालियन खिलाड़ी 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं।

### कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है: सिनर

*जीत के बाद सिनर ने कहा, मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए, मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।*



### ज्वेरेव ने की जीत के साथ शुरुआत

इंडियन वेल्स के सेमी-फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने मियामी ओपन में अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की है। जर्मन खिलाड़ी ने वाइल्डकार्ड मार्टिन डैम को 6-2, 6-4 से आसानी से हराकर अपना पहला मुकाबला आसानी से जीता। इस जीत ने इस दशक में एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर ज्वेरेव के शानदार रिकॉर्ड को और मजबूत किया, जिससे उनकी जीत की संख्या 103 हो गई। इसने टॉप 100 से बाहर रैंक वाले खिलाड़ियों के खिलाफ उनके दबदबे को भी बढ़ाया और हाल के सीजन में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखी। ज्वेरेव अब अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिक से भिड़ेंगे। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तीन सेट के कड़े मुकाबले में ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जीत हासिल की, और जीत के रास्ते में एक मैच अंक बचाया।

## शेवचेंको ने की जबरदस्त वापसी, पहुंचें तीसरे राउंड में

एलेक्जेंडर शेवचेंको ने जबरदस्त वापसी करते हुए अपने पसंदीदा बेन शेल्टन को नॉक आउट कर दिया, जबकि तीसरी सीड वाले ज्वेरेव रविवार को मियामी ओपन में आराम से तीसरे राउंड में पहुंच गए। शेवचेंको ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे राउंड के मैच में शेल्टन पर 6-7(3), 7-6(3), 6-3 से जीत हासिल की, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी अपने होम स्टेट फ्लोरिडा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक में एक बार फिर जल्दी बाहर हो गए। यह जीत वर्ल्ड नंबर 84 के टॉप 10 अपोनेंट पर करियर की तीसरी जीत थी और इससे उन्हें चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे राउंड में पहुंचने में मदद मिली। कजाकिस्तान का यह खिलाड़ी दूसरा सेट लगभग हार ही गया था, लेकिन टाई-ब्रेक में उसने अपना लेवल बढ़ाकर निर्णायक सेट करा दिया। फिर उसने तीसरे सेट में आक्रामक टेनिस खेला, और शेल्टन पर दबाव डालने के लिए जल्दी निर्णायक ब्रेक हासिल किया।



## खबर संक्षेप



### पीएसएल को झटका, राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे शनाका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग को एक और करारा झटका लगा जब श्रीलंका के कप्तान और हरफनमौला दासुन शनाका ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने का फैसला किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने मुस्ताफिजूर रहमान की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के लिए इस्लामाबाद युनाइटेड के साथ करार तोड़ा था। टीम के एक सूत्र ने बताया,' पीएसएल के साथ औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दासुन आईपीएल करार पर हस्ताक्षर करेंगे।

### 26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जाएगा। उन्होंने कहा,' पीएसएल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी। 'नकवी ने कहा, 'क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।



### सही दिशा में आगे बढ़ रही है पंजाब किंग्स टीम: इरफान

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि नीलामी में समझदारी भरे और साहसिक फैसले लेने के बाद पंजाब किंग्स अब ' सही दिशा में आगे बढ़ रही है', जिससे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के लिए उसका लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पठान ने कहा कि नेतृत्व में स्पष्टता और अच्छी टीम का चयन करने से पंजाब बेहतर प्रदर्शन करने लग गया है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली यह टीम पिछले साल उपविजेता रही थी।



## दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दी पटखनी, सीरीज में 2-2 की बराबरी

न्यूजीलैंड पर भारी पड़े अफ्रीकी स्पिनर्स 145 रन पर किया ढेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका के स्पिनर्स ने कमाल का खेल दिखाया, जिसका नतीजा ये रहा कि साउथ अफ्रीका ने चौथे टी20 पर कब्जा कर लिया है। अफ्रीकी टीम ने न्यूजीलैंड को 19 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज फिलहाल दो-दो की बराबरी पर है और आखिरी और 5वां टी20 25 मार्च को खेला जाएगा।



### न्यूजीलैंड की बैटिंग रही फ्लॉप

न्यूजीलैंड के लिए चौथा टी20 मुकाबला आसान हो सकता था। टीम ने अफ्रीकी टीम को 5 विकेट पर 164 रन पर रोक लिया था। न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तब 10 ओवरों में टीम ने 3 विकेट गंवा 88 रन बना लिए थे। टीम सेशन में लगातार विकेट गंवाती रही और 18.5 ओवरों में पूरी टीम 145 रन पर ढेर हो गई। मैच उस वक्त साउथ अफ्रीका के पाले में चला गया जब टीम के फेवरेट स्पिनर केशव महाराज और प्रेनेलन सुब्रयन ने मिडिल ओवरों में न्यूजीलैंड टीम पर पूरा दबाव बना दिया था।

### न्यूजीलैंड के रॉबिन्सन ने खेली शानदार पारी

न्यूजीलैंड की बैटिंग की बात करें तो टीम के ओपनर टीम रॉबिन्सन ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनके अलावा और कोई बैटर कुछ खास नहीं कर पाया। डेन क्लेवर ने 26, निक केली ने 19, कोल मैकॉन्ची ने 10 और जोश क्लार्कसन ने 10 रन बटोरे।

## आईपीएल 2026: एलएसजी के लिए बैटिंग पोजिशन में बदलाव करेंगे पंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं।



### ऋषभ का पिछले प्रदर्शन निराशाजनक

आईपीएल सूत्रों के अनुसार, 'टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे।'

### पंत के लिए आगामी सत्र महत्वपूर्ण

पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी। पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है।

## डुप्लांटिस ने चौथी बार जीता विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब

एजेंसी ▶▶| टोरुन



आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानौइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए। डुप्लांटिस ने 6.10, 6.15 और फिर 6.25 मीटर कूद लगाई। करालिस ने 6.10 और 6.15 मीटर की लंबाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 6.25 पर अपने प्रयास में चूक गए, और लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता रहे। डुप्लांटिस ने अपना पोल एक तरफ रख दिया और अपने 6.31 मीटर के उस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह स्वीडन में उनके नाम पर आयोजित मोंडो क्लासिक प्रतियोगिता में बनाया था।

## ऑस्ट्रेलिया का घरेलू इंटरनेशनल सीरीज का शेड्यूल जारी, भारत के खिलाफ पांच टेस्ट

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं।




### अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच

ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में असली परीक्षा होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का वह दौरा कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों के लिए आखरी चुनौती होगी क्योंकि उन्होंने अभी तक भारत में कभी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।'

**बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट**

## खिताब के करीब बायर्न म्यूनिख केन ने दागा शानदार गोल



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने एक बार फिर गोल किया, जिससे बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन को 4-0 से हराकर 14 वर्षों में अपना 13वां बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया। केन ने हाफ टाइम के बाद जर्मनी की इस लीग के वर्तमान सत्र में अपना 31वां गोल दागा। अभी इस लीग में सात दौर का खेल होना बाकी है और ऐसे में केन के पास रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के एक सत्र में सर्वाधिक 41 गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बायर्न की तरफ से सर्गे ग्नाब्री ने दो गोल किए और माइकल ओलिस ने भी एक गोल दागा। इस तरह से उसके इस सत्र में 97 गोल हो गए हैं और वह 1971-72 में बनाए गए 101 गोल के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। बायर्न के इस जीत से 27 मैच में 70 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से नौ अंक आगे हो गया है।

### चैंपियंस लीग : लिवरपूल और चेल्सी को बाहर होने का खतरा

**लिवरपूल।** लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल और चेल्सी के लिए प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब तो दूर की कौड़ी बनता ही जा रहा है, बल्कि उन पर अब चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है। लिवरपूल को इस सत्र में प्रीमियर लीग में 10वीं जबकि चेल्सी को 10 दिनों में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। ब्राइटन के हाथों 2-1 से मिली हार से लिवरपूल का अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। मौजूदा चैंपियन टीम पिछले तीन मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके कुछ घंटों बाद चेल्सी को एवर्टन ने 3-0 से हरा दिया। लिवरपूल लीग में पांचवें स्थान पर बना हुआ है। वह चेल्सी से एक अंक और एक स्थान आगे है। प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में रहने वाली टीम ही अगले सत्र के लिए चैंपियंस लीग में जगह बनाएंगी।

**न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3-1 की बढ़त**

# न्यूजीलैंड ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

साउथ अफ्रीका की महिला टीम को न्यूजीलैंड ने अपने घर पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में भी हराया दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने तीन विकेट चटकाए, जबकि साउथ अफ्रीका ने 159 रन का टोटल बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की धाकड़ बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिससे उनकी टीम ने आसानी से 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया है।

- साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए



### न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने लिए तीन विकेट

वेलिंगटन के मैदान में साउथ अफ्रीका की महिला टीम पहले बैटिंग करने उतरी। नंबर चार पर आने वाली एनेरी डर्कसेन ने 32 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन का टोटल खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक तीन विकेट जेस केर ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर लिए।

### सोफी ने खेली तूफानी पारी

160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 57 रन के स्कोर तक दो विकेट खो चुकी थी। तभी नंबर चार पर आने वाली सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला और कप्तान ऐमिलिया केर ने उनका साथ निभाया। ऐमिलिया केर ने 29 गेंद में चार चौके लगाकर 31 रन बनाए, जबकि सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की पारी खेली। इसके चलते न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर छह विकेट से जीत दर्ज की।




**4 दिन की बारिश के बाद अब चढ़ेगा पारा**

# मप्र में मौसम का यू-टर्न झुलसाएगी तेज गर्मी



हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश में मौसम ने पिछले 4 दिनों में जबरदस्त करवट ली है। एक तरफ आंधी-बारिश और ओलावृष्टि ने 45 जिलों को प्रभावित किया, तो अब सिस्टम हटते ही तेज गर्मी का दौर शुरू होने जा रहा है। इससे जहां फसलों को नुकसान हुआ है, वहीं आने वाले दिनों में तापमान तेजी से बढ़ने के संकेत हैं। प्रदेश में करीब 98 घंटे तक सक्रिय रहे स्ट्रॉन्ग सिस्टम ने 45 जिलों में आंधी-बारिश कराई। इनमें से 17 जिलों में ओले गिरे, जिससे जनजीवन के साथ खेती पर भी असर पड़ा।

## फसलों को भारी नुकसान, किसान परेशान

तेज हवाओं और ओलावृष्टि ने खासकर केला, पपीता और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। धार, खरगोन समेत कई जिलों में हालात ज्यादा खराब हैं। अब किसान मुआवजे की मांग उठा रहे हैं।

## 26 मार्च से फिर बदलेगा मौसम

मौसम साफ होते ही अब प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। अगले 4 दिन कहीं भी आंधी-बारिश का अलर्ट नहीं है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक 26 मार्च से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा। इससे प्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में हल्के बादल या बूंदाबांदी हो सकती है।

## फरवरी-मार्च में बदला मौसम

इस साल फरवरी में 4 बार ओले-बारिश का दौर आया। मार्च में भी अब तक 3 बार मौसम बिगड़ चुका है। इससे फसलों को पहले ही नुकसान हो चुका था, और ताजा सिस्टम ने स्थिति और खराब कर दी। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक इस साल अप्रैल और मई में भीषण गर्मी पड़ेगी। ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

**महाकौशल चेम्बर आफ कामर्स का संवाद कार्यक्रम**

# थोक बाजार विकसित करने योजना बनेगी : सांसद



जबलपुर।

जबलपुर के सांसद आशीष दुबे ने यहां कहा कि जबलपुर के सर्वांगीण विकास के लिये सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे. यहां उपलब्ध संसाधनों के सकारात्मक उपयोग से क्षेत्र का आर्थिक विकास बढ़ाया जा सकता है. समन्वित प्रयासों की पहल सार्थक होगी. श्री दुबे यहां महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री उन्होंने आगे कहा कि जबलपुर की सुचारु कनेक्टिविटी हेतु जबलपुर गोंदिया दोहरीकरण हेतु केन्द्र शासन द्वारा 6 हजार करोड़ की राशि प्रदान की गई है। चेम्बर पदाधिकारियों द्वारा शासकीय औद्योगिक क्षेत्रों के उद्योगपतियों पर नगर निगम संपत्ति लगाए जाने के विषय पर ध्यानाकर्षण कराए जाने पर सांसद ने कहा कि इस समस्या का उद्योगों के हित में उचित समाधान निकाला जाएगा।

जबलपुर में एक बड़े सामूहिक आयोजन स्थल के निर्माण हेतु मांग पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम समय की जरूरत है. उन्होंने आश्वस्त किया कि जबलपुर के थोक व्यापार हेतु प्रथक स्थल को विकसित करने की दिशा में योजना तैयार की जाएगी। महाकोशल अंचल में उपलब्ध विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का समुचित उपयोग हेतु इस क्षेत्र में पर्यटन हब बनाए जाने प्रस्ताव शीघ्र लाया जाएगा । जबलपुर से हवाई सेवा को बढ़ाने हेतु आवश्यक प्रयास किए जा रहे है । डिफेंस क्लस्टर निमार्ण के साथ ही सुरक्षा संस्थानों से क्षेत्र के औद्योगिक विकास को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता के साथ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली, संयोजन मंत्री समीर पाल , दीपक सेठी, सतीश ओसवाल, राकेश गिद्रोनिया, राजेन्द्र सिंह छाबरा, सुधीर सोनकर, विनोद पहरिया, प्रदीप विश्वारी, मनीष केशरी, अभिषेक जैन, मेवालाल छिरोल्या, अनुप अग्रवाल, नवनीत जैन आदि उपस्थित रहे।

### उद्योगपतियों की बैठक आज

शासकीय औद्योगिक क्षेत्र रिछाई एवं अधारताल में कार्यरत अधिभोगी उद्योगों पर नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर उद्योगपतियों की सम्मिलित बैठक आज सोमवार शाम 06:00 बजे महाकोशल चेम्बर सभागार में आयोजित की गई है। सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने की अपील महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, सहमंत्री गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली ने की है।




## रेल वन एपः यात्रियों के लिए एक स्मार्ट और उपयोगी डिजिटल सुविधा

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों को बेहतर, सुगम एवं आधुनिक सेवाएं प्रदान करने की दिशा में रेलवन एप एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया है। यह एप विभिन्न रेल सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराकर यात्रियों के अनुभव को और अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनाता है। रेलवन एप के माध्यम से यात्री ट्रेन संबंधी जानकारी, टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, लाइव ट्रेन स्टेटस, प्लेटफॉर्म सूचना सहित कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह एप उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ तेज और सुरक्षित सेवा प्रदान करता है। भोपाल मंडल द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि वे डिजिटल सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें और रेलवन एप डाउनलोड कर अपनी यात्रा को और अधिक आरामदायक एवं व्यवस्थित बनाएं। रेल प्रशासन निरंतर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा दे रहा है, जिससे रेल सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।

**मई-जून में होंगी 10वीं व 12वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा**

# बोर्ड परीक्षाओं में उलझा शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश

**जबलपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को इस साल मई माह में मिलने वाला ग्रीष्मावकाश नहीं मिल पाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) भोपाल ने इस दौरान 10वीं व 12वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा प्रस्तावित की हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसी दौरान निर्धारित किए हैं। ऐसे में शिक्षक इस बार मई-जून में पूरी तरह से व्यस्त रहने वाले हैं।

शिक्षक संगठनों ने इस स्थिति पर आपत्ति जताई है। दरअसल, माशिमं द्वारा 10वीं और 12वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा सात मई से आयोजित की जानी हैं। जारी समय-सारिणी के अनुसार 12वीं की परीक्षा सात मई को बायोटेक्नोलॉजी विषय से शुरू होकर 25 मई तक चलेंगी, वहीं 10वीं की परीक्षा सात मई से 19 मई तक चलेंगी। इसके अलावा 5वीं और 8वीं कक्षा की पुनः परीक्षाएं मई माह में और 9वीं-11वीं की द्वितीय वार्षिक परीक्षाएं तीन जून से 13 जून तक प्रस्तावित हैं। बता दें कि पूर्व वर्षों में शिक्षकों को एक मई से नौ जून तक करीब एक माह नौ दिन का ग्रीष्मावकाश मिलता था, लेकिन इस साल पूरे एक माह का ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। अब परीक्षा और प्रशिक्षण के चलते यह अवकाश लगभग समाप्त हो गया है।



### प्रशिक्षण व मूल्यांकन कार्यों की दोहरी जिम्मेदारी

प्रशिक्षण व मूल्यांकन में लगना होगा परीक्षाओं के बीच विभाग ने मई माह में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी निर्धारित किए हैं। ऐसे में शिक्षकों को अवकाश के दौरान भी स्कूल संबंधी कार्यों में व्यस्त रहना पड़ेगा। इसके अलावा सभी परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य में भी शिक्षकों को लगाया जाएगा। शिक्षक संगठन ने लिखा पत्र शिक्षक संगठनों का कहना है कि अवकाश अवधि में ही सभी परीक्षाएं और कार्यक्रम रखे जा रहे हैं, जिससे शिक्षकों को मानसिक और शारीरिक विश्राम का अवसर नहीं मिल पा रहा। उन्होंने निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मप्र शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डा. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने इस संबंध में शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर सभी परीक्षाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम जून में कराने की मांग की है।

## वैन की टक्कर से तीन घायल

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ईकोवैन की टक्कर से मोटर सायकल सवार तीन लोग घायल हो गये. भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पनागर बमौदा निवासी अर्जुन रैकवार सुक्कू लाल यादव और रोहित रैकवार मोटर सायकल में सेंटिंग का काम करके लौट रहे थे. रास्ते में विराट हास्पिस के पास एक ईको वैन ने टक्कर मार दी. इस हादसे में तीनों घायल हो गये, घटना के बाद चालक लम्हेटा की तरफ भाग गया. पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए), बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव खनिज सहित अन्य से मांगा जवाब**

# कसेला घाट में रेत के अवैध उत्खनन को चुनौती

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगल पीठ ने नरसिंहपुर जिले के दूधी नदी के कसेला घाट में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुये. प्रमुख सचिव खनिज व कलेक्टर नरसिंहपुर व जिला खनिज अधिकारी नरसिंहपुर को नोटिस जारी करते हुये, जवाब मांगा है. साथ ही अधिकारियों को अवैध खनन को रोकने के निर्देश भी दिए हैं। याचिकाकर्ता नरसिंहपुर निवासी कमलेश चौधरी की ओर से अधिवक्ता बृजेंद्र स्वरूप साहू ने पक्ष रखते हुये न्यायालय को बताया कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा स्थित दूधी नदी के कसेला घाट में बिना किसी वैध अनुमति या खनन लीज के भारी मशीनों (पोकलेन, जेसीबी, ट्रैक्टर व ट्रकों) का उपयोग कर खुलेआम रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही है, नदी तटों का कटाव बढ़ रहा है तथा पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों द्वारा 30 दिसंबर, 2025 को जनसुनवाई में जिला कलेक्टर, नरसिंहपुर के समक्ष विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, लिहाजा याचिका दायर की गई।

### जांच रिपोर्ट पेश करें या हाजिर हों...

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की एकलपीठ ने कटनी जिला कोषालय में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमित्ताओं सार्वजनिक धन के गबन के आरोपों की उचित जांच नहीं करने पर ने कड़ी नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये, कटनी जिला कोषालय अधिकारी को विधिवत जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। रिपोर्ट पेश नहीं करने की स्थिति में अगली सुनवाई 27 अप्रैल को जिला कोषालय अधिकारी (डीटीओ) को उपस्थित होने के निर्देश जारी किये हैं। याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी चंद्र नारायण ठाकुर की ओर से अधिवक्ता केके पांडेय ने दलील दी कि पक्ष कटनी में योजना व सांख्यकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों शिवम पटेल, मनोश सिंह, शीला पाल सहित अन्य ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। जांच रिपोर्ट में जिला कोषालय में पदस्थ राधा पुरबिया, शिवम पटेल, मनीष सिंह व शीला पाल के विरुद्ध गबन का आरोप पाया गया। इसके बावजूद उक्त आरोपितों को छोड़ दिया गया और अन्य तीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर चालान पेश कर दिया गया।

### दो संस्थानों के बीच एमओयू

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय, जबलपुर एवं बी एस एस मैनेजमेंट संस्थान, भोपाल के मध्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट, प्राइवेट एवं मल्टीनेशनल सेक्टर में गुणवत्तापूर्ण करियर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का औपचारिक हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी तथा विवेकानंद गाइडेंस सेल के संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ला की उपस्थिति रही। वहीं बी एस एस मैनेजमेंट संस्थान, भोपाल की ओर से सैम मैथ्यू ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। यह एमओयू विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट, इंडस्ट्री इंटीग्रेशन, प्लेसमेंट असिस्टेंस एवं करियर रेडीनेस को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**लोको और ट्रैफिक में लगे रेल कर्मियों को भी मिलेगा लाभ**

# रेलवे ने रनिंग स्टाफ के भत्तों की दरों में संशोधन किया

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे ने 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ते (डीए) में 50 की वृद्धि होने के बाद, अबं सभी रनिंग स्टाफ के लिए किलोमीटर भत्ता की दरों में व्यापक संशोधन किया है। इन बढ़ी हुई दरों से हजारों लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, फायरमैन, गार्ड और अन्य रनिंग स्टाफ लाभान्वित होंगें। संशोधित संरचना के तहत, लोको रनिंग स्टाफ को प्रति 100 किमी किलोमीटर भत्ता और प्रति 160 किमी एएलके निम्नानुसार प्राप्त होगा-

- लोको पायलट (मेल): रू 606 और रू 969
- लोको पायलट (पैसेंजर)/सीनियर मोटरमैन: रू 600 और रू 960
- लोको पायलट (गुड्स): रू 594 और रू 951
- सीनियर -1, सीनियर सहायक लोको पायलट: रू 447 (शंटिंग के लिए ?287) और रू 715
- सहायक लोको पायलट: रू 430 (शंटिंग के लिए रू 277) और रू 688
- सीनियर सेकंड फायरमैन: रू 430 (शंटिंग के लिए रू 277) और रू 688
- सेकंड फायरमैन: रू362 (शंटिंग के लिए रू 216) और रू579
- इसी प्रकार, ट्रैफिक रनिंग स्टाफ के लिए संशोधित दरें इस प्रकार होंगी:
- मेल/एक्सप्रेस गार्ड: रू549 और रू 878
- सीनियर पैसेंजर गार्ड रू 543 और रू 869
- सीनियर गुड्स गार्ड: रू543 और रू 869
- गुड्स गार्ड: रू537 और रू859
- सीनियर असिस्टेंट गार्ड/सीनियर ब्रेकमैन: रू320 और रू512
- असिस्टेंट गार्ड/ब्रेकमैन: रू 305 और रू 488

**शिकायतों के बाद भी नहीं किया गया सुधार**

# एकलव्य आवासीय विद्यालय अव्यवस्थाओं के शिकार!

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में एकलव्य आवासीय विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं में अब तक कोई सुधार नहीं आ पाया हैं। आवासीय विद्यालयों में रहने वाले विद्यार्थियों का आरोप हैं कि वे अब भी मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में जीने के लिए विवश हैं। ज्ञात हो कि आवासीय विद्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने 17 दिसंबर 2025 को संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था लेकिन विद्यार्थियों के आरोपों और छात्र संगठनों की शिकायतों के बावजूद अब भी आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं आ पाया हैं।




एनएसयूआई ने ज्ञापन में जिले के समस्त आवासीय विद्यालयों की जांच की मांग की थी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया था कि एकलव्य आवासीय विद्यालय, बरबटी (बरगी) में शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं व्याप्त हैं। एनएसयूआई ने ज्ञापन में आरोप लगाया था कि प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय का उद्देश्य जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं समुचित आवासीय सुविधाएँ प्रदान करना है, किंतु विद्यालय में छात्रों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। विशेष रूप से भोजन की नियमितता एवं गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं।

## मूलभूत सुविधाओं का अभाव

ज्ञापन में कहा गया कि आवासीय विद्यालय होने के कारण छात्रों के लिए भोजन, आवास एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ सर्वोच्च प्राथमिकता की श्रेणी में आती हैं, परंतु विद्यालय में न तो भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही उसकी गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जा रही है। इससे छात्रों के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका व्यक्त की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी स्मरण कराया कि पूर्व में जिले के एक अन्य आवासीय विद्यालय रामपुर में खराब भोजन के कारण कई छात्र अस्वस्थ हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। ऐसी घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एकलव्य आवासीय विद्यालय, बरबटी में समय रहते ठोस एवं प्रभावी कदम उठाना आवश्यक बताया गया।

## अब तक नहीं हुई विद्यालयों की जांच

ज्ञापन में मांग की गई थी कि जिले के समस्त आवासीय विद्यालयों की समस्त व्यवस्थाओं का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, भोजन एवं आवासीय सुविधाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध न्यायोचित अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो। हैरानी की बात यह हैं कि ज्ञापन दिए जाने के करीब 4 माह बीत जाने के बावजूद अब तक न तो कोई जांच हो पाई हैं न हीं किसी लापरवाह अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिसका खामियाजा आवासीय विद्यालयों में रह रहे विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240